लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 233, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, उत्तर भारत का नया आईटी हब बनने को तैयार लखनऊ व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 35.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 24 सूर्यास्त 07 :12

बरेली, रविवार, 13 जुलाई 2025

डिजिटल माध्यम से वैश्विक पहुंच जरूरी...10

# बरेली के प्रमुख संस्थान

समस्त शिव भक्तों व श्रद्धालुओं को पवित्र श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं
॥ जय श्री शीटानाथ महाराज की जय ॥
श्री राधे
( BSC GROUP SINCE 2019 )
BALAJI SALES CORPORATION
पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना
सोलर रूफटॉप लगवाएं आकर्षक अनुदान एवं बिजली बिल में राहत पाएं
सब्सिडी रू.1,08,000 तक
ब्याज दर 7% मात्र
सभी बैंक फाइनेंस सुविधा
बैट्रीयाँ ही बैट्रीयाँ
सोलर ही सोलर
JAKSON | UTL | TATA POWER SOLAROOF | V-GUARD | adani Solar | Eastman
Prop. Satya Prakash Patel Mob.8191898953
Jitendra Kumar Singh Mob. 9027176259
Add- 1 Tula Sherpur Mod, Sanjay Nagar Bypass Road, Bareilly - 243006
Mob. 7409191495

vedaan CARING SINCE 1765
BEING ALIVE Har Dil Har Zubaan
vedaan
VINAYAK INTERNATIONAL SCHOOL
Dr. Ameed Murad
CMD
Vedaan Group
Dr. Sabeen Ahsan
President - Being Alive Foundation
Chairperson - Vedaan Vinayak International School
136-A, Civil Lines, Circuit House Crossing Bareilly
Helpline : +91 95363 33777

RMS HOTELS & RESORTS INDIA PVT LTD
Radisson BAREILLY
Radisson BAREILLY
FIRST ★★★★★ INTERNATIONAL HOTEL
BEST VENUE FOR LUXURY OUTDOOR DESTINATION WEDDING
Radisson की गारंटी
5 स्टार में बर्थडे / शादी – आपका बजट
For more details call : + 91 0581 350 1000 / 0581 240 7000
sales@rdbareillyairport.com I www.radissonhotels.com I Follow us :
Plot No. 772, Central, Pilibhit Road, Mundia Ahmed Nagar, Uttar Pradesh - 246006. India.

STAR CHARITABLE BLOOD CENTRE BAREILLY
स्टार चैरिटेबल ब्लड सेन्टर
ब्लड कम्पोनेन्ट्स् एवं एफेरेसिस सेन्टर
License No.: BBF28C2025UP000017
विश्वसनीय और सुरक्षित रक्त पाएं
ब्लड बैंक
प्लॉट नं. 106/2, प्रथम तल, इंडियन बैंक के ऊपर, निकट बजरंग ढ़ाबा पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) 243001
ब्लड बैंक मैप के लिए स्कैन करें
0581-3533948, 7830077741
7830077742, 9045837275

GURUKUL NATIONAL ACADEMY
Committed to Excellence....
ISO 9001:2015 (Quality Management) Certified Coaching
NDA/NA | CDS/AFCAT
SSB | AGNIVEER (Army, Navy, Airforce)
RIMC | MILITARY SCHOOL
SAINIK SCHOOL
SUCCESS
Highest % Rate of Selection in Bareilly in Defence Exams
Er. Rahul Chauhan (Director)
35/E-12, Rampur Garden, Near Bank of Baroda, Bareilly
9368303275, 9412345195

ACCORD DEVELOPER
RERA APPROVED
FLOWER CITY AURA OF LUXURY LIFE
सस्ता नहीं सबसे अच्छा...
LUXURY TOWNSHIP
Create your dream home with your family
BANK LOAN AVAILABLE
ONE AND ONLY APPROVED RESIDENTIAL
VISIT US : www.up-rera.in
RERA NO.: UPRERAPRJ977146/05/2025
theaccorddevelopers@gmail.com / www.accorddeveloper.in
BOOK NOW
ON NH 730B, BISALPUR ROAD BAREILLY
9837-001-006

# युवक ने महिला अस्पताल में की खुदकुशी की कोशिश

संवाददाता, पूरनपुर

- सुरक्षा गार्ड और स्टाफ ने युवक से बमुश्किल छीनी जहर की पुड़िया
- ससुराल पक्ष के बिना बताए पत्नी और नवजात को ले जाने से आहत होकर उठाया कदम

**अमृत विचारः** पत्नी और नवजात के अस्पताल में न मिलने पर एक युवक ने महिला अस्पताल में जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इससे खलबली मच गई। स्टाफ और सुरक्षा गार्ड ने बमुश्किल उससे पुड़िया छीनी। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को कोतवाली ले गई और मामले की जानकारी ली।

कोतवाली क्षेत्र गांव भवानीगंज के एक युवक ने अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव के लिए महिला अस्पताल में शुक्रवार को भर्ती कराया। बच्चे का जन्म होने के बाद खुश हुए युवक ने अपने रिश्तेदारों को भी खुशखबरी दी। ससुराल पक्ष सहित कई रिश्तेदार उसके नवजात बच्चे को देखने पहुंचे और बधाई दी। शनिवार को युवक किसी काम के चलते अस्पताल से बाहर चल गया।

कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो पत्नी और नवजात अस्पताल में नहीं मिले। इससे युवक परेशान हो गया। ससुराल पक्ष के बिना उसे बताए दोनों के ले जाने के बारे में पता चला तो युवक हंगामा करने लगा। उसने अस्पताल में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इससे खलबली मच गई। अस्पताल में मौजूद सुरक्षा गार्ड और स्टाफ ने दौड़कर युवक के हाथ से जहर की पुड़िया छीनी। उन्होंने युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल पक्ष के बिना बताए उसकी पत्नी और बच्चे को ले जाने पर वह काफी देर तक हंगामा करता रहा। इससे काफी भीड़ अस्पताल में एकत्र हो गई।

सूचना पर पुलिस पहुंच गई और युवक से पूछताछ करते हुए कोतवाली ले गई। फार्मासिस्ट सुशांत हलधर ने बताया कि युवक अपनी बहन के घर गया था। वापस लौटने पर उसने अस्पताल के गेट पर युवक ने जहर खाने का प्रयास किया। मैंने सुरक्षा गार्ड की मदद से उसके हाथ से पुड़िया छीनी। युवक को काफी समझाया।

# गांवों में भी हाईटेक होगी शिक्षा, 113 ग्राम पंचायतों में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

## शासन ने दी मंजूरी, चार-चार लाख रुपये की लागत से तैयार होगी डिजिटल लाइब्रेरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




- विभागीय अफसर तैयारियों में जुटे
- जिले के पंचायत भवनों में बनाई जाएगी डिजिटल लाइब्रेरी

**अमृत विचारः** ग्रामीण स्तर पर भी शिक्षा को हाईटेक किया जाएगा, ताकि ग्रामीण अंचलों के युवा भी अपने सपनों को साकार कर सकें। इसके लिए जनपद की 113 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी। शासन स्तर से हरी झंडी मिलने के बाद विभागीय अधिकारियों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सभी डिजिटल लाइब्रेरी पंचायत सचिवालयों में बनाई जाएगी।

जनपद में 720 ग्राम पंचायतें है। अधिकांश ग्राम पंचायतों में पढ़ाई के बेहतर संसाधन न होने के कारण छात्र-छात्राएं और युवा पिछड़ते जा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में इस कमी को पूरा करने के लिए शासन ने पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी बनाए जाने की योजना शुरू की है। डिजिटल लाइब्रेरी होने से ग्रामीण इलाके के छात्र-छात्राओं को गांव में ही पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर संसाधन और माहौल मिल सकेगा। पूर्व में शासन के निर्देश पर जनपद की 250 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। इधर अब शासन ने जनपद के पॉच विकासखंड की 113 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने को मंजूरी दे दी है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद विभागीय अफसरों ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। विभागीय अफसरों का कहना है कि जल्द ही डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### चार-चार लाख से तैयार होगी डिजिटल लाइब्रेरी, बजट जारी

प्रथम चरण में 113 ग्राम पंचायत सचिवालयों में लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इन लाइब्रेरी में पुस्तकालय, फर्नीचर, कंप्यूटर सिस्टम, निशुल्क इंटरनेट, दो टैबलेट, शुद्ध पेयजल की सुविधा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रत्येक लाइब्रेरी के लिए शासन स्तर से लगभग 04 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। इसमें से 02 लाख रुपये से 1.30 लाख की लागत से हार्डवेयर नेटवर्किंग, कैमरे के साथ स्मार्ट एलईडी टीवी और डेस्कटॉप की खरीद की जाएगी। शेष 70 हजार रुपये फर्नीचर पर खर्च किए जाएंगे। जबकि शेष बचे 02 लाख रुपये पुस्तकों एवं डिजिटल सामग्री के लिए निर्धारित किए गए हैं।

### अमरिया और बिलसंडा ब्लॉक रहे अछूते

शासन स्तर से जनपद की 113 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने को मंजूरी दी गई है। इसमें विकासखंड अमरिया की 12 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी बनाई जाएगी, जबकि बरखेड़ा में 6, बीसलपुर में 54, मरौरी में 20 एवं पूरनपुर की 21 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी। विकासखंड अमरिया और बिलसंडा इससे अछूता रहेगा। हालांकि विभागीय अफसरों का कहना है कि दूसरे चरण में इन दोनों ब्लाकों में भी डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी।

> शासन स्तर से जनपद की 113 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का मंजूरी मिली है। जल्द ही चयनित ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का कार्य शुरू कराया जाएगा। डिजिटल लाइब्रेरी बनने से ग्रामीण अंचलों में भी शहरों की तरह ही उन्नत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। – **रोहित भारती,** जिला पंचायत राज अधिकारी

## सार-संक्षेप

### अधिकारों की रक्षा का लिया गया संकल्प



**पूरनपुर, अमृत विचार** : नगर के एक होटल में शनिवार को ओबीसी महासभा पिछड़ा वर्ग की बैठक हुई। इसमें ओबीसी वर्ग के हितों की रक्षा और समाज के विकास के लिए कमेटी का गठन किया गया। ओबीसी वर्ग के ऊपर हो रहे अत्याचार के मुद्दे पर चर्चा की गई और समाधान के लिए रणनीति तैयार की गई। इसके अलावा ओबीसी वर्ग की जनगणना और उनके अधिकारों को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में ओबीसी वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्प लिया गया। अध्यक्षता एडवोकेट दामोदर प्रसाद ने की। इस मौके पर प्रदेश सचिव संतराम विश्वकर्मा, एडवोकेट ओम शर्मा, विश्वनाथ कुशवाहा, शिवसागर वर्मा, रामेश्वर दयाल, रविंद्र सिंह यादव, अशोक कुमार, छबीनाथ वर्मा, नंदकिशोर, रामनरेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक सभागार में सोशल आडिट टीम की बैठक संपन्न



**अमरिया, अमृत विचार** : ब्लॉक सभागार में सोशल ऑडिट टीम की बैठक हुई। जिसमें 2024–25 का सोशल ऑडिट ग्राम पंचायतों में मिली कमियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। मुख्य रूप से मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास में मिली कमियों पर समस्त ग्राम सचिव, बीआरपी और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर से सीधे संवाद बनाया गया। सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक में पारदर्शिता, जवाबदेही, सहभागिता आदि को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में दो सप्ताह के अंदर सभी आपत्तियों को दूर करने संबंधित निर्देश दिए गए। जिस भी ग्राम पंचायतों में कमियां मिली, उसको पढ़कर सुनाया गया। इसे दूर करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीडीओ संजय कुमार, बीडीओ दिनेश सिंह, जिला सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार, लेखा सहायक मनरेगा ज्ञान प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### बरगदा में लगा शिविर, 10 लोगों की हुई काउंसलिंग



**बरखेड़ा, अमृत विचार** : राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शनिवार को क्षेत्र के गांव बरगदा में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मानसिक रोग विशेषज्ञ पल्लवी सक्सेना ने काउंसलिंग करते हुए व्यायाम करने पर जोर दिया। साथ ही नशा छोड़ने के उपाय भी बताए गए। मानसिक रोग विशेषज्ञ ने बताया कि क्षेत्र के गांव बरगदा में ग्राम प्रधान दयाशंकर राजपूत के आवास पर शनिवार को चौपाल लगी थी। इसमें 20 लोग उपस्थित हुए। शिविर में 10 की काउंसलिंग की गई। मानसिक बीमारी से बचने के उपाय बताए गए। नशा सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही तनाव के हानिकारक पहलू से अवगत कराते हुए तनाव से बचने के उपाय के बारे में भी बात की गई। टेली मानस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि टोल फ्री नंबर 14416 है। यह टोल फ्री नंबर 24 घंटे और सातों दिन काम करता है।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी, गिरफ्तार

**पीलीभीत,अमृत विचार** : सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में न्यूरिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। आरोपी को हिरासत में ले लिया है। न्यूरिया कस्बा निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर निवासी आलोक कुमार पुत्र बबलू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर धार्मिक आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसकी जानकारी होने पर लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी सुभाष मावी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# प्रतियोगिता की विजेता हर्ष और पीहू पुरस्कृत



**पीलीभीत, अमृत विचार** : समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में गणित दिवस के उपलक्ष में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंध निदेशिका पंकज शुक्ला ने कहा कि प्रौद्योगिकी में गणित के एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है| कंपोजिट विद्यालय नखाशा के प्रधानाध्यापक अमित शर्मा ने कहा कि आज के दिन का महत्व गणितीय खोज और कलात्मक प्रदर्शन में रचनात्मक को बढ़ावा देना है। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि आज का दिन गणित और प्रौद्योगिकी के संबंध को उजागर करता है| प्रदर्शित करता है कि कैसे डिजिटल उपकरण हमारे गणित सीखने सिखाने और उपयोग करने के तरीके को बदल रहे हैं। प्रतियोगिता में हर्ष और पीहू ने श्रेष्ठता दिखाई ।उनको पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर सुनीता पांडे, कशिश सक्सेना, हंसिका शुक्ला, ममता श्रीवास्तव, प्रीति कश्यप, कुणाल मोहित आदि मौजूद रहे।

# धर्मांतरण मामले की एसआईटी से जांच कराने की मांग

**पूरनपुर, अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के गांव नानक नगरी बेल्हा के गुरुद्वारा सिंह सभा की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष गुरदयाल सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा, जिसमें कहा कि गत वर्ष उन्होंने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक से मिलकर गांव बेल्हा, बमनपुर भागीरथ, सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज आदि गांव के भोले वाले लोगों को लालच में फंसा कर धर्मांतरण कराने के बारे में जानकारी दी थी। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। गांव नानक नगरी बेल्हा में अवैध चर्च का निर्माण किया गया था। सूचना पर अधिकारियों ने चर्च के निर्माण के काम रुकवा दिया, लेकिन कार्रवाई नहीं की। आरोप है प्रशासन बॉर्डर क्षेत्र में चल रहे धर्मांतरण के मामले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में परिणाम घातक होंगे। गुरदयाल सिंह ने स्थाई प्रशासन के इस मामले में रुचि न लेने पर मामले की जांच एसआईटी से कराने की मांग की है।

# पॉक्सो सत्र में बताया गुड और बैड टच का अंतर



गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में हुए कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में पांच दिवसीय पॉक्सो सत्र की शुरुआत की गई। छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट का मुख्य उद्देश्य बताया गया। इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कहा कि ये एक्ट 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन उत्पीड़न और यौन शोषण से बचाने केलिए बनाया गया है।

विद्यालय प्रबंधन ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर अवेयरिंग प्राइडियन नाम की एक टीम गठित की, जिसमें वैष्णवी मिश्रा, अनामिका, अराध्या ओझा, ज्योति, मिनहाज, अक्क्ष, पूजा सिंह, जानवी, पारवी लोधी, सताकक्षी देशवार, प्रियांशी सिंह, तनिष्का, प्रियांशी चंद, वंशिका, स्पर्श गुप्ता शामिल रहे। गठित टीम का मार्गदर्शन विद्यालय के शिक्षक ऋतिक सिंह और शिक्षिका किंजा खान ने किया। गठित टीम ने विद्यालय की तीनों शाखाओं में जाकर पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित समस्त जानकारी दी। गुड टच एवं बैड टच में अंतर समझाया।

# काकोरी ट्रेन एक्शन विषय पर दिखाई लघु फिल्म

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में शनिवार को हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचारः** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में शनिवार को काकोरी ट्रेन एक्शन विषय पर आधारित लघु फिल्म को छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों को दिखाया गया। फिल्म के प्रसारण से पहले कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम और क्रान्तिकारी आन्दोलन दोनों ही भारतीय स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष के महत्वपूर्ण अंग थे।

प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार स्वाधीनता संग्राम के इतिहास के एक अहम अध्याय के एक शताब्दी पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष के रूप में सम्पूर्ण वर्ष मनाने की घोषणा की गई है। यह एक साहसिक घटना थी, जिसके द्वारा भारतीय क्रान्तिकारी युवाओं ने ब्रिटिश सरकार और उसके शासन की नींव हिला दी थी। इस मौके पर पिंकी, माधुरी, हर्षित, नैन्सी, अंजलि, शिखा, शिवम, सागर, कशिश, सदफ, नीतू, डॉ. अतुल कुमार, डॉ.कृष्णा शर्मा, अंग्रेज कौर, संगीता गंगवार, महक तब्बसुम, कविशा कनौजिया, सोनिया सिंगला, कुसुम लता आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता समेत तीन से मारपीट, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम बिठौरा निवासी शकुंतला पत्नी लीलाधर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति शराब पीता है।

आरोप है कि 9 जुलाई को रात 11 बजे उसके पति ने शराब के नशे में गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। जब उसकी बहन खुशबू और मां दुलारी देवी निवासी अधकटा बरखेड़ा ने उसको बचाने का प्रयास किया तो उसका देवर भी पति के साथ उनके साथ मारपीट करने लगा। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर पौधरोपण का दिया संदेश, डीएफओ ने किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




शहर में जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

- चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन जनपद में रोपेगा 1000 पौधे

**अमृत विचारः** चिल्ड्रन इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में स्कूली बच्चों ने शहर में जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल बच्चों ने लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ ने स्कूली बच्चों से एक पेड़ मां के नाम से लगाने को प्रेरित किया।

चिल्ड्रन इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया (सीआईओ) की ओर से मिट्टी में हाथ, दिल वतन के साथ मुहिम शुरू की गई है। मुहिम के अंतर्गत पूरे देश मे 10 लाख पेड़ लगाने एवं पीलीभीत में 1000 पेड़ लगाने एवं उसका संरक्षण किया जाना है। इसी क्रम में शहर स्थित फलाह ए आम इस्लामिक स्कूल के बच्चों ने लोगों को इस मुहिम से जुड़ने एवं पौधरोपण के प्रति जागरूक करने के लिए जागरुकता रैली निकाली। रैली को वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली रवाना करने से पूर्व उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है।

उन्होंने चिल्ड्रन इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया की इस मुहिम की सराहना करते हुए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत सभी बच्चों से घरों में मां के नाम से एक पेड़ अवश्य लगाने की अपील की। रैली में शामिल बच्चे सांस हो रही कम-आओ पेड़ लगायें हम आदि स्लोगन लिखी पट्टिकाएं हाथों में लिए चल रहे थे। रैली में रुक़य्या फात्मा, सीआईओ की प्रतिनिधि उरूसा फात्मा, असना शम्सी, फाइका शम्सी, जमजम, नामीरा, तैयबा अली, हसन, गानिया, दनिया, फैजा बी समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल रहे।

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education • Best Placement In the Region • High-Tech Academic Infrastructure • Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC | 4.5 LPA Average CTC | 92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGlians Placed in Top MNC's | 2000+ Placement Offers | 550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

AIMA Group of Institutions
Bring Out the Best in you
ADMISSION OPEN 2025-26
COURSE OFFERED
BAMS | B.Sc. Nur. | B.Tech. | B.Pharma | GNM | M.Tech. | D. Pharma | Polytechnic | M.B.A. | B.B.A. | B.C.A.
CALL US: 8937002800/8937002805
Campus : 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. | B.Sc. | B.Com. | B.Sc. (Home Science) | B.B.A. | B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. | M.Sc. | M.Sc. (Home Science) | M.A. (Home Science) | M.A. (Drawing & Painting) | D.PHARMA BTE CODE 2143 | B.Ed. | BTC D.El.Ed. | B.EL.ED
डी.एस.आर. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No : 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777, 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार, Mob No : 9412287777

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# स्नान कर रही युवती की बनाई वीडियो अब लंगड़ाते दिखे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के गांधी स्टेडियम मार्ग स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती मां की तीमारदारी करने आई युवती शुक्रवार को अस्पताल में बने शौचालय में नहा रही थी। तभी पास के बाथरूम में घुसे फूड डिलीवरी कंपनी में काम करने वाला शादाब नाम का युवक बाथरूम की दीवार पर चढ़कर युवती का वीडियो बनाने लगा।

युवती को जैसे ही इसका आभास हुआ, उसने शोर मचाया। युवती की चीख-पुकार सुनकर अस्पताल में मौजूद लोग मौके पर दौड़े और शादाब को रंगे हाथ पकड़ लिया। थोड़ी ही देर में अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंच गए। लोगों ने आरोपी को जमकर फटकार लगाई और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शादाब के खिलाफ छेड़छाड़ और अश्लील वीडियो बनाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की। शनिवार को जब उसे कोतवाली से चालान कर कोर्ट भेजा गया तो वह लंगड़ाता हुआ दिखाई दिया। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# सावन... व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने में जुटे जिम्मेदार

## पहले सोमवार के मद्देनजर कांवड़ियों के रूट पर भरवाए जा रहे पालिकाध्यक्ष ने भ्रमण कर परखे हालात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** सावन माह की शुरुआत हो चुकी है। एक तरफ शिव भक्त भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ यात्रा पर रवाना हो रहे हैं, जोकि सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे। इधर, पहले सोमवार को लेकर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के लिए जिम्मेदारों ने खुद कमान संभाली है। पुलिस प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है, वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी हालात परखे। कावंड़ियों के रूट पर सड़कों पर विशेष सफाई अभियान चलेगा। गड्ढे भी भरवा दिए गए हैं। टीमें बनाकर कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

सावन माह के पहले सोमवार को शहर के प्राचीन गौरीशंकर मंदिर समेत अन्य शिवालयों में 500 से अधिक कांवड़ पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। कावंड़ियों के जत्थे लगातार जल लाने के लिए बदायूं के कछला घाट और हरिद्वार के लिए रवाना हो रहे हैं। शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ेगी, जिसके लिए पुलिस प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। एक दिन पूर्व ही अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने भी कांवड़ियों पर ड्रोन से पुष्प वर्षा कराने के लिए निर्देशित किया है, जिसकी तैयारियां कराई जा रही है।

इधर, नगर पालिका की ओर से भी सड़कों पर व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए काम कराया जा रहा है। कावंड़ियों के रूट पर कई जगह मार्ग पर गड्ढे और सड़क उखड़ गई थी। जिसको नगर पालिका के स्तर से ठीक कराया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कछला और हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों के शहर में प्रवेश होने से मंदिरों तक जाने वाले प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। जिन स्थानों पर कूड़ा डलता है, वहां विशेष सफाई रखने के निर्देश दिए हैं। ईओ को प्रतिदिन डंपिंग प्वाइंट और कूड़ा डाले जाने वाले स्थानों की मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक सोमवार से पहले रविवार रात कांवड़ियों के रूट पर झाड़ू लगवाने के साथ ही कूड़ा उठाने और चूना डालने के लिए टीमें बनाकर जिम्मेदारी दे दी गई है। इसके अलावा खराब स्ट्रीट लाइटों को भी बदलवाया जा रहा है। पूरे सावन माह किसी तरह की लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मंदिरों के आसपास प्रतिदिन झाड़ू लगाकर कूड़ा उठाने की व्यवस्था की जाएगी।



कांवड़ियों के रूट का भ्रमण करती नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल।

### शिवालयों के पास रखवाए जाएंगे पानी के टैंकर

सावन माह में कांवड़ यात्री शहर के नौगवां चौराहा और ईदगाह चौराहा से होते हुए शहर में प्रवेश करते हैं। कुछ कांवड़ियों के जत्थे दूधिया नाथ मंदिर से लेखराज चौराहा होते हुए बरेली गेट चौराहा की तरफ पहुंचते हैं। जबकि कई कांवड़ियों के जत्थे टाइगर तिराहा से एकता सरोवर, जाटे चौराहा होते हुए बरेली गेट चौराहा से सुनहरी मस्जिद चौराहा, चौक बाजार, नई तहसील होते हुए गौरीशंकर मंदिर तक जाते हैं। रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित अर्धनारीश्वर मंदिर पर भी जल चढ़ाने कांवड़िया पहुंचते हैं। इस बीच रास्ते में जहां-जहां डंपिंग पॉइंट बने हुए हैं, वहां सुबह जल्दी कूड़ा उठाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद दिन में भी लगातार सफाई नायक मौके पर रहकर मॉनिटरिंग करेंगे। सफाई निरीक्षक इन मार्गों पर लगातार निरीक्षण करते रहेंगे। इसके साथ ही प्रमुख शिवालयों के पास पालिका की ओर से पानी के टैंकर भी रखवाए जाएंगे।

### मंडी समिति में रुकेंगे कांवड़िया, छुट्टा पशुओं की भरमार

पुलिस प्रशासन के साथ ही जनप्रतिनिधियों की ओर से कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए इंतजाम दुरुस्त कराए जा रहे हैं। सड़कों के गड्ढे भरे जा रहे हैं। बिजली के पोल पर टीमें पन्नी लगा रही हैं। इन सब तैयारियों के बीच कांवड़ियों के रूट पर छुट्टा पशुओं की भरमार है। इसका समाधान अभी होता नहीं दिख रहा है। बता दें कि मंडी समिति परिसर में भी रविवार से ही कांवड़ियों की आवाजाही शुरू हो जाती है। वह वहीं पर रात्रि विश्राम भी करते हैं। दूसरे दिन सोमवार सुबह से जलाभिषेक के लिए शिवालय की ओर बढ़ते हैं। मौजूदा हालात पर बात करें तो मंडी समिति परिसर में हर तरफ छुट्टा पशुओं के झुंड घूम रहे हैं। मंडी के बाहर नौगवां चौराहा की तरफ समेत अन्य कांवड़ियों के मार्ग पर भी छुट्टा पशुओं की भरमार है। जिनको अभी तक पकड़वाकर गोशाला नहीं भिजवाया जा सका है। छुट्टा पशुओं की समस्या आ सकती है। इसे लेकर कुछ कांवड़ियों ने भी पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की है।



# ठेकेदार को ईपीएफ कटौती के दिए निर्देश

- डीएम ने जहानाबाद नगर पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण
- अमरिया में तहसील परिसर का भी लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** डीएम ने नगर पंचायत जहानाबाद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। संविदा कर्मियों द्वारा ईपीएफ कटौती न किए जाने की शिकायत पर ठेकेदार को ईपीएफ कटौती करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जहानाबाद में नवनिर्मित गेस्टहाउस समेत अमरिया में तहसील भवन निर्माण का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह शनिवार को थाना समाधान दिवस में पहुंचे थे। समाधान थाना दिवस में शिकायत सुनने के बाद उन्होंने नगर पंचायत जहानाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था परखी। कूड़ा उठान करने वालों वाहनों के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान नगर पंचायत के संविदा कर्मियों ने बताया कि उन सभी की ईपीएफ कटौती नहीं की जा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने नगर पंचायत के ठेकेदार को संविदा कर्मियों की ईपीएफ कटौती करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कूड़ा डालने के लिए जगह उपलब्ध कराने और रोड के किनारे पौधरोपण करने के भी निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने नवनिर्मित गेस्ट हाउस का निरीक्षण करने के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



अमरिया में तहसील परिसर के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

डीएम ने अमरिया में तहसील भवन निर्माण के संबंध में तहसील परिसर का निरीक्षण किया और एसडीएम को कार्यदायी संस्था से संपर्क कर तहसील भवन निर्माण का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। तहसील परिसर का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत अमरिया से सितारगंज मार्ग एवं मझोला मार्ग का निरीक्षण करने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, एसडीएम अमरिया मयंक गोस्वामी, सीओ जहानाबाद विधिभूषण सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम-एएसपी ने की पैदल गश्त, परखे इंतजाम



न्यूरिया क्षेत्र में पैदल गश्त करते डीएम, एएसपी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** सावन माह और कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कस्बा मझोला और न्यूरिया में डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह, एएसपी विक्रम दहिया ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। क्षेत्र में की जा रही सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सफाई व्यवस्था आदि को परखा।

व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई और मौके पर उपस्थित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने, यातायात सुगम बनाए रखने और संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

# दिनभर जांच की चर्चाएं दोपहर बाद हुई सुलह

- निजी अस्पताल में मरीज की मौत का मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** निजी अस्पताल में मरीज की मौत के मामले में दिनभर चली जांच की चर्चाओं के बीच दोपहर बाद नया मोड़ आया। बताते हैं कि दोनों पक्ष आपस में बैठे और सुलह हो गई।

पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम चांट फिरोजपुर के निवासी विष्णु पुत्र प्रेमराज 4 जुलाई को हादसे में घायल हो गए थे। इसके बाद परिवार ने उन्हें सुनगढ़ी क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बीते दिनों मरीज की मौत हो गई। आरोप था कि मृत को जिंदा बताकर रुपये लिए जाते रहे। इसकी सीएमओ के निर्देश पर तीन चिकित्सकों की टीम जांच कर रही है, जबकि निजी अस्पताल के चिकित्सक का कहना था कि अस्पताल से रेफर किए जाने के दौरान मरीज जिंदा था। शनिवार को टीम द्वारा जांच की शुरुआत की गई। बताते हैं कि चिकित्सक के बयान भी हुए। वहीं दोपहर बाद दोनों पक्षों में वार्ता के बाद सुलह हो जाने की बात कही जा रही है।

# दुष्कर्म पीड़िता से मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचारः** एसपी के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने क्षेत्र की एक महिला की ओर से सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की, जिसमें पीड़िता ने बताया कि 20 जून 2022 की शाम साढ़े चार बजे थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम शिवपुरिया निवासी नूर पुत्र मुन्ने उसके घर पर आया। आरोपी बाइक पर बैठाकर उसको अपने घर ले गया। उसके घर पर बहनोई अहमद नगर पूरनपुर निवासी शकील भी था। आरोपियों ने पीड़िता से दुष्कर्म किया। इसकी रिपोर्ट सुनगढ़ी थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी। जिसपर उसने कोर्ट में आपत्ति दाखिल कर दी। आपत्ति की जानकारी होने पर नूर हसन, शाबीन, मुस्कान, सकील, इदरीशन ने 14 मार्च को मारपीट की। मुकदमा वापस न करने पर जान से मारने की धमकी दी।

# कोतवाली में हुई पीस कमेटी बैठक ग्राम प्रधानों से मांगा सहयोग

- सावन माह को सकुशल संपन्न कराने को लेकर हुई चर्चा

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** सावन माह को सकुशल संपन्न कराने के लिए कोतवाली परिसर में पीस कमेटी बैठक हुई। जिसमें ग्राम प्रधानों से सहयोग की अपील की गई।

एसडीएम नागेंद्र पांडे ने कहा कि रविवार की शाम से कछला से गंगाजल भरकर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक करने वाले कांवड़ियों की आवाजाही शुरू होगी। प्रधानों से कहा कि अगर उनके गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर कोई गड्ढा है, तो उसमें मिट्टी डलवाकर समतल करा दें।


इसके अलावा मार्ग पर अंधेरा न रहे। कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सहयोग करें। कोई भी कांवड़िया किसी कारणवश यदि चोटिल हो जाता है तो संबंधित गांव के प्रधान इस मामले की तत्काल सूचना सीयूजी नंबर पर दें, जिससे समय रहते मदद की जा सके। जो भी जत्था कांवड़ लेने के लिए जाए। उसके सभी सदस्य अपनी आईडी जरूर साथ लेकर जाएं। ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारी शनिवार, रविवार और सोमवार को ड्यूटी पर तैनात रहे। सड़क पर कोई भी गोवंश न घूमें। यदि सड़क पर गोवंश आता है, तो उसे मार्ग से नीचे उतार दें।



बीसलपुर कोतवाली में पीस कमेटी बैठक लेते एसडीएम सीओ। ● अमृत विचार

सीओ प्रगति चौहान ने कहा कि गांव में शिवालय है और उसमें कांवड़िये जलाभिषेक करने पहुंचते हैं तो प्रधान का दायित्व बनता है कि वह उस मंदिर के चारों ओर साफ सफाई कराएं। मंदिर के चारों रोशनी का भी प्रबंध करें। इस मौके पर कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला, ग्राम प्रधान हरेंद्र वीर, हरि ओम गंगवार, मुकेश गुप्ता, हरि पाल गंगवार ,धर्मेंद्र कुमार, नसीम खान, राशिद खान, सभासद नरेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# शिक्षित बनकर देश का रोशन करें नामः डॉ. आस्था

- मेधावियों को मिला सम्मान, कई किए गए पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** सुमन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा एवं छात्र युवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके विजेताओं का सम्मान समारोह शनिवार को एक बरात घर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

शहर के एक बरात घर में हुए कार्यक्रम में प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई। रामसेवक वर्मा ने प्रथम, केशव कुमार द्वितीय और अभिषेक राजपूत तृतीय स्थान पर रहे। सुशीला को चतुर्थ, वफिया शम्शी को पंचम और फरीया खान को छठा स्थान मिला। विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. आस्था अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के अध्यक्ष संजीव वर्मा, विकास श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके कराई। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि समस्या आने पर घबराएं नहीं, बल्कि समाधान का प्रयास करें। पढ़ो, लिखो और देश का नाम रोशन करो। इस वर्ष कक्षा 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक सौरभ सक्सेना, सुरभि सक्सेना, राजन सक्सेना, अमिताभ बिहारी वर्मा, विनय सक्सेना, संजय सक्सेना, विपिन सक्सेना आदि मौजूद रहे। संचालन विनय सक्सेना ने किया।



पुरस्कृत किए गए मेधावियों संग नगर पालिकाध्यक्ष व आयोजक। ● अमृत विचार

# दरोगा के खिलाफ प्रदर्शन, निलंबन के आश्वासन पर माने

## करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में मंडी समिति में जमा हुए थे कार्यकर्ता, दरोगा से लगातार मिल रही धमकियों पर खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** श्रीराजपूत करणी सेना ने दरोगा के खिलाफ मोर्चा खोला। प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में मंडी समिति परिसर में कार्यकर्ता जमा हुए और कलेक्ट्रेट के लिए कूच की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान जमकर नोकझोंक हुई। दरोगा द्वारा संगठन के जिलाध्यक्ष को लगातार दी जा रही धमकियों को लेकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। एसडीएम सीओ सिटी ने पहुंचकर वार्ता की। फिर दरोगा के निलंबन का आश्वासन मिलने के बाद मामला शांत हो सका। जल्द ही दरोगा पर कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई।

बता दें कि बीते दिनों श्रीराजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह की कार की टक्कर दरोगा की गाड़ी से हो गई थी। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस मामले में दरोगा की ओर से करणी सेना जिलाध्यक्ष पर कार्रवाई कर दी गई थी। मगर, आरोप है कि इसके बाद पुलिस द्वारा करणी सेना जिलाध्यक्ष को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि एक दरोगा ने उनके घर जाकर एनकाउंटर करने तक की धमकी दे डाली थी। जिसकी शिकायतें की गई लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। इसे लेकर आईजीआरएस भी की गई। वहीं, संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों ने भी संपर्क किया, लेकिन आरोप है कि दरोगा मनमानी पर उतारू रहे। इसी उत्पीड़न के खिलाफ शनिवार को श्रीराजपूत करणी सेना की ओर से संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर ली गई थी।

प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू की अगुवाई में तमाम कार्यकर्ता मंडी समिति परिसर में जमा हुए। यहां से पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस के रुप में कलेक्ट्रेट कूच करने की तैयारी की। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जमा हुए थे और आक्रोशित थे। हालांकि प्रदर्शन के ऐलान को लेकर पहले से ही मंडी परिसर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। जिलाध्यक्ष की आढ़त से कुछ आगे बढ़ते ही इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय, कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर कार्यकर्ताओं को रोक लिया। इस दौरान जमकर बहस हुई, जिसके बाद कार्यकर्ता डीएम-एसपी को ज्ञापन देने की मांग पर अड़ गए। फिर एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी मौके पर पहुंच गए। उनसे प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी मांगों को रखा और दरोगा के रवैये पर नाराजगी जताई। काफी बहस के बाद अंत में सीओ ने दरोगा पर निलंबन की कार्रवाई कराने का आश्वासन देकर कार्यकर्ताओं को शांत कराया।

### दुकान पर लगा फ्लैक्स फाड़ने पर भड़का आक्रोश

सुनगढ़ी थाने में तैनात एक दरोगा पर करणी सेना के जिलाध्यक्ष का एनकाउंटर करने व धमकाने का आरोप लग रहा था। इसी दौरान जिलाध्यक्ष की दुकान के बाहर लगे फ्लैक्स को भी आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने फाड़ दिया, जिसमें महापुरुषों की तस्वीरें भी थीं। ऐसे में महापुरुषों का अपमान करने की बात कहते हुए प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई, जिसके बाद सीओ ने उन्हें समझा-बुझाकर आश्वस्त किया।



मंडी समिति में करणी सेना पदाधिकारियों से वार्ता करते एसडीएम सीओ।




करणी सेना जिलाध्यक्ष की दुकान के बाहर फाड़ा गया फ्लैक्स।



दरोगा को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर सीओ से होती नोकझोंक। ● अमृत विचार

### दरोगा को मौके पर बुलाओ, एफआईआर कराओ

करणी सेना के विरोध प्रदर्शन के दौरान दरोगा पर जो आरोप लगाए जा रहे थे, उसे लेकर जब सवाल दागे गए तो जिम्मेदारों के पास कोई जवाब नहीं था। वह सिर्फ जांच शुरू होने की जानकारी देते हुए जल्द कार्रवाई कराने की बात कहकर मनाने का प्रयास करते रहे। एक दरोगा द्वारा जिलाध्यक्ष के रिश्तेदार को जूता मारने पर भी आक्रोश दिखा। इसी दौरान दरोगा को मौके पर बुलाने और उस पर करणी सेना जिलाध्यक्ष की ओर से एफआईआर कराने की मांग रख दी गई। जिसके बाद अफसरों ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देकर जैसे-तैसे शांत कराया। प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष की सुरक्षा को लेकर मुद्दा रखा, जिस पर मंडी समिति में दुकान के पास दो सिपाहियों की ड्यूटी लगाने की बात कही गई। साथ ही जिलाध्यक्ष पर दर्ज किए गए मुदकमे को फर्जी बताते हुए निरस्त कराने की मांग की। ये भी चेतावनी दी गई कि मांगों को पूरा न किया गया तो प्रदेश भर में आंदोलन किया जाएगा। अफसरों ने ये भी आश्वासन दिया कि नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गाड़ी भी सही कराकर वापस कराई जाएगी।




## जानवर बांधने को लेकर महिला की कर दी पिटाई

**बीसलपुर, अमृत विचार :** घर के सामने की तरफ जानवर बांधने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने महिला की पिटाई कर दी। बांके से वार करके लहूलुहान कर दिया गया। कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के ग्राम किशनी निवासी नन्हेंलाल की पत्नी बिशना देवी ने बताया कि उसके पड़ोस का मुन्ना लाल, उसका पुत्र अमित कुमार, डालचंद, उसकी पत्नी गंगा देवी लंबे समय से उसके निकास में अपने जानवर बांधते हैं। कई बार इसके लिए मना किया जा चुका है। जानवर मकान के निकास में ही गंदगी कर देते हैं। 1 जुलाई को जब वह बाहर जा रही थी। इसी दौरान जानवरों ने पूछ से उसके कपड़े खराब कर दिए। जब इसकी शिकायत करने गई तो आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। अमित कुमार, मुन्ना लाल, डालचंद और गंगादेई बांका लाठी डंडे लेकर आ गए और पिटाई की। सिर पर बांके से वार करके घायल कर दिया। आसपास के लोगों के जम होने पर धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## एक नजर

### ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** सिविल कोर्ट से तहसील की तरफ जा रहे बाइक सवार अधिवक्ता विपिन कुमार गौतम और अनिल सागर को ईदगाह चौराहा के आगे निगोही की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी थी। जिसमें दोनों घायल हो गए थे। आरोप है कि चालक ने गाली गलौज भी की थी। इस मामले में पुलिस ने अब ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### नकदी उड़ाने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम अमृता खास चौराहे पर बीसी प्वाइंट चलाने वाली महिला के काउंटर से 15 हजार रुपये उड़ाने वाले बाइक सवारों पर कानूनी कार्रवाई की गई है। ग्राम अमृता खास निवासी हरीश कुमार की पत्नी रिंकी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ जुलाई को दोपहर डेढ़ बजे वह बीसी काउंटर पर थी। इस बीच बाइक सवार तीन युवक आए और रुपये निकालने को लेकर वार्ता की। इसके बाद पंद्रह हजार रुपये काउंटर पर रख दिए। जिसे आरोपी उठाकर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला को लगा करंट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम सितारगंज नवदिया की निवासी राजेश कुमार की पत्नी जावित्री देवी शनिवार सुबह घर में लगे बिजली के तार को ठीक कर रही थीं। इसी दौरान उन्हें करंट लगा। चीख सुनकर परिजन पहुंचे और बचाया। घायल को सीएचसी ले जाया गया। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं, ग्राम दौलतपुर हीरा निवासी मैंकूलाल का पुत्र योगेंद्र कुमार काम से बीसलपुर जा रहे थे। ग्राम उगनपुर मरौरी के पास पहुंचते ही बाइक स्लिप हो गई, जिसमें वह घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया।

### जेठ ने की दुष्कर्म की कोशिश तहरीर दी

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता ने शनिवार को कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें बताया कि दो वर्ष पूर्व गांव के ही युवक से उसकी शादी हुई थी। शादी में परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया। उसके बाद भी सुसराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। आरोप है जेठ आए दिन अश्लील हरकतें करता है। छह जुलाई को सास और पति ने जबरन विवाहिता को जेठ के कमरे में बंद कर दिया। जेठ ने दुष्कर्म करने की कोशिश की। किसी तरह वह कमरे से बाहर निकल सकी। विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पिता-पुत्र पर किया हमला

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव खमरिया पंडरी की रहने वाली शबनम पत्नी इरफान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 जुलाई को गांव का उवैश पुत्र बाबू शाह उसके पुत्र से गाली गलौज करने लगा उसके पति व पुत्र शाहरोज ने जब विरोध किया तो आरोपी ने अपने परिवार की मुन्नी बेगम पत्नी बाबूशाह, जुबैद, जैनव,फिजा, महविश को बुलाकर हमला कर दिया। लोहे की रॉड से वार करके घायल कर दिया। भागकर पति और पुत्र ने जान बचाई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## विवेचक पर महिला ने लगाया साठगांठ करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीआईजी के आदेश पर दोबारा दर्ज की गई रिपोर्ट
- थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के राजीव कॉलोनी की निवासी है महिला

**अमृत विचार :** महिला ने दर्ज कराए मुकदमे में थाना सुनगढ़ी के दरोगा पर आरोपियों से साठगांठ करके नाम निकलवा देने का आरोप लगाया है। महिला ने डीआईजी से शिकायत की। आरोपियों पर धमकाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। डीआईजी के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के राजीव कॉलोनी निवासी रूबी पुत्री ओमकार की ओर से दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ इसी साल पंकज श्रीवास्तव, जगदीश, सरिता देवी, सुमित, रवि, काजल, सुरवाला और पिंकी पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें विवेचक राहुल शर्मा ने साठगांठ करके काजल, सुरवाला और रवि का नाम मुकदमे से निकाल दिया। तब से उक्त आरोपी ने उसे रंजिश मान रहे हैं। 21 जून 2025 को उसके मोबाइल पर फोन और मैसेज करके जान से मारने की धमकी दी। उसको आत्महत्या के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आरोपियों ने उसका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## करंट लगने से दिव्यांग महिला की मौत जिम्मेदार एक-दूसरे पर फोड़ रहे ठीकरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पालिका और पावर कॉरपोरेशन एक-दूसरे के संसाधनों से करंट लगने की कहते रहे बात

**अमृत विचारः** टनकपुर हाईवे पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जन सहयोग कार्यालय के बाहर की तरफ ट्राईसाइकिल पर पान मसाला बेचने वाली दिव्यांग महिला की करंट लगने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद नगर पालिका और पॉवर कॉरपोरेशन एक दूसरे पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ता नजर आया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी की रहने वाली 50 वर्षीय शांति देवी पत्नी बुद्धसेन दिव्यांग थी। वह टनकपुर हाईवे पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जन सहयोग कार्यालय के बाहर ट्राई साइकिल पर पान मसाला बेचकर परिवार का गुजर बसर करती थीं। रोज की तरह शनिवार शाम करीब चार बजे वह टाई साइकिल पर थीं। इस दौरान करंट महिला को करंट लगा। महिला को आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई।

करंट लगने को लेकर पावर कॉरपोरेशन और नगर पालिका एक दूसरे की लापरवाही को वजह बताते रहे। राज्यमंत्री के जन सहयोग कार्यालय के बाहर का हादसा था, ऐसे में पुलिस प्रशासनिक अमला भी गंभीर दिखा। कुछ ही देर में प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जानकारी की।

### स्ट्रीट लाइट का तार या फिर ट्रांसफार्मर से निकला करंट

इस हादसे के बाद महिला को करंट किस चीज से लगा, इसे लेकर नगर पालिका और पॉवर कॉरपोरेशन एक दूसरे को वजह बताते रहे। पावर कॉरपोरेशन के जिम्मेदारों का कहना था कि नगर पालिका की ओर से लगाई गई स्ट्रीट लाइट के लटकते तारों से हादसा हुआ है। वहीं, नगर पालिका के जिम्मेदारों का कहना था कि नजदीक में ही रखे ट्रांसफार्मर से करंट आ रहा था, जिससे हादसा हुआ है।

**सपा जिलाध्यक्ष ने की एफआईआर की मांगः** पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने लिखा कि नगर पालिका के जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

## पुत्रवधू के बाद राइस मिलर के पुत्र ने भी दम तोड़ा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** बीते दिनों हुए सड़क हादसे में घायल राइस मिलर के पुत्र की भी मौत हो गई। बरेली के एक अस्पताल में उसने दम तोड़ा। बता दें कि इस हादसे में पुत्रवधू की पूर्व में ही मौत हो गई थी।

- बीते दिनों सड़क हादसे में हुए थे घायल

पूरनपुर के जसवंती राइस एंड फ्लोर मिल के स्वामी जगमोहन राय अग्रवाल के पुत्र तनुज अपनी पत्नी प्रियंका (30) और पांच वर्षीय बच्चे के साथ उत्तराखंड के देहरादून दवा लेने के लिए गए थे। पांच जुलाई की रात कार से वह वापस लौटते वक्त गजरौला थाना क्षेत्र में असम हाईवे पर एक ढाबे के पास पहुंचते ही कार ढाबे के बाहर खड़े ट्रक से टकरा गई थी। हादसे में पुत्रवधू प्रियंका की मौत हो गई थी। जबकि पुत्र तनुज की हालत गंभीर थी। उसे बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताते हैं कि शनिवार शाम को इलाज के दौरान तनुज की भी मौत हो गई। इसके बाद परिवार में चीख पुकार मच गई। एक ही परिवार में दंपति की मौत को लेकर तमाम व्यापारी और संभ्रांत नागरिकों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

## शेरपुर के पास देखा गया बाघ का कुनबा, ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** शेरपुर कलां गांव के नजदीक दो बाघ और शावक देखे जाने ग्रामीण भयभीत हैं। वन विभाग की टीम ने बाघों के पगचिह्न ट्रेस किए। ग्रामीणों से सजग रहने को कहा गया है।

तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां में शनिवार दोपहर गांव के ही अब्दुल्ला अपने खेत में पालेज देखने गए । इस दौरान उनकी नजर पास के ही सोबरन के खेत में जा रहे बाघ पर पड़ी। बाघ देखकर वह घबरा गए और दबे पांव वहां से निकल आए। सूचना वन विभाग की टीम को दी टीम ने पड़ताल की। कुछ देर बाद शेरपुर गांव के पश्चिम पेट्रोल पंप के पीछे बाघिन और शावक घूमने का शोर मचने लगा। जानकारी लगने पर काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। सलीम वेग के खेत में पग चिह्न भी देखे गए। गांव के पास बाघ और शावक के साथ बाघिन के देखे जाने से ग्रामीण भयभीत हैं। डिप्टी रेंजर कपिल कुमार ने बताया कि सूचना पर टीम ने ने मौके पर पहुंचकर पग चिन्ह ट्रेस किए। उन्होंने बताया कि सामाजिक वानिकी और पीटीआर की टीमें निगरानी कर रही हैं। ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा गया है।



खेत में बाघ देखे जाने की सूचना पर जमा हुए ग्रामीण। ● अमृत विचार

- गांव के एक छोर पर बाघ तो दूसरे छोर पर शावकों संग देखी गई बाघिन

## अमरिया-जहानाबाद में डीएम और एएसपी ने सुनी फरियाद




अमरिया थाने में सुनवाई करते डीएम, एएसपी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** जनपद के समस्त थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहानाबाद और अमरिया में डीएम-एएसपी पहुंचे। इस दौरान फरियादियों की सुनवाई की। जमीन संबंधी मामलों में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाई गई।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एएसपी विक्रम दहिया जहानाबाद और अमरिया थाने पहुंचे। जन शिकायतों की सुनवाई की गई। इस दौरान डीएम ने आपसी विवाद, भूमि विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में संबंधित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों को मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि समस्त शिकायतों में संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में समाधान कराएं।

## बच्चों को लेकर जा रही स्कूल वैन बिजली पोल से टकराकर पलटी



स्कूल वैन पलटने के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

- गाड़ी में फंसे बच्चों को ग्रामीणों ने निकाला, चालक भागा

**अमृत विचारः** एक स्कूली वैन बिजली पोल से टकराकर खेत में पलट गई। बच्चों में चीख पुकार मच गई। खेत पर काम कर रहे ग्रामीणों ने वैन में फंसे बच्चों को निकाला। चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने वैन कब्जे में ले ली है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में शनिवार को क्षेत्र के सरस्वती शिक्षा मंदिर की एक वैन ककरौआ गांव से सात बच्चों को लेकर पिपरा मुजप्ता जा रही थी। वैन की गति अनियंत्रित होने से वह एक मोड़ पर सड़क किनारे खड़े बिजली पोल से जा टकराई और धान के खेत में पलट गई। वैन पलटने के बाद बच्चे चीखने चिल्लाने लगे। चालक उन्हें बचाने के बजाय भाग गया। खेत में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पहुंचे और वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। जानकारी लगते ही बच्चों के अभिभावक भी पहुंच गए और उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वैन को कब्जे में ले लिया। आरोप है कि क्षेत्र में चल रहे स्कूलों में मानक विहीन वाहनों से बच्चों को ले जाया जाता है जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।

### हादसे के बंद हो गए कई निजी स्कूल

ककरौआ गांव से पिपरा मुजप्ता जा रही वैन पलटने के बाद अभिभावकों में गुस्सा भड़क गया। वैन के फोटो वायरल होने के अभिभावकों ने फोन पर अधिकारियों से शिकायत की। जानकारी लगते ही क्षेत्र के सभी निजी स्कूल बंद हो गए। बताया जा रहा अधिकांश स्कूलों में मान्यता से अधिक कक्षाएं संचालित की जा रहीं हैं। इसी के चलते कार्रवाई के डर से स्कूल आनन-फानन में छुट्टी करते हुए बंद कर दिए गए थे।

### एआरटीओ ने वैन सहित तीन वाहन किए सीज

अभिभावकों की शिकायत पर एआरटीओ वीरेंद्र कुमार क्षेत्र में पहुंच गए। उन्होंने सुलतानपुर चौकी पर खड़ी स्कूल वैन सीज कर दी। उसके बाद चेकिंग अभियान चलाया। स्कूलों के वाहनों के अलावा सड़क पर फर्राटा भर रहे अन्य वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान अकाल एकेडमी की बस सहित एक अन्य निजी वाहन भी सीज किया गया। चेकिंग को लेकर खलबली मची रही।

## ग्राम पंचायतों में अगले माह से डिजिटल भुगतान की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायतों में अब अगले माह से भुगतान की नई व्यवस्था लागू होने जा रही है। जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में फेस ऑथेंटिकेशन का कार्य पूरा हो चुका है। वहीं 604 ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड भी जनरेट किए जा चुके हैं। विभागीय अफसरों के मुताबिक माह के अंत तक शेष ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड भी जनरेट कर लिए जाएंगे। इसके बाद शासन से हरी झंडी मिलते ही नई व्यवस्था के मुताबिक भुगतान किया जाएगा।

सरकार डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दे रही है। धीरे-धीरे लेनदेन की व्यवस्था ऑनलाइन हो रही है। शासन ने अब ग्राम पंचायतों में भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी बनाने के लिए प्रधान, सचिवों एवं पंचायत सहायक का फेस ऑथेंटिकेशन कर पोर्टल पर अपडेट करने के साथ सभी ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड जनरेट करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भुगतान संबंधी सभी व्यवस्था ऑनलाइन की जा सके। शासन की भुगतान संबंधी इस नई व्यवस्था के तहत अब भुगतान से पूर्व पोर्टल पर फेस स्कैनिंग की जाएगी और इसके बाद क्यूआर कोड के माध्यम से ही भुगतान किया जाएगा। शासन से मिले दिशा-निर्देश के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायतों में फेंस ऑथेंटिकेशन के साथ क्यूआर कोड जनरेट करने के निर्देश दिए हैं।

जनपद में 720 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों में भुगतान प्रक्रिया में मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों समेत पंचायत सहायकों के फेस ऑथेंटिकेशन कर डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। विभागीय अफसरों की मानें तो जनपद की सभी 720 ग्राम पंचायतों में फेस ऑथेंटिकेशन का कार्य पूरा करने के साथ डाटा भी अपलोड किया जा चुका है।




- 604 ग्राम पंचायतों में फेस ऑथेंटिकेशन व क्यूआर कोड का कार्य पूरा
- शेष 116 ग्राम पंचायतों का माह के अंत तक होगा अपलोड

> ग्राम पंचायतों में भुगतान की व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। इसके तहत फेस ऑथेंटिकेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। क्यूआर कोड संबंधी कार्य तेजी से चल रहा है। माह के अंत तक इससं संबंधित सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगें।
> – **रोहित भारती**, जिला पंचायत राज अधिकारी

### 116 ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड नहीं हो सके जेनरेट

शासन के निर्देश पर सभी 720 ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड जेनरेट किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मगर, इस कार्य में हीलाहवाली की जा रही है। हालांकि इस मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से हीलाहवाली करने वाले पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। इधर विभागीय अफसरों के मुताबिक 604 ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड जेनरेट किए जा चुके हैं। अभी 116 ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड जेनरेट नहीं किए जा सके हैं। माह के अंत तक सभी ग्राम पंचायतें क्यूओर कोड से लैस हो जाएगी। इसके बाद शासन से हरी झंडी मिलते ही नई व्यवस्था से भुगतान प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# खून के आंसू



# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

पंजी. सं. 19706

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306


## सार-संक्षेप

### कैंप में 300 से अधिक लोगों का किया परीक्षण



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार** : शहर के एक हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के संचालक डॉ. कौशल वर्मा ने बिजुआ के जानकी देवी इंटर कॉलेज परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया। इसमें 300 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाएं दी गईं। स्वास्थ्य शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, यूरिक एसिड, नसों व फिजियोथेरेपी की जांचें कराईं। डॉ. कौशल वर्मा ने लोगों का बरसात के मौसम में रोगों के बचाव के लिए खानपान के तरीके बताए।

### गोला: 51 घंटे से अधिक समय तक चलेगा काव्य पाठ

कार्यक्रम में कपिलश अध्यक्ष शिप्रा खरे ने बताया कि आगामी 12 से 14 सितम्बर तक गोला के रॉयल लॉन में 51 घंटे से अधिक समय तक का छोटी काशी कवयित्री काव्य महाकुंभ होगा। कार्यक्रम में गोला में तीन दिन तक लगातार देश विदेश की नामचीन 300 से अधिक कवयित्रियां काव्य पाठ कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाएंगी।

### छोटी काशी में भोलेनाथ के नाम में गूंजेंगे जयकारे

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार** : पवित्र सावन माह में छोटी काशी गोला में सरदार पटेल सामाजिक एवं साहित्यिक संगठन एक शाम भोलेनाथ के नाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 13 जुलाई को करेगा। मैरिज हाल में होने वाले यह कार्यक्रम रात 8 बजे शुरू होगा।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में जुटेंगे दिग्गज कवि

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार** : पवित्र सावन माह में छोटी काशी गोला की पावन भूमि पर पत्रकार एवं सरदार पटेल सामाजिक एवं साहित्यिक संगठन के अध्यक्ष पातीराम गंगवार के जन्मदिन पर एक शाम भोलेनाथ के नाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 13 जुलाई रविवार साईं मैरिज लॉन में रात्रि 8 बजे होगा। इसमे देश के विख्यात कवि अपनी रचनाओं से भोलेनाथ की आराधना करेंगे। कार्यक्रम आयोजक युवा व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री अशोक कनौजिया ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में होने वाले कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि होंगे।

# शारदा का जल स्तर बढ़ा, कई गांवों में घुसा पानी

## बनबसा बैराज से गुरुवार-शुक्रवार को छोड़े गए 51-51 हजार क्यूसेक पानी, बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के कई गांव प्रभावित

**संवाददाता, बिजुआ/मूड़ा सवारान**

**अमृत विचार:** पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश की वजह से बनबसा बैराज से गुरुवार और शुक्रवार को छोड़े गए 51-51 हजार क्यूसेक पानी की वजह से बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में घुस गया है। रास्तों पर पानी भरने के साथ ही कटान से ग्रामीण भयभीत हैं। जलमग्न सैकड़ों एकड़ फसलें नष्ट होने से पशुओं के चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। शारदा नदी के जलस्तर से क्षेत्र के लोगों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के करसौर आदि गांवों में बाढ़ ने ऐसा कहर ढाया कि ग्रामीणों की कृषि योग्य जमीन के साथ मकान भी शारदा की लहरों में समा गए। गांव निवासी चंद्रिका और मुकेश का पक्का मकान नदी में समा गया। इसी तरह ओमप्रकाश, कमलेश, सोनू, मुकेश, चंद्रिका और शिवकुमार के घर कट चुके हैं। वहीं अशर्फीलाल, मनोहर लाल, श्रीकेशन और कल्लू के खेतों में पानी भरने से फसल बर्बाद हो गई है। इन लोगों के घरों को भी शारदा की लहरें नुकसान पहुंचा रही हैं।

ग्रामीण अपने घरों को तोड़कर सुरक्षित स्थान पर मलवा पहुंच रहे हैं। नदी गांव से कुछ दूर पर रह गई थी, तब से ही ग्रामीणों ने दूसरा ठिकाना बनाने के प्रयास तेज कर दिए थे। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि शासन प्रशासन की ओर से कोई भी सुविधा नहीं पहुंचाई गई है, केवल आश्वासन दिया जा रहा है। प्रशासनिक अमला जलस्तर का निरीक्षण कर वापस लौट जाता है। बाढ़ पीड़ित ग्रामीण बंधों पर शरण लेकर जिंदगी जी रहे है। गांव में जलजमाव से दुर्गंध उठ रही है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। लोग मच्छरजनित बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इसके बावजूद फॉगिंग नहीं कराई गई है।

- शारदा नदी में समा चुकी हैं दर्जनों किसानों की फसलें



करसौर गांव में फसलें कटान करती शारदा नदी। ● अमृत विचार



शारदा में समाने को मुहाने पर टिका एक मकान। ● अमृत विचार

### घोसियाना में तीन मकान नदी की जद में आए

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : शहर से सटे घोसियाना गांव में भी शारदा नदी कहर बरपा रही है। दो घर नदी में समा चुके हैं, जबकि तीन मकान जद में हैं। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ा तो तहसील सदर के जंगल नंबर 11 के उत्तर घोसियाना गांव तरफ रूख कर लिया। गांव में 14 घर हैं और सभी मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे हैं। नदी का जलस्तर घटा तो कटान के कारण निसार का मकान नदी में समा गया। पड़ोसी हसन, रिजवान और एक अन्य का मकान शारदा नदी की जद में है। कटान के डर से पीड़ित घरों का सामान निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच रहे हैं। प्रधानपति तेजलाल निषाद और लेखपाल रमाकांत वर्मा ने पीड़ित परिवार से मिलकर प्रशासनिक मदद का आश्वासन दिया है।

### सैकड़ों एकड़ धान व गन्ने की फसल बर्बाद

शारदा नदी में आई बाढ़ से किसानों की सैकड़ों एकड़ में लगी गन्ने व धान की फसल बाढ़ के पानी से बर्बाद हो चुकी है। अपनी फसल को बर्बाद होते देख किसानों की नींद उड़ गई है। पशुओं के लिए चारे की चिंता सता रही है। बाढ़ का पानी फसलों को बर्बाद करते हुए गांवों की गलियों की ओर बढ़ रहा है। बाढ़ के कारण लोग एकांकी जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। पूर्णतया खेती पर आधारित क्षेत्र के लोगों ने बताया कि किसी तरह ब्याज पर रुपया उधार लेकर फसल लगाई थी। अचानक बाढ़ आने से फसलें डूबकर बर्बाद हो गई हैं। खेत-खलिहान में लहलहाती फसल की जगह पानी लबालब भरा है, सबसे अधिक पीड़ा बटाईदार किसानों को हो रही है।

## जालसाजी के आरोपी दो माह बाद भी गिरफ्तार नहीं

**कुकरा, अमृत विचार:** कस्बा कुकरा निवासी बरकत अली अंसारी ने कोर्ट के आदेश पर थाना भीरा क्षेत्र के गांव मुड़िया हेम सिंह व रमपुरवा मजरा दरियाबाद निवासी जाहिद अली उर्फ सादिक अली, मुस्तफा और तौकीर अली पुत्र जाहिद अली के विरुद्ध 11 मई को संपत्ति हड़पने की सजिश में जालसाजी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बरकत अली अंसारी का कहना है कि विपक्षी उन पर समझौता करने का दवाब बना रहे हैं। आरोपी धमकी देते हैं कि सुलह न किया तो फर्जी मुकदमा कायम कराकर वादी और उनके बेटों को जेल भिजवा दिया जाएगा। चौकी प्रभारी पड़रिया तुला थाना भीरा उमराव सिंह ने बताया कि विवेचना लगभग पूर्ण हो चुकी है। तय समय पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। आरोपी शीघ्र ही गिरफ्तार किए जाएंगे।

# छोटी काशी जाने वाले शिवभक्तों के लिए विश्राम गृह तैयार, भोजन भी रहेगा उपलब्ध

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- नगर पालिका प्रशासन ने एलआरपी ओवरब्रिज के नीचे बनवाया
- सावन माह भर शनिवार, रविवार व सोमवार को मिलेगा भोजन प्रसाद

**अमृत विचार:** सावन माह का आगाज हो चुका है। शिव भक्त कांवड़ लेकर छोटी काशी के लिए निकल पड़े हैं। शिव भक्तों के लिए नगर पालिका प्रशासन ने एलआरपी चौराहे पर बने ओवरब्रिज के नीचे विश्राम गृह तैयार करवाया है। इसमें ठहरने वाले कांवड़ियों को शनिवार से सोमवार तक निःशुल्क भोजन प्रसाद भी मिलेगा।

पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने बताया कि सावन माह में कांवड़ लेकर छोटी काशी जाने वाले शिव भक्तों के लिए एलआरपी चौराहे पर विश्राम गृह बनवाया गया है, जिससे वह यात्रा के दौरान वहां पर विश्राम कर सकें। कांवड़ियों को विश्राम गृह में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए पालिका कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। विश्राम घर में कांवड़ियों को सिर्फ आराम करने की ही सुविधा नहीं मिलेगी, बलकि निःशुल्क भोजन प्रसाद भी उपलब्ध कराया जाएगा। भोजन प्रसाद हर शनिवार, रविवार एवं सोमवार को मिलेगा।



एलआरपी पर बन रहे विश्राम गृह का जायजा लेती पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव।

### इनको मिली शिव भक्तों की सेवा करने की जिम्मेदारी

एलआरपी पर बन रहे विश्राम गृह का शनिवार को पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। वहां पर किसी प्रकार की अव्यवस्था शिवभक्तों के लिए मुसीबत न बने। इसके लिए पालिका कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी है। पालिकाध्यक्ष ने प्रकाश व्यवस्था के लिए इतेंद्र बहादुर, पार्किंग एवं सर्वेक्षण के लिए अमित सोनी, सफाई के लिए सफाई इंस्पेक्टर विशाल शुक्ला, टेंट के लिए देवाशीष मुखर्जी एवं शुद्ध पेयजल के लिए जलकल जेई जितेंद्र वर्मा को नामित किया है।

# नियमों को दरकिनार कर फर्राटा भर रहे निजी स्कूलों के वाहन

**संवाददाता, बिलहरी**

**अमृत विचार:** एआरटीओ लखीमपुर के रहमोकरम पर बिलहरी क्षेत्र में बिना फिटनेस दर्जनों स्कूलों के वाहन फर्राटा भर रहे हैं, जिससे लोगों का दुर्घटनाओं का भय बना हुआ है।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत जड़ौरा कोटवारा मार्ग पर शनिवार की अल सुबह बिना फिटनेस फर्राटा भर रही एक निजी स्कूल की टाटा मैजिक ने अरूषी ट्रेडर्स और धर्मकांटा के निकट एक पालतू कुत्ते को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। अरूषी ट्रेडर्स के मालिक रामम मिश्र ने डायल 112 को बुलाकर बिना परमीशन व बिना फिटनेस फर्राटा भर रही मैजिक को उनके सुपुर्द कर दिया है। डायल 112 ने टाटा मैजिक के ड्राइवर शिवाकांत से मैजिक के कागज दिखाने को कहा तो उसने कागजों के न होने की अनभिज्ञता जताई। हालांकि पुलिस ने यह मामला एआरटीओ स्तर का होने के पश्चात उनका सुलह समझौता करा दिया और और टाटा मैजिक को छोड़ दिया। मौके पर पहुंचे कुछ ग्रामीणों के अनुसार बच्चों को ढोने वाली इस टाटा मैजिक पर नम्बर प्लेट न होने से नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक स्कूलों के ऐसे वाहन संचालित हो रहे है, जिससे भविष्य में कोई बड़ी घटना घटने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।



बिना वैध कागजों के चल रही थी निजी स्कूल की यह मैजिक। ● अमृत विचार

## सोमवार से आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में शुरू होगी काउंसलिंग

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. गीता शुक्ला ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश मेरिट के आधार होंगे। इसकी सूची जारी कर दी गई है। प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के लिए सोमवार से काउंसलिंग प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

प्राचार्य ने बताया कि मेरिट सूची में जिन छात्राओं के नाम हैं वह सोमवार को कॉलेज आकर काउंसलिंग करा लें और शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर लें। प्राचार्य ने बताया कि काउंसलिंग के समय शैक्षिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति साथ लेकर अवश्य आएं। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग के लिए साथ ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फॉर्म, सभी शैक्षिक प्रमाणपत्र, निवास एवं अधिवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति आदि साथ लाना होगा।

# थाना समाधान दिवस : कोतवाली सदर में डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- विवादित मामलों में मौके पर जाकर जांच कर समाधान कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** शनिवार को जिले भर के सभी थानों में समाधान दिवस आयोजित हुए। इनमें पुलिस से लेकर भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई।

सदर कोतवाली में आयोजित समाधान में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी संकल्प शर्मा मौजूद रहे। डीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर राजस्व एवं पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी। पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर उन्हें भली भांति समझ कर दूर कराएं। विवादित जमीनी मामलों में पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। वहीं मामला गंभीर होने पर एसडीएम, तहसीलदार से लेकर सीओ को जानकारी दें, जिससे यह अधिकारी मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान कर सकें। फरियादियों की समस्याएं सुनकर डीएम एवं एसपी ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की जांच कर निष्पक्ष रूप से निराकरण कराने के निर्देश दिए। सदर कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में नायब तहसीलदार अश्वनी कुमार, प्रभारी निरीक्षक सदर हेमंत राय सहित राजस्व एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



सदर कोतवाली में समस्याएं सुनती डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26

CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

## ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

## INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

## BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

## FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

## ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

## BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

## BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

## FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# जिले में 6 दरोगाओं को मिली तैनाती 7 के कार्यक्षेत्र बदले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शुक्रवार की रात एसपी संकल्प शर्मा ने पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत सात दरोगाओं को चौकियों पर तैनाती दी है। वहीं चौकी प्रभारियों समेत सात दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है।

एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत एसआई विजय कुमार को वाचक पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वह आईजीआरएस व विशेष प्रकोष्ठ का अतिरिक्त प्रभारी भी देखेंगे। पुलिस लाइन से एसआई रजनीश त्रिपाठी को महेवागंज, एसआई सुरेंद्र मिश्रा को मूड़ा सवारान, एसाई राजवीर सिहं झंडी और भूपेंद्र सिंह को ढखेरवा पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है। एसआई जगदीश प्रसाद को पुलिस लाइन से थाना मझगईं भेजा गया है।

थाना मैगलगंज से एसआई प्रेमचंद रावत को थाना पलिया, थाना पलिया से जयनरायण यादव को थाना सिंगाही, राजीव कुमार को थाना शारदानगर, गोला से अरविंद मौर्या को थाना पलिया भेजा है। थाना गोला के एसआई विश्वनाथ मिश्रा अब अमीरनगर चौकी प्रभारी होंगे।

ढखेरवा चौकी इंचार्ज संदीप यादव को इसी पद पर चौकी मढ़िया घाट भेजा गया है। महिला एसआई महादेवी को कोतवाली सदर से ढकवा पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया है।

## लापरवाह पुलिस वालों पर एसपी का हंटर, दरोगा-सिपाही निलंबित

**संवाददाता, बेहजम।** अपराधों पर अंकुश लगाने में फेल और लापरवाह पुलिस कर्मियों पर एसपी संकल्प शर्मा का चाबुक आखिरकार चल गया। उन्होंने लापरवाही बरतने पर थाना नीमगांव के दरोगा देशराज और सिपाही मुकल को निलंबित कर दिया है। थाना नीमगांव में पिछले दो महीने में करीब 34 से अधिक चोरियां और तीन लूट की घटनाएं हुईं थीं। इनमें सबसे ज्यादा वारदाते हल्का नंबर एक और दो में हुई। एसपी ने हल्के में बढ़ी चोरियों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने और लापरवाही बरतने पर दरोगा देशराज और सिपाही मुकुल को निलंबित किया है। इनके निलंबन से अन्य दरोगाओं और सिपाहियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# कमरे में संदिग्ध हालत में युवती की मौत, खिड़की तोड़कर भागा प्रेमी

## परिजनों ने गला दबाकर हत्या करने का लगाया आरोप, पुलिस हिरासत में आरोपी

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव पटिहन के मजरा इंदिरा आवास कॉलोनी में शुक्रवार की रात अपने कमरे में सो रही किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिवार वालों का कहना है कि आहट मिलने पर उसके भाई ने जब खिड़की से झांककर देखा तो एक युवक उसकी बहन का गला दबा रहा था। भाई द्वारा कमरे की कुंडी बाहर से बंद करते ही युवक खिड़की तोड़कर भाग निकला। उसका मोबाइल और चप्पल कमरे में ही छूट गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल, चप्पल को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

गांव इंदिरा आवास कॉलोनी निवासी संतोष ने बताया कि शुक्रवार की रात परिवार के सभी लोग खाना खा अपने कमरों में सोने चले गए। उनकी पुत्री आरती (19) भी अपने कमरे में चली गई। शनिवार की तड़के करीब 3:30 बजे उनके बेटे दीपक को आरती के कमरे में किसी पुरुष के होने की आहट सुनाई दी। इस पर वह उठकर कमरे के पास गया और खिड़की से झांककर देखा तो उसके उसके होश उड़ गए। पिता के मुताबिक, कमरे में घुसे पड़ोसी गांव राजा टॉपर गजरौरा निवासी राजकुमार उर्फ राज आरती की पिटाई कर उसका गला दबा रहा था। यह देख दीपक ने शोर मचाया और कमरे की कुंडी बाहर से लगा दी। शोर होने पर परिजन जब तक पहुंचते, आरोपी राजकुमार उर्फ राजा कमरे की खिड़की तोड़कर भाग निकला। परिजन कुंडी खोलकर कमरे के अंदर गए और आरती को हिलाया डुलाया, लेकिन वह मृत अवस्था में मिली। आरोपी की चप्पलें और मोबाइल कमरे में पड़ा था। युवती को मृत हालत में देखकर परिवार में चीख पुकार मच गई।घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर एसओ पंकज त्रिपाठी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। युवती के परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मौके पर मिले आरोपी के मोबाइल और चप्पल को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवती के पिता ने आरोपी राजकुमार उर्फ राजा के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है।

> युवती कमरे में मृत अवस्था में मिली है। उसके पिता ने राजकुमार उर्फ राजा के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर इसका खुलासा हो सकेगा। पुलिस हर बिंदुओं पर गहराई से जांच कर रही है।
> –**पंकज त्रिपाठी**, एसओ पलिया


आरती।


घटना के बाद मृतक के घर पर मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

- **कमरे से आरोपी का मिला मोबाइल और चप्पल**

# मीट विक्रेताओं में ग्राहकों को लेकर मारपीट, लहराए चाकू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **दो दिनों तक घटना दबाए रही पुलिस, वीडियो वायरल हुआ तो दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** थाना भीरा क्षेत्र की पुलिस चौकी पड़रिया तुला के रडा बाजार में ग्राहकों को बुलाने को लेकर दो बकरकस (मीट विक्रेता) आपस में भिड़ गए। उनमें लाठी डंडे चाकू और गड़ासा लहराया गया। इससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को चौकी तक ले आई और एक पक्ष ने पुलिस को तहरीर भी दी, लेकिन पुलिस मामले को दो दिन तक दबाए बैठी रही। शुक्रवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ बलवा समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना 8 जुलाई की है। पुलिस चौकी पड़रिया तुला के गांव रडा बाजार में मीट की दुकानें लगी थीं। ग्राहकों को बुलाने को लेकर थाना भीरा के गांव देवरिया मजरा सूरजपुर निवासी रहीस अहमद और पुलिस चौकी पड़रिया तुला के गांव नब्बूपुरवा मजरा सोनारीपुर निवासी नजीर के बीच ग्राहकों को बुलाने को लेकर विवाद होने लगा। दोनों के बीच हो रही गाली गलौज मारपीट में बदल गई। इस दौरान जमकर लाठी-डंडे चले और चाकू व गड़ासा भी लहराए गए। इससे बाजार में भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंचे सिपाहियों ने दोनों पक्षों को चौकी लाकर शांत करा दिया था। पीड़ित रहीस अहमद ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। उसका कहना था कि वह उसकी दुकान पर अत्यधिक ग्राहक आते हैं, जिन्हें नजीर बहला फुसलाकर अपनी तरफ खींच कर ले जाने की कोशिश करता है। इसी बात को लेकर विवाद होने लगा।

इस दौरान नजीर ने अपने साथी वसीम, इब्राहिम, आरिफ, इसराइल, हारुन, कयूम, यूसुफ और सद्दाम के साथ मिलकर उसे लात घूसों और लाठी-डंडों से मारने पीटने लगे। चाकू और गड़ासा लेकर जानलेवा हमला करने के इरादे से घेर लिया। पड़ोस के लोगों ने किसी तरह से बचाया। पुलिस ने मामले को दबाए रखा। शुक्रवार को बवाल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ तो भीरा पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने आनन-फानन में रहीस अहमद की तहरीर पर सभी नौ आरोपियों के खिलाफ बलवा. मारपीट आदि संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रोजगार सेवक की रायबरेली में हादसे में मौत

संवाददाता, पलिया कलां



- **तीर्थ यात्रा के लिए घर से जा रहा था ढाखा प्रधान पति का भाई**

**अमृत विचार:** घर से तीर्थ करने के लिए निकले पलिया ब्लॉक के ग्राम रोजगार सेवक की रायबरेली में कार दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि उसके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजन रायबरेली के लिए रवाना हो गए हैं।

सर्वेश कुमार पलिया ब्लॉक के एक गांव में रोजगार सेवक थे। शुक्रवार को वह गांव के चार अन्य साथियों को लेकर एक कार से इलाहाबाद संगम स्नान करने जा रहे थे, जहां से वह बनारस में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में बेलपत्र चढ़ाना चाहते थे। रायबरेली पहुंचने पर उसकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में सर्वेश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार दिलीप कुमार, धर्मवीर पाल, गावस्कर और एक अन्य युवक घायल हो गए।

मौके पर पहुंची रायबरेली पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में मौत की खबर आते ही परिवार में कोहराम मच गया। सर्वेश कुमार ढाका की प्रधान सीता देवी के देवर थे।

## मंदबुद्धि बालक से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मैलानी, अमृत विचार:** मंदबुद्धि किशोर से कुकर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है। थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि एक परिजनों ने तहरीर देकर बताया कि उसके 15 वर्षीय मंदबुद्धि पुत्र को मैलानी में रहने वाले युवक शान मोहम्मद टाफी दिलाने के बहाने घर के पीछे झाड़ी में ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मोहल्ला गौतम नगर निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

# खमरिया क्षेत्र में शारदा नदी के नाले में नहा रहा युवक डूबा, लापता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना खमरिया क्षेत्र के गांव चिकना जती गांव के निकट शारदा नदी से निकले नाले में नहाते समय एक युवक गहरे पानी में चला गया और वह डूब गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर नाले में उतारा और युवक की तलाश कराई, लेकिन देर शाम कर उसका कोई पता नहीं चल सका। इससे परिवार में चीख पुकार मची हुई है।

कोतवाली धौरहरा के गांव बसंतापुर निवासी विकास का 20 वर्षीय पुत्र श्यामू अपने दोस्तों के साथ शनिवार को शारदा नदी से निकले नाले में नहाने के लिए गांव चिकना जती के पास गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। इससे उसके दोस्तों में हड़कंप मच गया। दोस्तों ने परिवार वालों और ग्रामीणों को हादसे की जानकारी दी। बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने नाले में उतरकर श्यामू की तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया और उन्हें नाले में उतारकर उसकी तलाश कराई, लेकिन देर शाम तक चली तलाश के बाद भी श्यामू का कोई पता नहीं चल सका है। धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिलख रहे परिवार वालों को ढांढस बंधाया। साथ ही प्रभारी निरीक्षक शशिकांत मणि ने बताया कि नाले में गोताखोरों को उतारकर युवक की तलाश कराई जा रही है।


मौके पर ग्रामीणों के साथ मौजूद धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ● अमृत विचार

- **नाले में उतरे गोताखोर युवक की कर रहे तलाश, नहीं चला पता**
- **विधायक ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस**

## बांकेगंज के परिषदीय स्कूल जमुनहा में दिखा कोबरा, मचा हड़कंप

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** बांकेगंज ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहा में रोज की तरह शनिवार को भी पठन पाठन शुरू हो गया। दोपहर करीब 1 बजे ऑफिस के कोने में कोबरा सांप दिखने से शिक्षक भयभीत हो गए। प्रधानाध्यापक अरविंद पटेल ने सांप के विद्यालय में होने की सूचना महेशपुर वन रेंज के डिप्टी रेंजर सुरेंद्र पाल गौतम को दी। मामला बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा होने की वजह से डिप्टी रेंजर ने सांप पकड़ने के लिए टीम भेजी। बताते हैं कि सांप पर काबू पाने के लिए वन विभाग की टीम को दो घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बता दें कि विद्यालय में सांप होने से उच्च प्राथमिक विद्यालय में ही नहीं, बल्कि पास के प्राथमिक विद्यालय में भी दहशत का माहौल बन गया।



VARUN ARJUN UNIVERSITY
V.A.U. The path to education
Varun Arjun Medical College Campus
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSION OPEN
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| M.Sc. (Medical Anatomy) | Candidate must have passed three years undergraduate | 3 Years |
| M.Sc. (Medical Biochemistry) | Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With | |
| M.Sc. (Medical Microbiology) | Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, | |
| M.Sc. (Medical Physiology) | BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. | |
| M.Sc. (Medical Pharmacology) | Nursing Must have Passed from a recognized University. | |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in

## घर में घुसे चोर उठा ले गए नकदी और लाखों के जेवर

**खमरिया, अमृत विचार:** गांव मोहम्मदापुर निवासी रामनरेश कटियार ने बताया कि वह लोग सपरिवार खाना खा पीकर छत पर सो गए थे। रात में किसी समय चोर घर में घुस आए। चोरों ने कमरों में रखी अलमारियों के ताले तोड़ दिए और उनकी पत्नी सरला का मंगलसूत्र, चार जोड़ी पायल, सोने के कंगन, कुंडल बहू शिल्पी के कमरे से मंगलसूत्र, चार जोड़ी पायल, सोने के कंगन समेत करीब पांच लाख के जेवर और 50 हजार रुपये की नकदी आदि चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह। कमरों में जाकर देखा तो रखा सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महंत पर शिष्या ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, कोर्ट में अर्जी दाखिल

संवाददाता, निघासन

- **नशीला पदार्थ पिलाया, विरोध पर वीडियो वायरल करने की दी धमकी**
- **कोर्ट ने लखीमपुर खीरी पुलिस से आख्या तलब की**

**अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनिया के एक गांव की रहने वाली महिला ने कस्बे के ही एक मंदिर के महंत पर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पुलिस के कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। कोर्ट ने पुलिस से आख्या तलब की है।

पीड़िता ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर बताया कि वह मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली है। वर्तमान में तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रह रही है। वह तिकुनिया में स्थित एक मंदिर पर पूजा अर्चना करने जाया करती थी। उसको देखकर मंदिर के एक महंत की नीयत खराब हो गई। महंत ने उसे गुमराह करना शुरू कर दिया। सांसारिक माया मोह छोड़ने का उपदेश देकर उसकी मनोस्थिति प्रभावित कर दीक्षा देकर अपनी शिष्या बना लिया और उसे अपने साथ आश्रम पर रखने लगा।

आरोप है कि 07 दिसंबर 2024 की रात लगभग 09 बजे आरोपी महंत बृजेश गिरि महराज नागा बाबा ने उसे अपनी सेवा व अपने शरीर में तेल मालिश करवाने के लिए अपनी कुटिया में बुलाया और अपने शरीर पर तेल मालिश करवाई। अमृत रस में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, जिसका मोबाइल में आरोपी ने वीडियो भी बनाया। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल करने और उसके पति को जान से मरवा देने की धमकी दी। पीड़िता ने महंत पर रेप का आरोप लगाकर एसीजेएम पंचम न्यायालय लखीमपुर में में अर्जी दाखिल की है।

कोर्ट ने आख्या मांगी थी, जो प्रेषित की जा चुकी है। कोर्ट के आदेश उपरांत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। नवागत प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि वह अभी आए है। मामले की जानकारी नहीं है।

# बस अड्डे पर भिड़े कंडक्टर, हुई मारपीट

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** सवारियों को बैठाने को लेकर कस्बे का तिकुनिया बस अड्डा अखाड़ा बन गया। शनिवार को दो बसों के कंडक्टर आपस में भिड़ गए। गाली गलौज के साथ उनमें जमकर मारपीट हुई। इससे वहां तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने किसी तरह से बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।

लखीमपुर से तिकुनिया जाने वाली बसें सिंगाही रोड पर मौर्या होटल के पास खड़ी होती है। शनिवार की सुबह करीब 11 बजे एक बस आकर खड़ी हुई। करीब 15 मिनट बाद दूसरी बस आ गई। आगे जाने वाली बस में सवारी बैठने लगी, जिससे पीछे वाली बस का कंडक्टर शंभू निवासी गदियाना नाराज हो गया और आगे वाले बस के कंडक्टर दीपू निवासी गौरिया से भिड़ गया। दोनों के बीच पहले कहासुनी होती रही, लेकिन कुछ ही देर में दोनों के बीच गाली गलौज हुई और मारपीट होने लगी। इससे भीड़ जुट गई। लोगों ने किसी तरह से बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।


निघासन में तिकुनिया बस अड्डे पर मारपीट करते कंडक्टर ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
आवश्यकता है
अनुभवी मैनेजर, स्टाफ की
सम्पर्क करें:
होटल राधारमन
ईसाइयों की पुलिया, सैटेलाइट, बरेली
मो. 9927643191

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# राष्ट्रीय एकता में दर्शन का सदुपयोग


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार-बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं।

दर्शन बुद्धि विलास नहीं है। मानव जीवन को आनंदित करने के लिए दर्शन का सदुपयोग होता रहा है। राष्ट्रीय एकता के लिए भी दर्शन की उपयोगिता है। वेदांत दर्शन का सदुपयोग शंकराचार्य व विवेकानंद ने किया था। वेदांत का मूल ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। ब्रह्मसूत्र असाधारण रचना है। इसमें वेदो से लेकर उपनिषद काल तक विकसित सभी विचारों पर टिप्पणियां हैं। रचनाकार ने सूत्रों में बड़ी-बड़ी बातें की हैं। ब्रह्म सूत्र में पूरी बात के लिए भी अतिअल्प शब्द विन्यास हुआ है। पहला सूत्र है-अथातो ब्रह्म जिज्ञासा। अब ब्रह्म की जिज्ञासा है। दूसरे सूत्र में दो शब्द ही हैं, "जन्माद्यस्य यतः। अनुवाद है-यहां जिससे जन्म आदि होते हैं।" अनुवाद से अर्थ पूरा नहीं निकलता इसलिए अनुभूति की सहायता से कहते हैं-वही ब्रह्म है। अब अर्थ पूरा हुआ "जिससे जन्म आदि होते है वह ब्रह्म है। 'जन्म आदि' का अर्थ भी बड़ा है-जन्म, युवा, बुढ़ापा, मृत्यु, सृष्टि, स्थिति, विकास और प्रलय। तीसरा सूत्र मात्र एक शब्द का ही है, "शास्त्रयोनित्वात-शास्त्र में वही कारण है। पूरा अर्थ है वह ब्रह्म ही वेदों शास्त्रों में जगत का कारण कहा गया है। ब्रह्मसूत्रों में सृष्टि जगत का रहस्य है, उपनिषदों में वर्णित तमाम सूत्रों की व्याख्या है।

ब्रह्मसूत्र चार अध्यायों व 16 छोटे-छोटे खण्डों में विभाजित है। 16 खण्डों को पाद-चरण कहा गया है। सूत्रों में वेद उपनिषद में आए तमाम शब्दों, प्रत्ययों, विचारों का विवेचन है। उपनिषदों में प्राण शब्द आया है। यहां प्राण को ब्रह्म कहा गया है। (1.1.28-31) छान्दोग्य उपनिषद में सम्पूर्णता के लिए 'भूमा' शब्द आया है। यहां भूमा को ब्रह्म बताया गया है। (1.3.8-9) विवेकानन्द ने भी 'भूमा' को ब्रह्म कहा है "ब्रह्म नाना रूपों में परिवर्तित जैसा प्रति भासित होता है। इस प्रकार अद्वैतियों के लिए जीवात्मा का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। उनके अनुसार माया ही जीवात्मा के अस्तित्व का कारण है। पारमार्थिक दृष्टि से उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है। इस प्रकार सत्ता यदि केवल एक है, तो यह कैसे संभव हो सकता है कि मैं पृथक सत्ता हूं और तुम एक पृथक सत्ता हो? यथार्थ में हम लोग सभी एक हैं। हमारी द्वैत दृष्टि ही सभी अनिष्ट का कारण है। जभी मैं यह समझता हूं कि मैं संसार से पृथक हूं, तभी पहले भय उत्पन होता है और तब दुख का अनुभव होता है। जहां व्यक्ति दूसरे से सुनता है, दूसरे को देखता है, वह अल्प है। जहां व्यक्ति दूसरे को देखता नहीं, दूसरे को सुनता नहीं, वह भूमा है, वह ब्रह्म है। भूमा में परम सुख है, अल्प में नहीं?"

सत्य तत्व इन्द्रियों की क्षमता से परे है। सत्य तत्व की व्याख्या वैसे भी कठिन है। श्वेताश्वतर (3.20), कठोपनिषद (2.20) और तैत्तिरीय आरण्यक में एक साथ एक प्यारा सा मंत्र/श्लोक आया है "अणोरणीयान महतो महीयान-अणु से लघुतम अणु और महान से महत्तर (वह है)"। श्वेताश्वतर (6.19) में इसी बात को और विस्तार देते है "वह निरवयव है, निश्चल है, शांत, निर्दोष और निर्लिप्त है।" ब्रह्मसूत्र में 561 सूत्र हैं। सभी सूत्र ब्राह्मणों उपनिषदों का विश्लेषण है। ब्रह्म की स्थापना है। यहां सांख्य दर्शन के कारणवाद का खण्डन है। (अध्याय 2.2.1-10) इसी तरह कणाद के परमाणुवाद से उठे भौतिकवादी प्रश्नों का भी परम ब्रह्म में निरूपण है। (वहीः11-17) बौद्ध और जैनमतों का भी जबर्दस्त खण्डन किया गया है (ब्रह्मसूत्रः गीता प्रेस पृष्ठ 148-177) आगे सारी बाते गीता प्रेस से प्रकाशित ब्रह्मसूत्र की पृष्ठ संख्या के उद्धरणों से लिखी गई हैं। मधु विद्या अमूल्य है। जैमिनि ने पूर्व मीमांसा में इसे देवताओं के योग्य नहीं बताया क्योंकि देवताओं को यह विद्या सहज प्राप्य है। वे ज्योतिर्मय लोकों में रहते हैं। (पृष्ठ 77 श्लोक 1.3.31-32) अगले श्लोक में लिखा है कि 'वादरायण को यह मतमान्य नहीं है।

वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार-बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं। लेकिन तैत्तिरीय उपनिषद में आनंदमय का वर्णन करते हुए उसे सीधे 'रसो वै सः'-वह रस है" बताते हैं। ब्रह्मसूत्र में उपनिषदों का आनंद भी ब्रह्म है। तैत्तिरीय उपनिषद में आनंद का विवेचन है। आनंदमय ब्रह्ममयता है। (1.1.12-19) मुण्डकोपनिषद में एक मंत्र में कहते हैं "जो अदृश्य है, इन्द्रिय बोध से परे है, वर्णहीन, गोत्रहीन, आंख, कान, पैर से रहित है नित्य, व्यापक, परिपूर्ण और अविनाशी है। धीरपुरूष उसे देखते हैं, वह समस्त भूतों का कारण है। इसी संदर्भ को लेकर ब्रह्मसूत्र में बताया गया है कि वैदिक अनुभूति में जो अदृश्यता आदि गुणों वाला है। वह ब्रह्म है। (1.2.21) ब्रह्मसूत्र मूर्ति पूजा-प्रतीक पूजा की विधि बताता है। आगे कहते हैं 'आसीन सम्भवात'-बैठकर ही ऐसा संभव है। (4.1.7) फिर कहते हैं "ध्यानाच्य-ध्यान" (4.1.8) और 'अचलत्वे चापेक्ष्य-शरीर की अचलता की अपेक्षा।" (4.1.9) ब्रह्मसूत्रों पर तमाम भाष्य लिखे गए। शंकराचार्य का भाष्य अद्वैत सिद्धांत कहलाया। उन्होंने इसी आधार पर ब्रह्म को सत्य और जगत को मिथ्या बताया। सबसे दिलचस्प है विद्या का प्रकरण। तीसरे अध्याय के चैथे पाद के प्रथम सूत्र में कहते हैं, "पुरूषार्थ की सिद्धि इसी से (ज्ञान) होती है। शब्द (वेद) यही बताते हैं।" अगले सूत्र में कहते हैं कि पूर्व मीमांसा के द्रष्टा आचार्य जैमिनि यह बात नहीं मानते। उनका मत है कि "ज्ञान को पुरूषार्थ बताना अर्थवाद है। पुरूषार्थ का साधन तो कर्म हैं। श्रेष्ठजनों के आचरण से यही सिद्ध होता है। छान्दोग्य उपनिषद में भी कर्म को ही पुरूषार्थ का साधन कहा गया है। कर्म कर्तव्य है।" (वही 2-7) 6 सूत्रों में जैमिनी के तर्क बताकर फिर वादरायण का मत है "श्रुति में कर्म की अपेक्षा विद्या की महत्ता है।" बड़ी मजेदार लेकिन उचित धारणा है कि विद्या कर्म का भाग नहीं है। अध्ययन कर्म भाग है-अध्ययन मात्रवतः।" (वही 3.4.12) बताते हैं कि "विद्या से कर्मो का (कर्मफल) पूरा नाश हो जाता है।" (3.4.16) वैदिक दर्शन में 'अक्षर' शब्द बहुत आया है। वृहदारण्यक उपनिषद् (3.8.7) में 'अक्षर' की विवेचना है। गार्गी ने याज्ञवल्क्य से पूछा "जो द्युलोक से ऊपर है, पृथ्वी से भी नीचे है। इन दोनो के बीच में भी है। जिसे भूत भविष्य और वर्तमान कहते हैं वह काल किसमे ओत प्रोत है?" याज्ञवल्क्य ने कहा-आकाश में। गार्गी ने पूछा, "वह आकाश किसमें ओतप्रोत है? याज्ञवल्क्य ने कहा "उसे ब्रह्मवेत्ता 'अक्षर' कहते हैं, यह न सूक्ष्म है, न लघु, न बड़ा, न लाल, न पीला।" ब्रह्मसूत्र (1.3.100) में अक्षर भी ब्रह्म है। सूत्र है "अक्षरम्बरांत धृते-अक्षर आकाश पर्यन्त सबको धारण करता है।" छान्दोग्य उपनिषद् में कहा गया "निश्चय ही सभी प्राणी आकाश से ही उत्पन्न होते हैं।" ब्रह्मसूत्र में आकाश भी ब्रह्म है। सृष्टि सृजन के संबंध में उपनिषदों में अनेक विचार हैं। छान्दोग्य उपनिषद् में तेज, जल और अन्न का क्रमिक विकास है। तैत्तिरीय उपनिषद में ब्रह्म से आकाश की उत्पत्ति है। फिर आकाश से वायु और वायु से तेज। लेकिन वृहदारण्यक उपनिषद में आकाश अमृत है। अमृत का जन्म नहीं होता, मरण भी नहीं होता। ब्रह्म सूत्र में सारी शंकाओं, मतों का विवेचन है। फिर ब्रह्म को ही जगत का कारण बताया गया है। दर्शन का सदुपयोग बौद्ध, जैन ने भी किया, लेकिन शंकराचार्य विरल हैं। उन्होंने राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता को परिपुष्ट किया।

# सिविक सेंसः समाज की प्रगति की आधारशिला


तपन कुमार
सहायक मीडिया प्रभारी
एमजेपीआरयू, बरेली

भारत एक विविधतापूर्ण और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश है, जहां सरकारें नागरिकों के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान करती हैं। सड़कें, अस्पताल, स्कूल, पार्क, सार्वजनिक परिवहन और स्वच्छता व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं जनता के करों के पैसे से ही संचालित होती हैं। किंतु, इन सुविधाओं के प्रति हमारी उदासीनता और सार्वजनिक संपत्ति के विनाश की प्रवृत्ति देश के विकास में बाधक बन रही है। यह एक गंभीर विडंबना है कि हम सरकार से बेहतर सुविधाओं की मांग तो करते हैं, परंतु स्वयं एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने में पीछे रह जाते हैं। इसका मूल कारण है-सिविक सेंस की भारी कमी। भारत में आंदोलनों, धरनों और जुलूसों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करना एक आम बात हो गई है। बसों और ट्रेनों को आग के हवाले कर देना, सड़कों पर बैरिकेड्स तोड़ना, ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाना-ये सभी कार्य आम नागरिकों द्वारा ही किए जाते हैं। ये सुविधाएं हमारे अपने पैसे से बनती हैं, फिर भी हम उन्हें नष्ट करने में संकोच नहीं करते। ट्रेनों में बल्ब, पंखे, सीटें और यहां तक कि टॉयलेट फिटिंग्स भी चोरी हो जाती हैं। यात्रियों द्वारा ट्रेनों की दीवारों पर अश्लील लिखाई करना और शीशे तोड़ना आम बात है। यदि हम स्वयं ही अपनी संपत्ति को नष्ट करेंगे, तो सरकार चाहे कितनी भी सुविधाएं क्यों न बना दे, देश कभी विकसित नहीं हो पाएगा।

यातायात अनुशासनहीनता-भारत में सड़क दुर्घटनाएं विश्व में सबसे अधिक होती हैं। इसका एक बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। लोग हेलमेट नहीं पहनते, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करते, गलत दिशा में वाहन चलाते हैं और ज़बरदस्ती ओवरटेक करने की कोशिश करते हैं। जब कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो लोग पीड़ित की मदद करने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाने लगते हैं। कई बार तो अस्पताल पहुंचाने में देरी के कारण जान चली जाती है। जाम में एम्बुलेंस के लिए रास्ता नहीं छोड़ा जाता, जिससे मरीज़ की जान जोखिम में पड़ जाती है। यदि हम थोड़ा सा भी सिविक सेंस दिखाएं, तो सैकड़ों जानें बचाई जा सकती हैं। साथ ही स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति उदासीनता-स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद, हमारे शहरों और गांवों में कूड़े का ढेर लगा रहता है। लोग सड़कों पर थूकते हैं, प्लास्टिक फेंकते हैं और नालियों को गंदगी से भर देते हैं। हम सभी जानते हैं कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है, फिर भी हम इसे यहां-वहां फेंक देते हैं। सरकार लाखों पेड़ लगाती है, लेकिन लोग उनकी देखभाल नहीं करते। सफाई केवल सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं है। यदि हम स्वयं कूड़ा कूड़ेदान में डालें और दूसरों को भी प्रेरित करें, तो देश स्वच्छ बन सकता है। विद्यालयों और कॉलेजों में सिविक सेंस को एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए। छात्रों को सार्वजनिक संपत्ति का महत्व, यातायात नियम, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। साथ ही सरकार और एनजीओ को मिलकर "सिविक सेंस मिशन" चलाना चाहिए। टीवी, सोशल मीडिया और होर्डिंग्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है।

सिविक सेंस किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव होती है। जापान, सिंगापुर और स्विट्ज़रलैंड जैसे देशों की प्रगति का रहस्य उनके नागरिकों का अनुशासन और सार्वजनिक जीवन के प्रति सम्मान है। यदि हम भी एक विकसित भारत का सपना देखते हैं, तो हमें अपने सिविक सेंस को सुधारना होगा।

# जब स्कूल बंद होते हैं, तो भविष्य चीखता है


नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

यह दुर्भाग्य नहीं, बल्कि सुनियोजित उपेक्षा है। यह वही शासन है जो चुनावी रैलियों में हज़ारों करोड़ बहा देता है, मगर शिक्षा के नाम पर तिजोरी के ताले कस लेता है।

शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और विद्यालय उस भविष्य की प्रयोगशाला जहां सपनों को आकार मिलता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पांच हज़ार सरकारी स्कूलों को बंद करने का निर्णय केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक उपेक्षा का प्रतीक है। जब एक सरकार अपने राज्य के पांच हज़ार सरकारी विद्यालयों पर ताला डालने का निर्णय करती है, तो यह केवल ईंट-गारे की इमारतों का अंत नहीं होता, यह भविष्य की संभावनाओं, बच्चों के सपनों, और समाज के उजासपूर्ण कल की विधिवत शवयात्रा होती है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह फैसला, जिसकी वजहें बड़ी नपे-तुले शब्दों में दी गई हैं-स्कूलों की जर्जर स्थिति, शिक्षा का गिरता स्तर, शिक्षकों की अनुपलब्धता, शहरीकरण, और निजी अंग्रेज़ी स्कूलों की ओर झुकता समाज, दरअसल हमारी सामाजिक चुप्पी और लोकतांत्रिक बेहोशी का नतीजा है।

आश्चर्य की बात यह नहीं कि स्कूल बंद किए जा रहे हैं, असली हैरत इस पर होनी चाहिए कि हम सब इतने निःशब्द क्यों हैं। यह निर्णय बताता है कि सरकार को अब यह कहने में भी संकोच नहीं कि हमें आपके बच्चों की शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। हमने आपकी मूलभूत ज़रूरतों को दरकिनार करना सीख लिया है, और आपको इसकी आदत भी डलवा दी है। क्या कोई भी सरकार इन समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती थी? जर्जर स्कूलों को मरम्मत करना, शिक्षकों की बहाली करना, संसाधनों का पुनर्वितरण करना और शिक्षा में गुणवत्ता का संचार करना, ये सब शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। परन्तु जब सत्ता यह सब करना ही न चाहे, तो बहाने बनाना और दोष दूसरों के सिर मढ़ना सहज हो जाता है।

यह दुर्भाग्य नहीं, बल्कि सुनियोजित उपेक्षा है। यह वही शासन है जो चुनावी रैलियों में हज़ारों करोड़ बहा देता है, मगर शिक्षा के नाम पर तिजोरी के ताले कस लेता है। उसका विश्वास उस मतदाता पर है, जो अस्पताल की बदहाली, स्कूल की वीरानी और रोजगार की क्षीणता के बावजूद वोट धर्म, जाति और भावनात्मक नारों के आधार पर देता है। शिक्षा से वंचित समाज सवाल नहीं करता। वह आंखें मूंदकर विश्वास करता है, जयकारे लगाता है और शत्रु गढ़कर अपना गुस्सा निकाल लेता है। सत्ता यही चाहती है, एक ऐसा समाज जो सोचता नहीं, केवल मानता है। धर्म, जो मनुष्य के भीतर नैतिकता और विवेक का संचार करता है, अब एक ऐसा उपकरण बन चुका है जिसे सत्ता जब चाहे घुमा देती है। धर्म की आड़ में शिक्षा की हत्या अब कोई नई बात नहीं रही। किसी को यह नहीं खटकता कि जिन बच्चों के हाथ में किताबें होनी चाहिए, वे धार्मिक रैलियों में झंडे थामे खड़े हैं। उनके माता-पिता इस भ्रम में हैं कि "धर्म की रक्षा" हो रही है, जबकि दरअसल उनके बच्चों के भविष्य की चिता जलाई जा रही है। एक शिक्षित समाज वह होता है जो प्रश्न करता है, तर्क करता है, आलोचना करता है और विकल्प तलाशता है। यह हर सत्ता के लिए चुनौती है। इसलिए शिक्षा में कटौती, स्कूलों का बंद होना, पाठ्यक्रम से विचारशील साहित्य और इतिहास का गायब हो जाना, ये सभी एक बड़े सोशल इंजीनियरिंग का हिस्सा हैं।

सरकारों को सवाल पूछने वाले नागरिक नहीं चाहिए। उन्हें जय-जयकार करने वाले, तथ्यों से दूर और भावनाओं के झूले में झूलते लोग चाहिए। इसलिए जब पांच हज़ार स्कूल बंद होते हैं, तो यह केवल ईंट-पत्थर का नुकसान नहीं, यह उस लोकतंत्र की चेतना का ह्रास है जहां सरकारें जवाबदेह होती थीं। हमारे चुप रहने का अर्थ केवल सहमति नहीं होता, यह एक तरह की सहभागिता है। जब हम इन घटनाओं पर उदासीन रहते हैं, तो हम उस अपराध में साझीदार बनते हैं जो हमारे बच्चों से उनका हक़ छीनता है। यह समझना जरूरी है कि लोकतंत्र केवल सरकार बनाने का माध्यम नहीं, सरकार को जवाबदेह बनाने का भी माध्यम है। अगर हम शिक्षा जैसे मुद्दों को चुनावी एजेंडे से बाहर कर देंगे, तो सरकारें भी उन्हें अपनी प्राथमिकता सूची से बाहर कर देंगी और फिर एक दिन ऐसा आएगा जब सरकारी स्कूल नहीं होंगे और शिक्षा केवल एक 'बिकाऊ उत्पाद' बनकर रह जाएगी, जिसकी कीमत केवल अमीर चुका सकेंगे। अब समय आ गया है कि हम धर्म, जाति, और भावनाओं के नारों से ऊपर उठें और उन प्रश्नों को सामने लाएं जो सचमुच हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं-शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और गरिमा। वरना यह सिलसिला थमेगा नहीं। आज पांच हज़ार स्कूल बंद हुए हैं, कल शायद पांच लाख बच्चे शिक्षा से बाहर कर दिए जाएंगे। सवाल यह नहीं कि सरकार स्कूल क्यों बंद कर रही है, सवाल यह है कि हम अब भी चुप क्यों हैं? "क्योंकि जिन बच्चों को किताबें नहीं मिलतीं, वो कभी संविधान नहीं पढ़ते और जो संविधान नहीं पढ़ते, वो कभी सवाल नहीं करते।" यदि हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाला कल हमें नहीं, हमारे बच्चों को अभिशाप देगा।

गांव, कस्बे और शहरों की गलियों में अगर स्कूलों के बंद दरवाज़े मौन खड़े हैं, तो यह मौन हमारी सामाजिक असफलता का प्रतीक है। ये दरवाज़े सिर्फ स्कूल के नहीं, अवसरों के, चेतना के और समभाव की संस्कृति के हैं। क्या हमने अपने बच्चों के भविष्य का सौदा इतनी आसानी से कर दिया है? क्या विकास केवल सड़कों और चमकते शहरों का नाम है? जब तक शिक्षा हर गली, हर टोले और हर बच्चे तक नहीं पहुंचेगी, तब तक कोई राष्ट्र उन्नत नहीं कहला सकता। शिक्षा को लेकर हमारी सामूहिक उदासीनता ही आज के संकट की जड़ है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि अगर हम आज नहीं बोले, तो आने वाली पीढ़ियां न केवल शिक्षाविहीन होंगी, बल्कि असहाय भी होंगी। यह केवल एक नीति की असफलता नहीं, यह नागरिक चेतना की पराजय है।

# दान का महत्व


सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

हर धर्मों में दान का बहुत महत्व बताया गया है। जिसके चलते दान की परंपरा चली आ रही है, लेकिन दान किस तरह और किन लोगों को करना चाहिए, इस पर ध्यान कम दिया जाता है। धर्मस्थलों के बाहर चादर बिछाकर या कटोरा लेकर बैठे लोगों को कुछ रुपए पैसे देकर दान का कर्तव्य मान लिया जाता है। जबकि दान की यह सही तरीका नहीं है।

सर्व प्रथम दान देने के लिए सुयोग्य पात्र की तलाश करनी चाहिए। ऐसा व्यक्ति जो जीवन में कुछ करना चाहता है और धन के अभाव में नहीं कर पा रहा है। ऐसे व्यक्ति को दान और मदद से वह खुद तो स्वावलंबी बनेगा, साथ में वह दूसरों को भी स्वावलंबी बनाएगा, जबकि धर्मस्थलों के बाहर बैठे भिखारी आजीवन भीख ही मांगते है। उनकी आदतें भीख मांगने की जो हो जाती है, वह जल्दी छूटती नहीं। इस संबंध में एक बोध कथा है कि कोई युवा भिखारी सड़क किनारे बैठकर भीख मांगा करता था। आते जाते लोग कुछ रुपए उसे दे देते थे। लेकिन किसी महात्मा से उसने भीख मांगी तो महात्मा जी पूछ बैठे, 'यहां बैठकर तुम भीख मांगते हो कि कहीं आते-जाते भी हो।' भिखारी बोला, 'कहीं जाता नहीं, यहीं बैठकर भीख मांगकर काम चलाता हैं।' 'महात्मा ने कहा, 'जब कहीं जाते नहीं तो तुम्हरा पैर बेकार का है। 10 हजार ले लो और बदले में पैर दे दो। इस पर भिखारी बोला, 'लेकिन पैर दे दूंगा तो नित्य क्रिया के लिए कैसे जाऊंगा'। महात्मा जी ने कहा, 'चलो, 20 हजार में एक हाथ दे दो।' भिखारी हाथ देने के लिए भी तैयार नहीं हुआ। महात्मा जी एक लाख में दोनों आखें जब मांगी तो तैश में आ गया भिखारी बोला, 'करोड़ रुपए देंगे तो एक शरीर का एक रोम (रोआ) दूंगा नहीं। चलिए आगे बढिए।' भिखारी के इस कथन पर महात्मा बोले, 'जिसके पास करोड़ों की संपत्ति है, वह भीख मांगे, यह भी उचित नहीं। महात्मा जी की वाणी उसके मन में लग गई और बोल पड़ा, 'अब भीख नहीं मांगूगा। उस दिन से भीख मांगना छोड़, वह अपने काम में लग गया।

दान के बारे मनीषियों ने तो यहां तक कहा कि दाहिना हाथ दान करे तो बाएं हाथ तक को खबर न लगे कि दाहिने हाथ ने दान किया है। दान का स्तर भी तय किया गया है। प्रथम उत्तम दान उसे कहा गया है कि जहां किसी काम के लिए धन की जरूरत हो तो दान दाता खुद दान के लिए आगे बढ़कर दान का प्रस्ताव करें। द्वितीय स्तर का दान वह है, जो दानदाता से मांगना पड़े। जबकि मांगने पर नाक-भौ सिकोड़ कर कोई दान करता है तो वह अधम किस्म का दान होता है। दान देने के बाद उसका प्रचार-प्रसार अहंकार का सूचक है। उत्तम किस्म का दान उसे ही माना जाता है नो सद कार्यो में लगा दिया जाए और उसका प्रचार प्रसार न किया जाए। प्रचार प्रसार का आशय तो यही निकलता है कि समाज में खूब वाहवाही हो।

# भावनाओं का सूचकांक


राजीव सिंह
कानपुर

शेयर बाजार केवल धन का खेल नहीं यह भावना, आत्मस्वीकृति और पछतावे का भी मंच है। शेयर बाजार में भागीदारी महज़ संख्याओं, लाभ और हानि की गणना नहीं होती यह आत्मा की गहराइयों तक जाती एक यात्रा होती है। जहां निवेशक केवल धन नहीं, बल्कि भरोसा, समय और भावनाएं भी निवेश करता है।

इस यात्रा में हर निवेशक को कभी न कभी एक भाव जरूर छूता है। अफसोस, काश पहले आया होता हर नए निवेशक को शुरुआत में यही लगता है कि अगर वह कुछ साल पहले बाजार में आया होता तो अब तक काफी मुनाफा कमा चुका होता। सेंसेक्स और निफ्टी की पुरानी चालों को देखकर ऐसा लगता है जैसे बीते हर मौके पर वह चूक गया। यह अफसोस व्यक्ति को शुरुआत से ही पिछड़ेपन के भाव में डाल देता है। काश ज्यादा खरीदा होता -जब निवेश के तुरंत बाद शेयर का भाव ऊपर जाता है, तो सबसे पहला पछतावा यह होता है कि हमने थोड़े ही क्यों खरीदे? क्या होता अगर हम और खरीद लेते? यह लोभ का एक प्रारंभिक रूप है, जो निवेश के रोमांच में व्यक्ति को और जोखिम लेने को उकसाता है। काश नहीं खरीदा होता शेयर खरीदने के तुरंत बाद उसका मूल्य गिरना शुरू हो जाए तो निवेशक सोचता है-'ये मैंने क्यों खरीदा?' ऐसा लगता है जैसे खुद से या अपने निर्णय लेने की प्रक्रिया से विश्वास उठ गया हो। काश और नीचे खरीदा होता अगर किसी शेयर का मूल्य और नीचे गिरता है, तो व्यक्ति पछताता है कि जल्दबाज़ी में खरीद लिया। धैर्य रखता तो और सस्ते में मिल जाता। यह अफसोस व्यक्ति को अपनी समय-प्रबंधन क्षमता पर सवाल उठाने को मजबूर करता है।

कभी-कभी दो शेयरों में से एक को चुनते हैं और दूसरा उड़ान भर जाता है। निवेशक बार-बार सोचता है, 'दूसरा चुनता तो कितना फायदा होता!' यह तुलना की भावना मानसिक अशांति का कारण बनती है। साथ ही अगर कोई शेयर बेचने के बाद उछाल मारता है, तो यही लगता है कि जल्दबाज़ी कर दी। जब शेयर बिकने के बाद गिरता है और हम केवल थोड़ी होल्डिंग निकाल पाते हैं, तो सोचते हैं-'पूरा क्यों नहीं बेच दिया?' यह अवसर गंवाने की पीड़ा में बदलता है।

साथ ही दूसरों की सलाह पर खरीदे गए शेयर अगर नुकसान में जाते हैं, तो व्यक्ति को लगता है-'मैंने क्यों सुना?' यह अफसोस निवेशक को आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र निर्णय लेने की ओर धकेलता है। कई बार भावनाओं में आकर फैसले लिए जाते हैं-डर, लालच, या उत्साह में। बाद में पछतावा होता है कि थोड़ा सोच-समझ कर निर्णय लेते तो अच्छा होता। तकनीकी ज्ञान की कमी और बुनियादी विश्लेषण न करने का अफसोस व्यक्ति को सीखने की प्रेरणा तो देता है, लेकिन यह देर से आता है। समग्र बाजार की प्रकृति-इसके उतार-चढ़ाव, इसके चक्र, इसके संकेत-को न समझ पाने का पछतावा व्यक्ति को बार-बार भविष्य की रणनीति पर सोचने को मजबूर करता है। हर निवेश के साथ जुड़ा एक भाव होता है। चाहे वह लाभ हो या हानि-निवेशक की स्मृति में वह एक चिह्न छोड़ता है। यही चिह्न जब समझ, सुधार और संकल्प में बदलता है, तब अफसोस ज्ञान बन जाता है। 'भावनाओं का सूचकांक' यही सिखाता है कि बाजार केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, यह आत्ममंथन का अवसर भी है। हर अफसोस हमें सजग बनाता है। और हर सजग निवेशक एक बेहतर नागरिक बनाता है जो जिम्मेदार, धैर्यवान और दीर्घकालिक सोच रखता है।

# अंतरिक्ष में व्यापार, होटल और मुसाफिर


अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

पिछली सदी में अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए इतने विशाल संसाधनों और पूंजी की जरूरत पड़ती थी कि महाशक्ति कहलाने वाले विकसित देशों के अलावा किसी और का इस क्षेत्र में दखल नहीं हो सकता था।

भारतीय वायुसेना के कैप्टन और लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने को मीडिया द्वारा देश के गौरव और उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। जैसा कि ऐसे अवसरों पर होता आया है। बेशक यह एक महत्वपूर्ण लेकिन रोमांचक अवसर है क्योंकि शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को संभावित वापसी से पहले वहां जो प्रयोग करेंगे, जानकारियां और अनुभव जुटाएंगे उनका उपयोग देश के गगनयान मिशन-2027 के लिए किया जाएगा।

भारत के गौरव को महसूस करते वक्त इस तथ्य को ध्यान में रखा जाना चाहिए कि 41 साल पहले स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा को भारत-रूस मैत्री के कारण अंतरिक्ष में भेजा गया था लेकिन इस बार भारत सरकार को एक निजी अमेरिकी स्पेस कंपनी, एक्जियम को 448 करोड़ रूपए या 65 मिलियन डॉलर देने पड़े हैं। इस रकम में कैप्टन शुक्ला की ट्रेनिंग, लांच, यात्रा, आवास और इंटरनेशल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) पर शोध का खर्चा शामिल है।इस मिशन में भारत के साथ पोलैंड और हंगरी के भी दो यात्री हैं। इन देशों ने भी पहले सोवियत संघ की ही मदद से अंतरिक्षगामी होने की उपलब्धि पाई थी। यह परिवर्तन बताता है कि अंतरिक्ष का व्यासायीकरण हो चुका है और वहां की सपनीली यात्रा के मायने पूरी तरह बदल चुके हैं। लोगों को ट्रेनिंग देकर स्पेस में ले जाना, उन्हें होटल जैसे आइएसएस में किराए के एक कमरे में रखना और सुरक्षित वापस लाना अमेरिकी कंपनी एक्जियम का बिजनेस है। यह एक्जियम का चौथा मिशन है जिसकी तीन सीटों के लिए किराया लिया गया है। चौथी सीट पर इस मिशन में कमांडर की भूमिका निभा रही पेगी व्हिटसन गई हैं जो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री और कंपनी की एक कर्मचारी हैं। हर साल ऐसे दो मिशन एक्जियम की तरफ से भेजे जाने लगे हैं जिनमें किसी देश की कोई भूमिका नहीं होती है। जब अंतरिक्ष अन्वेषण के अनुंसधानों की शुरूआत हुई थी तो इस क्षेत्र में दो राजनीतिक-सामरिक महाशक्तियों रूस और अमेरिका दबदबा था अब चीन का अलग स्पेस स्टेशन है। शीतयुद्ध के दौरान 1969 में अपोलो के चांद पर उतरने को राष्ट्रीय गौरव, श्रेष्ठता और प्रतिद्वंदी को पछाड़ने के भाव से प्रचारित किया गया था लेकिन बीते कुछ दशकों में परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। अब निजी स्पेस कंपनियों की भागीदारी बढ़ती जा रही है जो जल्दी ही अंतरिक्ष पर वर्चस्व में बदलने की राह पर है। इन दिनों किसी राष्ट्र की नहीं तीन बड़े पूंजी निवेशकों की चर्चा है। पहले नंबर पर हैं एलोन मस्क जिनकी कंपनी स्पेस-एक्स का दावा मनुष्य को एक साथ कई ग्रहों पर बसने वाली प्रजाति बनाने का है। दूसरे हैं, ब्लू ओरिजिन्स के जेफ बेजोस जिनका दावा प्रदूषण फैलाने वाले भारी उद्योगों को पृथ्वी से उखाड़ कर अंतरिक्ष में पहुंचा देने का है। तीसरे निवेशक हैं विरजिन गैलेक्टिक के रिचर्ड ब्रैन्सन जिनका लक्ष्य अधिक से अधिक गैरपेशेवर एस्टोनॉट्स (जो किराया देने में सक्षम हों) को अंतरिक्ष में ले जाने का है। ऐसा क्यों और कैसे हुआ? इसे समझने की कोशिश करते हुए भारत के उन साधारण लोगों के चेहरे स्मृति में रखने की जरूरत है जिन्हें कुछ साल पहले हवा और पानी के व्यापार की बातों पर आश्चर्य और अविश्वास हुआ करता था। अब एक नई और कहीं अधिक हैरतअंगेज व्यापारिक दुनिया के दरवाजे उस अंतरिक्ष में खुलने जा रहे हैं। पिछली सदी में अंतरिक्ष के अन्वेषण के लिए इतने विशाल संसाधनों और पूंजी की जरूरत पड़ती थी कि महाशक्ति कहलाने वाले विकसित देशों के अलावा किसी और का इस क्षेत्र में दखल नहीं हो सकता था। इस बीच टेक्नोलॉजी का तेज विकास हुआ जिससे उपग्रहों के प्रक्षेपण की कीमत काफी कम हो गई। अब सस्ते और छोटे उपग्रह बनने लगे हैं जिन्हें मिनिएचर या क्यूब सैटेलाइट कहा जाता है जिनके दम पर कुछ विश्वविद्यालय भी अपने स्पेस मिशन लांच करने लगे हैं। कुछ दशक पहले यह कल्पना से परे की बात थी। इस दिशा में रियूजेबल रॉकेट टेक्नालॉजी (आरआरटी) सबसे प्रभावी खोज साबित हुई जिसमें स्पेस-एक्स अग्रणी है।

सैटेलाइट इंडस्ट्री एसोसिएशन की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में व्यावसायिक उपग्रह उद्योग ने संचार, प्रेक्षण और अनुसंधान सेवाएं देकर 285 बिलियन डॉलर की कमाई की। अमेरिकी संसद ने 1984 में कामर्शियल स्पेस लांच एक्ट पास कर दिया था जिसके तहत सरकार निजी अभियानों की निगरानी कर सकती है लेकिन नियंत्रण प्राइवेट कंपनियों का होता है। अब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) का निजीकरण किया जा चुका है। नासा खुद स्पेस-एक्स की साझेदारी में कार्मशियल क्रू प्रोग्राम संचालित कर रहा है जिसके तहत अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस स्टेशन तक ढोया और वापस लाया जाता है। 2008 की ग्लोबल मंदी में आइएसएस का खर्चीला रखरखाव अमेरिका के लिए समस्या बन गया था, इसे 2030 तक खत्म कर देने का प्रस्ताव लाया गया था लेकिन अब किराए पर दिए जाने वाले ऐसे पांच निजी स्टेशन बनाने की योजना पर काम चल रहा है। जल्दी ही अंतरिक्ष में भी वैसी ही व्यापारिक स्पर्धा और यात्रा के बाजार पर कब्जा करने की तिकड़में देखने को मिलेगी जो धरती के शेयर बाजारों में अक्सर नजर आती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# सावन का पहला सोमवार कल, पुलिस-प्रशासन ने कसी कमर

## छोटी काशी पहुंच पुलिस अधीक्षक ने देखीं व्यवस्थाएं, सोमवार को 50 हजार से अधिक शिवभक्तों के पहुंचने की उम्मीद

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सावन शुरू होने के साथ ही शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। कल सावन का पहला सोमवार है। अनुमान है कि पहले सोमवार पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालु और कांवड़िये जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए प्रशासन लगातार मशक्कत कर रहा है। शनिवार को एसपी संकल्प शर्मा ने शिव मंदिर परिसर का निरीक्षण करने के बाद कोतवाली में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही कहा कि कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

प्रशासन का दावा है कि श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार कॉरिडोर निर्माण के चलते शिव मंदिर के पुराने मुख्य मार्ग को सावन के प्रत्येक सोमवार और विशेष तिथियों पर बंद रखने की योजना तय हुई है। वहीं गोकर्ण तीर्थ को चारों ओर से टिन की चादर से ढक दिया गया है। प्रशासन ने दर्शन के लिए महिला और पुरुषों के लिए बैरिकेडिंग कर अलग-अलग दीर्घाएं बनाई हैं। इन्हीं सभी तैयारियों का शनिवार को एसपी संकल्प शर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने एएसपी, तीन सीओ, तमाम उप निरीक्षकों के साथ नीलकंठ मैदान, पौराणिक शिव मंदिर और भीड़ वाले प्वाइंटों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


गोला के गोकर्ण तीर्थ की तलीझाड़ सफाई करते सफाईकर्मी। ● अमृत विचार

### सावन के प्रत्येक सोमवार को कांवड़ियों पर होगी पुष्प वर्षा



**गोला गोकर्णनाथ।** नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में सामाजिक संगठनों की बैठक में सावन के प्रत्येक सोमवार को कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करने का निर्णय लिया गया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कांवड़ियों के स्वागत एवं पुष्पवर्षा के लिए योजना बनाई, जिसमें सावन के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को रोटरी क्लब गोला सेन्ट्रल, लायंस क्लब गोला और नगर पालिका परिषद गोला के सभासद सदर चैराहे पर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करेंगे। द्वितीय सोमवार 21 जुलाई को पूर्व सैनिक सेवा परिषद, व्यापार मंडल कंछल गुट, भारत विकास परिषद छोटी काशी और श्याम दीवाने सेवा समिति कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करेंगे। तीसरे सोमवार 28 जुलाई को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, भारत विकास परिषद गोला, गोला कोचिंग एसोसिएशन और रोट्रेक्ट क्लब यूथ कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करेंगे। चार अगस्त चौथे एवं अंतिम सोमवार को रोट्रेक्ट क्लब गोला छोटी काशी, गोला टूरिज्म तथा विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों स्वागत करेंगे।

### मुख्य प्रवेश द्वार पर ही रहेंगी मालियों की दुकानें, पर पानी का इंतजाम नहीं



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सावन माह में मेले के दौरान फल, फूल, बेलपत्र, प्रसाद सामग्री बेचने वाले मालियों की दुकानें पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले मुख्य प्रवेश द्वार से ही कतारों में लगेगी, जिससे उनके व्यापार पर कोई प्रभाव न पड़े। अधिकारियों की अनुमति मिलने पर मालियों ने धूप और वर्षा से बचाव के लिए तिरपाल डाल लिए हैं। स्टेशन रोड पर बनाए गए शिव मंदिर जाने वाले मुख्य प्रवेश द्वार से बैरीकेडिंग तक श्रद्धालुओं के नहाने, जल भरने के लिए अभी तक पानी के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिससे दुकानदारों, श्रद्धालुओं को समस्याएं हो सकती हैं। इस बार शिव मंदिर कॉरिडोर निर्माण के चलते स्टेशन रोड पर बनने वाले मुख्य प्रवेश द्वार से श्रद्धालुओं, कांवड़ियों के शिव मंदिर जाने की व्यवस्था की गई है। प्रवेश द्वार के निकट ही कतार में मालियों को दुकाने लगाने की अनुमति दी गई है, ताकि उनके व्यापार पर कोई प्रभाव न पड़े। पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए जल की कोई व्यवस्था न होने से श्रद्धालुओं के साथ-साथ दुकानदारों को भी परेशानी होगी। शिव मंदिर कॉरिडोर सौंदर्यीकरण के कार्यों हेतु यूपीपीसीएल की कार्यदाई संस्था के द्वारा लगवाए गए समरपंप की सप्लाई भी अस्थाई रूप से बंद कर दी गई है। कार्यकारी संस्था के अधिकारियों ने बताया कि दुकानदार, राहगीर पानी लेकर समरपंप की पाइप खुला छोड़ देते हैं, जिससे जल गलियों में भर जाता है इसी के चलते समर का कनेक्शन बंद कर दिया गया है। प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद मालियों ने सावन मेला के दौरान अपनी दुकान मुख्य प्रवेश द्वार पर खुद की छाया आदि की व्यवस्था करके लगा ली हैं।

### गोकर्ण तीर्थ की तली झाड़ सफाई शुरू

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने शुक्रवार से गोकर्ण तीर्थ में पड़ी गंदगी, मलवा हटाने का काम शुरू कर दिया था, जिसे शनिवार देर शाम तक हटाया जाता रहा। रविवार को तीर्थ में स्वच्छ जल भर जाने की संभावना है। गोकर्ण तीर्थ में वर्षा का गंदा पानी भर जाने से पंपिंग सेट चला कर पानी निकलवाए जाने के बाद गोकर्ण तीर्थ की तली झाड़ सफाई शुरू कराई गई। नीचे गा डी , मलवा झिल्ली को हटाकर शनिवार देर शाम तक नगर पालिका के सफाई कर्मचारी गोकर्ण तीर्थ से गंदगी हटाते रहे। रविवार को श्रद्धालुओं के स्नान और आचमन करने के लिए स्वच्छ जल भर जाने की उम्मीद है। सावन माह के पहले सोमवार 14 जुलाई को बाहर से आने वाले श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा सकेंगे।

### बड़े वाहनों का प्रवेश बंद

सावन माह के प्रत्येक शनिवार से सोमवार रात तक नगर में बड़े वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। नगर के अंदर भी रविवार शाम 7 बजे से सोमवार रात 11 बजे तक ई रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे। अलीगंज रोड, स्टेशन रोड पर बाइकों का प्रवेश भी निषेध रहेगा। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर सभी प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगवाए हैं।

### अलग-अलग रहेंगी लाइनें

पुलिस अधिकारियों ने तय किया कि सावन माह में भीड़ नियंत्रण के लिए पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक दर्शन पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग लाइनें लगाई जाएंगी। महिला पुरुष और डाक कावड़ के लिए भी अलग लाइन की व्यवस्था की गई है।

## रोटरी क्लब और सीएचसी ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**गोला गोकर्णनाथ।** सावन मेले में दर्शन के लिए आने वाले कांवड़ियों और शिव भक्तों की सेवा हेतु रोटरी क्लब गोला सेंट्रल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त प्रयास से शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर पूरे सावन माह में 24 घंटे सेवाएं देगा, जिसमें डॉक्टरों की तैनाती की गई है। शिविर का उद्घाटन रोटरी क्लब के संस्थापक और वरिष्ठ सदस्य महेंद्र गिरी एवं मंडल 3120 सहायक मंडलाध्यक्ष डॉ.योगेश कनौजिया ने फीता काटकर किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अभिषेक राजपूत ने स्वास्थ्य शिविर में सहयोग के लिए सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय वर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य शिव भक्तों को सुरक्षित और सहज यात्रा में सहायता प्रदान करना है। संचालन सचिव प्रमोद वर्मा ने किया। इस मौके पर सीएचसी के डॉ. जितेन्द्र, डॉ. नरेन्द्र कुमार, सहयोगी रवि मिश्रा क्लब के कोषाध्यक्ष खालिद रियाज, आदर्श सोनी, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, डॉ. मधुकर गिरि आदि मौजूद रहे।

### नगर में प्रमुख मार्गों पर लगाए गए बैरियर

छोटी काशी में सावन माह का विशेष महत्व है जिसको लेकर लाखों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने आते हैं। सड़कों पर भीड़ नियंत्रित रहे इसके लिए प्रशासन ने सभी प्रमुख मार्गों पर कई जगह बैरियर लगवाए हैं।

## अमीरनगर चौकी इंचार्ज ने श्रद्धालुओं के लिए दुरुस्त कराए मार्ग

**बग्घून, अमृत विचारः** मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र की अमीरनगर चौकी इंचार्ज रविंद्र प्रताप सिंह ने पीडब्ल्यूडी के जेई विकास कुमार से बात करके रेडियम कठिना नदी के पास लगवाकर साढ़े पांच मीटर के पांच स्पीड ब्रेकर बनावाए हैं। साथ ही संकेतक बोर्ड लगवा दिए हैं, जिन पर पुलिस विभाग के मोबाइल नंबर लिखे हैं, जिससे कोई भी घटना घटित न हो।

अमीरनगर चौकी इंचार्ज रविंद्र प्रताप सिंह ने लखीमपुर से मोहम्मदी मार्ग पर अमीरनगर के पास रोड के गड्ढे भी लेबरों से मिट्टी डलवाकर बराबर करा दिये, ताकि सावन के महीने में कावड़ियों को दिक्कत न हो। उन्होंने अमीरनगर कसबे में बाराती लाल चौराहे पर अतिक्रमण कर लगी दुकानों को हटवा दिया। इससे बराती लाल चौराहा पर जाम नहीं लगगी।

## एसएसबी की बैठक में सोलर लाइट लगवाने पर विचार


ग्रामीणों के साथ बैठक करते एसएसबी निरीक्षक (सामान्य) संदीप कुमार।

**महंगापुर/संपूर्णानगर, अमृत विचारः** ग्रामीणों को सीमा क्षेत्र की सुरक्षा में भागीदार बनाना और आपसी सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए एसएसबी 39 वाहिनी गदनिया पलिया की सीमा चौकी मिर्चिया में ग्रामीण स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें सोलर लाइट लगवाने पर भी विचार किया गया।

इंडोनेपाल सीमा की चौकी ग्राम रानीनगर, मिर्चिया और टपरा गांव में बैठक में ग्रामीणों ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता निरीक्षक (सामान्य) संदीप कुमार ने की। उन्होंने बताया कि सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की तस्करी अथवा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले तो उसकी सूचना शीघ्र ही सशस्त्र सीमा बल को दी जाए। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने गांव में सोलर लाइट लगवाने की मांग पर समवाय प्रभारी ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

## तेंदुए को सामने देख कार सवारों के होश उड़े

**महंगापुर, अमृत विचारः** पलिया रेंज के गदनिया हरीनगर मार्ग पर रिश्तेदारों को कार से छोड़ने जा रहे फार्मर की कार के सामने अचानक तेंदुआ आ जाने से सभी पसीने से तरबतर हो गए। कुछ देर बार तेंदुआ चला गया, तब सभी ने राहत की सांस ली।

गांव गदनिया हरीनगर रोड निवासी राजवीर सिंह राजा अपनी कार से रिश्तेदारों को गुरुवार रात लगभग 9 बजे छोड़ने जाते समय गदनिया हरीनगर मार्ग पर उनकी कार के सामने अचानक तेंदुआ आ जाने से सब दहशत में आ गए और अपनी कार को वापस पीछे ले जाते हुए काफी देर खड़े होने के बाद तेंदुआ जब पास के गन्ने के खेत में चला गया, तब वह आगे जा सके। इसके बाद तेंदुआ आस पास के फॉर्मों पर देखा गया, जिससे शोर गुल के साथ खदेड़ कर इसकी सूचना वन चौकी परसपुर को दी। सूचना पर पहुंचे वन चौकी फारेस्टर राकेश कुमार पटेल सहित स्टॉफ ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी।

## छोटी काशी की सड़कों पर छुट्टा पशुओं की भरमार


गोला में रेलवे मालगोदाम पर फैली यूरिया खाद। ● अमृत विचार


गोला में एसडीएम को ज्ञापन देने जाते हिंदू शेर सेना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● रेलवे अधिकारियों की लापरवाही से यूरिया खाने से गोवंशीय पशुओं की मौत

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और आंकड़ों के खेल तक सीमित रहने से सड़कों पर छुट्टा पशुओं की भरमार हो गई है। रेलवे यार्ड में फैली पड़ी यूरिया खादे खाने से तीन गोवंशीय पशुओं की असमय मौत और चोरी-छिपे विपरीत दिशाओं में शवों को फिकवाने से गुस्साए हिन्दुवादी संगठनों में रोष है। उन्होंने जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई के लिए एसडीएम को ज्ञापन दिया है।

धार्मिक नगरी छोटी काशी में सावन का मेला चालू हो गया है, जिसमें देखा जा रहा है कि जिम्मेदार रेलवे प्रशासन के यार्ड में फैली पड़ी यूरिया को खाने से तीन गोवंशीय पशुओं की असमय मौत हो गई, जिनके शवों को बिना पोस्टमार्टम कराये चोरी छिपे जेसीबी मशीन से उठवाकर सिकंद्राबाद मार्ग पर फेंकवा दिया गया है।

इस घटना पर आक्रोशित राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के अनूप गुप्ता और उनकी टीम ने उपजिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में कहा है कि नगर में पहले से ही छुट्टा गोवंशीय पशुओं की फौज सड़कों पर हर समय बनी रहती है। दूसरी तरफ रेलवे यार्ड में मालगाड़ी के माध्यम से ही खाद्यान्न व रसायनिक खादें उतरने और बिखरी पड़ी रहने से इन्हें खाने से आए दिन गोवंशीय पशुओं की असमय मौत हो रही है। राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने रेलवे व नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देते समय जिला प्रभारी अशोक कुमार मुन्ना, नगर अध्यक्ष मोहित राठौर, अंश गुप्ता, विकास, आशीष आदि मौजूद रहे।

## साहित्यकार सम्मानित, किताबों का विमोचन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


कार्यक्रम में श्रीकांत तिवारी को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर के स्व. कपिल देव खरे स्मृति में साहित्यिक संस्था कपिलश फाउंडेशन का पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह एवं विश्व रिकॉर्ड अलंकरण समारोह में साहित्यकारों को सम्मानित कर नौ पुस्तकों का विमोचन किया गया।

नोएडा के अरुण विहार कम्युनिटी सेंटर में हुए समारोह कपिलश आजीवन उपलब्धि सम्मान से आकाशवाणी के पूर्व उप महानिदेशक एवं प्रसिद्ध साहित्यकार लक्ष्मीशंकर बाजपेयी (दिल्ली), कैप्टन अभय आनन्द स्मृति सम्मान से गोला के वरिष्ठ साहित्यकार श्रीकान्त तिवारी कान्त को, साहित्य रत्न सम्मान से लखनऊ के व्यंग्यकार अलंकार रस्तोगी, खुर्जा की साधना अग्रवाल साधिका, ऊधमसिंह नगर के सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी, लखनऊ की रेखा बोरा को सम्मानित किया गया। कपिलश साहित्य विभूषण सम्मान नोएडा की मनीषा जोशी, गोला के बीपी बेधड़क, लखीमपुर के अनूप त्रिपाठी, खुर्जा के जयकिशन जय को प्रदान किया गया। साहित्य भूषण से बदायूं के एनपी पाठक, खुर्जा के जीपी सिंह सफर, लखनऊ की डॉ. कुसुम चौधरी तथा दिल्ली की ज्योति जुल्का को और साहित्य श्री सम्मान से बरेली की डॉ. मिथिलेश राकेश तथा लखनऊ की इशरत सुल्ताना और खुर्जा की ऋतु गुप्ता को सम्मानित किया गया।

## जालसाज ने ग्राहक के खाते से निकाल लिए 20 हजार रुपये

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचारः** भारतीय स्टेट बैंक शाखा मैगलगंज से किसी ने विदड्राल फॉर्म के जरिए एक खाताधारक के खाते से 20 हजार रुपये निकाल लिए। खाताधारक जब रुपये निकालने बैंक शाखा गया तो उसे जानकारी हुई। पीड़ित कोतवाली तहरीर देने पहुंचा, लेकिन पुलिस ने उसकी तहरीर नहीं ली।

गांव फरिया पिपरिया निवासी हरिवंश ने बताया कि उसका खाता मैगलगंज स्थित एसबीआई बैंक शाखा में है। उसके खाते में 21 हजार रुपये जमा थे। शुक्रवार को वह बैंक शाखा पहुंचा और विड्राल भरकर जमा किया तो उसे बताया गया कि उसके खाते में सिर्फ एक हजार रुपये हैं। यह सुनकर उसके होश उड़ गए। उसने जब खाते की जानकारी ली तो बैंक कर्मचारियों ने बताया कि कथित रुपये विदड्राल फॉर्म के माध्यम से निकले हैं। खाताधारकों ने बैंक कर्मचारियों पर साठगांठ कर रुपये खाते से निकाले जाने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने यह कहते हुए तहरीर लेने से इन्कार कर दिया कि मामला साइबर फ्रॉड का है। इसकी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराने की बात कह पीड़ित को थाने से टरका दिया।

## चिकित्सा शिविर में हुई 37 पशुओं की जांच

**महंगापुर, अमृत विचारः** एसएसबी 39वीं वाहिनी, गदनिया पलिया द्वारा इंडोनेपाल के एक सीमावर्ती गांव में पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

सीमा चौकी सुमेरनगर की ग्राम पंचायत घोला के शांतिनगर में इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य एवं देखभाल के प्रति जागरूक करना और बीमार एवं संक्रमित पशुओं की निशुल्क जांच एवं उपचार सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर 11 पशुपालकों के 37 पशुओं की विस्तृत चिकित्सा जांच की गई। द्वितीय कमान अधिकारी (पशु चिकित्सा) डॉ. शालिनी परिहार ने अपनी टीम के साथ पशुओं की स्वास्थ्य जांच, सामान्य रोगों की पहचान, टीकाकरण एवं परामर्श सेवाएं प्रदान कीं। 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि सीमावर्ती गांवों के लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।


पशुओं का परीक्षण करतीं डॉ. शालिनी परिहार। ● अमृत विचार

● एसएसबी ने इंडो नेपाल सीमावर्ती गांव में लगाया पशु चिकित्सा शिविर

## युवती से छींटाकशी पर दो पक्षों में विवाद, ईंट-पत्थर चले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● कांशीराम कॉलोनी परिसर में पथराव से मची अफरा-तफरी

**अमृत विचारः** शहर की डीसी रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी में शनिवार की देर शाम एक युवती से छींटाकशी को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों में मारपीट भी हुई। इस दौरान जमकर ईंट-पत्थर भी चले। इससे कालोनी में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद कॉलोनी वासियों में दहशत का माहौल है।

कॉलोनी के लोगों ने बताया कि शनिवार को कॉलोनी के ही एक युवक ने कॉलोनी में रहने वाली एक 22 वर्षीय युवती पर छींटाकशी की, जिसका युवती और उसके भाई ने विरोध किया। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और उनमें मारपीट होने लगी और ईंट पत्थर चलने लगे। इससे कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद पीड़ित पक्ष काफी डरा सहमा हुआ है।

बताते हैं कि युवती पर छींटाकशी करने वाला युवक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ सदर कोतवाली में छह से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कॉलोनी वासियों ने बताया कि आरोपी और उसके कुछ साथियों का जेल गेट चौकी और सदर कोतवाली में उठना बैठना है। सदर कोतवाली का एक मुंशी आरोपियों को संरक्षण देता है। इससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। न ही कोई तहरीर या सूचना कोतवाली पुलिस को मिली है।

## क्षतिग्रस्त चौरी मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे, हादसे की रहती है आशंका

संवाददाता, मझगईं

● मामूली बारिश में भी गड्ढों में भर जाता है पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

**अमृत विचारः** क्षेत्र के कई गांवों की सड़कों की हालत काफी खराब है। इन पर निकलना किसी जोखिम से कम नहीं है। मझगईं-चौरी मार्ग पर बने बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना का सबब बने हुए हैं। गड्ढों में पानी भरने से लोग अंदाजा नहीं लगा पाते और उसमें गिरकर घायल हो रहे हैं।

मझगईं से चौरी तक का लगभग तीन किलोमीटर का डामर मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह मार्ग पलिया निघासन हाईवे से जुड़ता है और दर्जनों गांवों का मुख्य रास्ता है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण मामूली बारिश में भी रास्ते जलमग्न हो जाते हैं। मझगईं से नया पुरवा, चौरी कला, दुबहा, खाले पुरवा और चौरी खुर्द सहित कई गांव बरसात में बाढ़ से प्रभावित रहते हैं। नयापुरवा से मझगईं को जोड़ने वाली सड़क पर पानी की टंकी के पास पुलिया टूटी हुई है। बारिश के दौरान यहां कमर तक पानी भर जाता है। ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान से लेकर विधायक तक को इस समस्या से अवगत कराया है।


बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील मझगईं-चौरा मार्ग।

सड़क निर्माण की मांग की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाही नहीं हुई है। इससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। अजय कुमार, बलराम, राममिलन आदि लोगों ने बताया कि हल्की बरसात होने पर टंकी के पास रास्ते पर कमर तक पानी चलने लगा था।

जिससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है।

## धूमधाम से मनाया गया शनि देव का प्रथम वार्षिकोत्सव



**बरवर, अमृत विचारः** कस्बे में देवी स्थान मंदिर में शनि देव के प्रथम वार्षिकोत्सव पर श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ का आयोजन हुआ और कन्या भोज कराया गया।

शनि देव प्रबंध समिति के आयोजन में संपन्न कार्यक्रम में धीरेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, प्रवीण दीक्षित, सत्यपाल कुशवाहा, सेवानिवृत अध्यापक गरीबदास सोनी, बीरबल कुशवाहा, रघुवीर कुशवाहा, प्रशांत कुमार, राजेश गुप्ता, विपिन गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे

## संदिग्ध हालत में किशोरी का पेड़ से लटका मिला शव

संवाददाता, खमरिया

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी 16 वर्षीय अंजली शुक्रवार की देर शाम खेत की तरफ शौच करने गई थी। खोजबीन करने के दौरान उसका शव गांव के बाहर बगीचे में नीम के पेड़ से लटका बरामद हुआ है। शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना खमरिया के गांव अलीपुर निवासी तेजपाल ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री अंजली देवी शुक्रवार की देर शाम करीब 8:30 बजे घर से खेत की तरफ शौच करने गई थी, लेकिन देर रात तक जब वह घर वापस नहीं आई तो परिजन चिंतित हो उठे और उसकी तलाश शुरू की। काफी तलाश के बाद गांव के बाहर एक बाग में लगे नीम के पेड़ से उसका लटका हुआ शव बरामद हुआ। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक ओपी राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। शव को पेड़ से नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर एएसपी पूर्वी पवन गौतम भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिवार वालों से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रही है। पुलिस कई एंगिलों पर जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह के बारे में कुछ कहा जा सकता है। शनिवार को भी किशोरी की मौत को लेकर ग्रामीणों में भी कई तरह की चर्चाओं का दौर पूरे दिन जारी रहा।

## मुकदमे में गवाही देने जाने पर जान से मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ के मुकदमे में पीलीभीत गवाही देने जाने पर एक युवक को जान से मारने की धमकी दी गई और रास्ते में कई बार उसे घेरकर मारपीट की कोशिश की गई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हजियापुर निवासी एक युवक ने बताया कि उसकी पत्नी ने 2020 में पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी में आरोपी नदीम, अनीस और फैजुल नवी निवासी चक महमूद के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमे का ट्रायल फास्ट ट्रैक कोर्ट पीलीभीत में चल रहा है। जिसमें 17 जुलाई को गवाही देने के लिए जाना है। मुकदमे के तीनों आरोपी आते-जाते रास्ता घेर कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। साथ ही कह रहे हैं कि गवाही दी तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पीड़ित ने खुद की और परिवार के लोगों की जान का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

# शराब चोरी करके फरार पांच बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

## कैंट में शनिवार तड़के हुई मुठभेड़, एक बदमाश के पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कैंट पुलिस की शनिवार तड़के क्षेत्र के कठपुला के पास शराब चोरी करने वाले बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने एक बदमाश के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। घायल समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनोरा भमोरा निवासी रविंद्र, सियानंद उर्फ श्याम, सेरहा थाना दातागंज बदायूं के अवनीश, तजपुरा भमोरा के गुड्डू और ढका बिशारतगंज निवासी जगतपाल के रूप में हुई है।

पुलिस को शनिवार तड़के जानकारी हुई कि अंग्रेजी शराब चोरी करने के मामले में वांछित चल रहे पांच बदमाश दो बाइकों से कठपुला के पास जंगल की ओर से आ रहे हैं। पुलिस टीम ने फौरन पहुंच कर घेराबंदी कर उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस पर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। उसकी शिनाख्त रवींद्र के रूप में हुई। पुलिस ने घायल रवींद्र समेत पांचों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से दो तमंचे, दो कारतूस, चोरी की गई शराब और दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह शराब की दुकानों पर साथियों के साथ मिलकर चोरी करते थे। चोरी किए गए सामान को राजेश निवासी तजपुरा को चोरी छिपे बेच देते थे। साथ ही बताया कि आरोपियों ने 25 अप्रैल की रात राहुल कुमार निवासी गोल्डन ग्रीन पार्क का उमरसिया में स्थित कम्पोजिट शाप से 25 पेटी अंग्रेजी शराब और 5 पेटी बियर चोरी की थी और 27 मई को उमरसिया में ही देशी शराब की दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया था, लेकिन पुलिस के आ जाने पर वहां से भाग गए थे। आरोपी रविन्द्र के खिलाफ अलग-अलग थानों में 16, सियानंद पर 14, अवनीश पर आठ, गुड्डू पर सात, जगतपाल पर नौ, वेदपाल पर सात और राजेश पर छह आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि अंग्रेजी शराब की दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों के साथ मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस गोली से जख्मी हो गया है। घायल समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस गिरोह से जुड़े फरार लोगों की तलाश कर रही है।

# किशोर ने चार साल की बच्ची से किया दुष्कर्म, हालत गंभीर

संवाददाता, मझगईं (लखीमपुर खीरी)

- लखनऊ मेडिकल कॉलेज में बच्ची का चल रहा इलाज

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को चार साल की बच्ची के साथ एक किशोर ने दुष्कर्म किया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर बच्ची को मेडिकल कॉलेज लखनऊ में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को घर के लोग किसी काम से कहीं गए हुए थे। चार वर्षीय बच्ची खेलते खेलते गांव के बाहर गन्ने के खेत की तरफ पहुंच गई। रास्ते में गांव के ही 17 साल का एक किशोर उसे बहला-फुसला कर गन्ने के खेत में लेकर चला गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गया। खून से लथपथ मासूम रोते-बिलखते घर पहुंची और मां को घटना बताई। बच्ची की हालत देखकर परिजनों के होश उड़ गए। बच्ची खून से लथपथ थी, बच्ची की इसी हालत देखकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बच्ची को उसके परिजन के साथ उसे सामुदायिक स्वास्थ्य पलिया ले गए, हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में कोई सुधार होता न देखकर डॉक्टर ने उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वही पुलिस आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर पूंछ तछ कर रही है। पुलिस जांच हेतु आरोपी किशोर को घटना स्थल पर लेकर गई। वही परिजनों समेत पूरे गांव में इस हृदय विदारक घटना से लोग काफी गुस्से में है। कार्यवाहक थाना प्रभारी एसआई कमरुद्दीन ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पेठा फैक्ट्री में मजदूर पर गिरी गर्म चाशनी, मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र के गढ़ी मोहल्ला में पार्षद के भाई के पेठा फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर पर गर्म चाशनी गिरने से उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान शहर में अफवाह फैली कि एफएसडीए के छापे के दौरान हादसा हुआ है। एफएसडीए की टीम ने छापे से ही इनकार किया है।

थाना क्षेत्र के गढ़ी चौकी क्षेत्र में पार्षद चन्द प्रकाश गुप्ता के भाई पप्पू गुप्ता की पेठा फैक्ट्री है। पेठा फैक्ट्री में मोरावपुर मोहल्ला निवासी सुनील (26) कई वर्षों से काम करते थे। वह रोजाना की तरह शनिवार की दोपहर करीब 12:30 बजे फैक्ट्री में काम कर रहे थे। कड़ाही में तैयार हो रही चीनी की चाशनी को वह बाल्टी में भर कर दूसरी जगह उड़ेल रहे थे। इसी दौरान गर्म चाशनी से भरी बाल्टी उनके ऊपर पलट गई, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गए। साथी मजदूरों ने उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर शाम करीब सात बजे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुनील की शादी तीन साल पहले ममता से हुई थी।

उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। वहीं, शहर में अफवाह उड़ी कि एफएसडीए की टीम ने छापेमारी की। इससे डर कर वह भागा और कढ़ाई में गिर गया। सीओ ने भी एफएसडीए के अफसरों से बात की तो उन्होंने छापेमारी से इंकार कर दिया। सीओ द्वितीय अजय कुमार ने बताया कि फैक्ट्री में पेठा में डालने के लिए चीनी की चाशनी बनाई जा रही थी।

जिसे सुनील बाल्टी में भर कर ले जा रहे थे। गर्म चाशनी से भरी बाल्टी उनके ऊपर गिर गई। गंभीर रूप से झुलसे सुनील की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## छोटे भाई से विवाद के बाद युवती ने खाया जहर

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के शांति विहार कॉलोनी में एक युवती ने छोटे भाई से विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि बुधवार रात युवती का उसके छोटे भाई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। नाराज युवती ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को जिला अस्पताल भेज कर युवती का बयान दर्ज कराया गया है। युवती के ठीक होते ही तहरीर लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवती से डॉक्टर ने की दुष्कर्म की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के पीरबहोड़ा स्थित यूनिवर्स अस्पताल में भर्ती युवती के साथ इलाज के दौरान डॉक्टर ने छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता अस्पताल से छुट्टी होने पर घर आई तब परिजनों को आपबीती सुनाई। भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। आरोपी डॉक्टर फरार बताया जा रहा है।

थाना क्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि उसकी बहन बीमार थी। उसे गुरुवार को पीरबहोड़ा स्थित यूनिवर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि शुक्रवार को वह बहन को अस्पताल से छुट्टी दिलाकर घर लाया। जहां पर बहन ने रोते हुए बताया कि अस्पताल में शुक्रवार की दोपहर करीब तीन बजे डॉक्टर नईम ने उसके साथ छेड़छाड़ की और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर शराबा के बाद आरोपी डॉक्टर वहां से चला गया। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, आरोपी डॉक्टर फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### बंगाली डॉक्टर ने साथियों के साथ मिलकर महिला से की दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** नरियावल में बंगाली डॉक्टर ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर शराब के नशे में महिला से छेड़छाड़ की और दुष्कर्म की भी कोशिश की। विरोध पर उसके साथ मारपीट की। डॉक्टर एक साल पहले महिला को नौकरी पर रखने के बहाने अपने साथ लेकर गया था। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह एक वर्ष पहले बरेली जंक्शन पर रहकर अपना जीवन यापन कर रही थी। उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई, जिसने खुद को बंगाली डॉक्टर बताया। आरोपी ने खुद को अकेला बताते हुए अपने साथ चलने को कहा। झांसे में लेकर वह अपने साथ लेकर गया और कहा कि उसे सिर्फ घरेलू काम करना है। वह उसे अपने घर बिथरी चैनपुर के गांव नरियावल में शराब भट्टी के पास नजदीक लेकर गया, तब से महिला उसी स्थान पर रह रही थी। आरोप है कि गुरुवार रात करीब 8:30 बजे आरोपी डॉक्टर ने अपने चार दोस्तों सचिन वाल्मीकि, बंटू, रामधुन और पप्पू को घर बुला कर उनके साथ शराब पी और उसके बाद उसके साथ अभद्रता कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसके साथ जमकर मारपीट की।

# पिंजरे में लगाया बकरा पर नहीं आ रहा तेंदुआ

कार्यालय संवाददाता, नवाबगंज (बरेली)

**अमृत विचार:** हाफिजगंज क्षेत्र में पिछले दो सप्ताह से तेंदुए की दहशत बरकरार। वन विभाग की तरफ से तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में बकरा भी बांध दिया है लेकिन अब तक तेंदुआ शिकार करने के नहीं आ रहा है। जबकि हर रोज क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर तेंदुए देखे जाने के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। शनिवार को क्षेत्र में बाग रखा रहे इशहाक अहमद ने भी तेंदुए देखे जाने की भी बात कही है।

हाफिजगंज की बंद पड़ी खेतान फैक्ट्री परिसर में तेंदुए का वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग की तरफ से फैक्ट्री परिसर में कैमरे लगाने के साथ ही पिंजरा लगाया गया है। पिंजरे में करीब चार दिन से बकरा बांधा है लेकिन अब तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। फैक्ट्री में लगाए गए कैमरे में तेंदुए की तस्वीर कैद हुई, लेकिन वह पिंजरे में नहीं फंस सका। आसपास के गांवों और खेतों में लगातार तेंदुआ देखे जाने से लोगों में डर बना हुआ है। फैक्ट्री से सटे गांव में तेंदुए का वीडियो वायरल हो रहे हैं। फैक्ट्री से सटे एक निजी स्कूल में तेंदुए की दहशत के चलते अवकाश घोषित कर दिया गया है। अब तक क्षेत्र के गांव पनुआ, टांडा, हरहरपुर, उस्मान पुर लाड़पुर, दुआबट में भी तेंदुए देखे जाने के वीडियो वायरल हो चुके हैं। जिला पंचायत सदस्य हाजी मुन्ने अंसारी ने भी वन विभाग से तेंदुए पकड़ने को कहा है।

# बरेली कॉलेज में स्नातक की लगभग सभी सीटें हुईं फुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए बीए, बीएससी जीव विज्ञान और बीकॉम की लगभग सभी सीटें फुल हो गई हैं। कुछ सीटें शेष हैं, जिन्हें ग्रीवांस सेल में आई शिकायतों के निस्तारण की वजह से रोका गया है। ऐसे में अब चौथी मेरिट आने की काफी कम संभावनाएं हैं।

इस वर्ष बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए और बीकॉम ऑनर्स के पाठ्यक्रमों में 5368 सीटों पर प्रवेश के लिए 10769 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इसमें बीएससी गणित में 880 सीटों के सापेक्ष 689, बीएससी जीव विज्ञान में 720 के सापेक्ष 2024, बीकॉम में 1040 के सापेक्ष 1396, बीए में 1840 के सापेक्ष 4931, बीबीए में 120 के सापेक्ष 603, बीसीए में 160 के सापेक्ष 743 और बीकॉम ऑनर्स में 120 सीटों के सापेक्ष 383 आवेदन आए हैं। सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीन मेरिट जारी की गईं। तीसरी मेरिट के प्रवेश शनिवार रात 12 बजे तक हुए। शनिवार तक बीए, बीएससी जीव विज्ञान और बीकॉम की लगभग सभी सीटों पर प्रवेश पूरे हो गए थे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि स्नातक में प्रवेश के लिए तीन मेरिट जारी की गईं। अब तक लगभग सभी सीटें फुल हो गई हैं। कुछ शिकायतें ग्रीवांस सेल में हैं। उनके निस्तारण के लिए कुछ सीटें शेष हैं। ग्रीवांस सेल में शिकायतों के निस्तारण के बाद यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो प्रवेश लिए जाएंगे। चौथी मेरिट जारी होने की संभावना काफी कम है।

**रूद्र-बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, बिलासपुर (रामपुर)**

**ई-टेण्डरिंग के माध्यम से क्रय/कार्य/कराने हेतु निविदा सूचना**

पत्रांकः 317/प्र०प्र०/ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक 12/07/2025

इस मिल समिति में वर्ष 2025-26 में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से विभिन्न प्रकार की आवश्यक सामाग्रियों को क्रय/कार्य/करने/कराने को कराने हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें, निविदा फार्म तथा धरोहर धनराशि एवं निविदा की वैधता से सम्बन्धित पूर्ण विवरण आदि www.etender.up.nic.in से तथा www.upsugarfed.org डाउन लोड किये जा सकते हैं अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबन्धक

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सेमीखेड़ा, बरेली**

**ई-निविदा सूचना**

इस चीनी मिल में सत्र 2025-26 हेतु सामग्री-उपकरण आपूर्ति, विभिन्न कार्यपूर्ति हेतु नीचे दर्शायी गयी निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

1. 01 नग नया केन अनलोडर हेतु ब्रिज एसेसरीज की आपूर्ति करना।
2. पेराई सत्र 2025-26 प्रारम्भ होने से पूर्व प्लांट क्षमता 2750 टी०सी०डी० में स्थापित मिल नं0 4 हेतु मिल ड्राइव मय 450 किलोवाट ए०सी० मोटर वी०एफ०डी० पैनल सहित, प्लेटनरी गियर बॉक्स तथा रोपलेस कपलिंग मय एसेसीरीज की आपूर्ति, इरेक्शन एवं कमीशिनिंग का कार्य मय कम्पलीट ऑटोमेशन के साथ करना।
3. आई०डी० फैन की मोटर 250 एच०पी० हेतु वी०एफ०डी० पैनल तथा एफ०डी० फैन की मोटर 75 एच०पी० हेतु वी०एफ०डी० पैनल एवं 02 नग टी०आर०पी०एफ० हेतु 100 एच०पी० की मोटर तथा इसके लिये 02 नग वी०एफ०डी० पैनल ड्राइव की आपूर्ति करना।
4. थर्मेक्स मेक 30 टन क्षमता के ब्वायलर हेतु रिट्रेक्टेबल टाइप शूट ब्लोअर मशीन की आपूर्ति करना मय लेंसर टयूब कनेक्शन एवं फिटिंग आदि सहित।
5. स्प्रे पॉण्ड की ब्रांच पाइपिंग एवं हैडर का मॉडीफिकेशन हेतु एस०एस० पाइप, हैडर एवं पी०वी०सी० क्लस्टर की आपूर्ति करना।
6. बैगास फीडिंग तथा शिफ्टिंग हेतु लोडर, ट्रैक्टर मय ड्राईवर इत्यादि के आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने का कार्य।
7. मिल समिति में स्थापित 60 टन क्षमता के पैन की पुरानी कलेन्ड्रिया को टयूब सहित डिस्मेंटल करना तथा नयी कलेन्ड्रिया मय वाटम शॉशर के आपूर्ति करना, फिटिंग करने के उपरांत नयी एस०एस० टयूबों को डालना, हाइड्रोलिक टेस्टिंग करना तथा लीक प्रूफ ट्रायल देना।
8. सी-फोर-वर्कर 01 नग 1500/30° साइज की कॉन्टीनुअस सेन्ट्रीफ्यूगल मशीन की आपूर्ति।

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक/पंजीकृत एवं अनुभवी निविदादाताओं से ई-निविदायें दिनांक 12.07.2025 से पेराई सत्र के समयानुसार तक निर्धारित सारणी/समय-समय पर आमंत्रित की जायेगी जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in तथा www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक

**कार्यालय नगर पंचायत कटरा जनपद-शाहजहांपुर**

पत्रांकः 314/न.प.क./2025-26 दिनांकः 11 जुलाई 2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय में खड़े वृक्षों व गाटा सं. 1406 में खड़े वृक्षों की नीलामी दिनांक 19.07.2025 को समय 12:00 बजे की जायेगी। इच्छुक क्रेता निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**नीलामी की शर्तें:-**

1. बोलीदाता की अन्तिम बोली कुल धनराशि के साथ नीलामी की स्वीकृति की तिथि के तुरन्त बाद अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कटरा कार्यालय में जमा करनी पड़ेगी।
2. बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने से पूर्व बोलीदाता को 10000.00 (दस हजार रूपये मात्र) नगद जमा करना अनिवार्य होगा। जमानत धनराशि के अभाव में बोलीदाता नीलामी में भाग लेने के पात्र नहीं होगा।
3. किसी भी बोली अथवा समस्त बोलियों को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
4. अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत कटरा में उपस्थित होकर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
5. कार्यालय में खड़े वृक्षों को भवन एवं अन्य परिसम्पत्तियों को क्षतियों से सुरक्षित रखना होगा। किसी भी प्रकार की क्षति को ठीक करने की जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कटरा, शाहजहांपुर
अध्यक्ष, नगर पंचायत कटरा, शाहजहांपुर

## कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों का स्वागत फूल बरसाकर करें

**बरेली, अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि सावन और कांवड़ का महीना शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि मोहर्रम और बकरीद का पर्व शांति के साथ सम्पन्न हो चुका है। अब आपसी सौहार्द के साथ कांवड़ यात्रा भी शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो जाए। इसके लिए उन्होंने मुसलमानों से अपील की है कि वह कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों का स्वागत फूल बरसाकर और पानी पिलाकर करें।

# फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाले बाबू पर मेहरबानी, काम भी अधर में

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एक हजार से अधिक जन्म प्रमाण पत्र लंबित, भटक रहे लोग
- शुक्रवार को सभासद ने ईओ से की शिकायत, समाधान की मांग

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के आरोपों से घिरे एक बाबू पर विभागीय मेहरबानी न केवल सवाल खड़े कर रही है, बल्कि आम जनता की परेशानी भी बढ़ा रही है। हालात ये हैं कि जन्म प्रमाण पत्रों से जुड़े एक हजार से अधिक आवेदन लंबित पड़े हैं और लोग दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। शुक्रवार को मामले से क्षुब्ध सभासद ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) से मुलाकात कर शिकायती पत्र सौंपा और जल्द समाधान की मांग की गई।

बता दें कि पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव कुंवरपुर तालुके गजरौला पोस्ट रुद्रपुर के रहने वाले गुरमीत सिंह पुत्र तरसेम सिंह का नगरपालिका में जन्म मृत्यु पटल पर तैनात लिपिक राहुल सक्सेना ने फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया था, जबकि युवक इटली में बैठा था, लेकिन लिपिक ने कर निर्धारण अधिकारी सुकंल सोलंकी के फर्जी हस्ताक्षर कर दिए थे। मामला उजागर होने पर नगरपालिका प्रशासन ने लिपिक को निलंबित कर दिया। लिपिक को पटल से हटाने के बाद अन्य कर्मचारियों को चार्ज दे दिया गया है, लेकिन निलंबित लिपिक राहुल सक्सेना के समय में लांबित प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सके हैं। इतना ही नहीं, वर्तमान समय में आने वाले जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र भी कार्यालय में डंप पड़े हुए हैं। नियम है कि 21 दिन में प्रमाण पत्र बनना चाहिए, लेकिन यहां आवेदकों के प्रमाण पत्र डेढ़ माह से लंबित पड़े हुए हैं। इन दिनों बच्चों के स्कूल में एडमिशन कराने के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है, लेकिन नगरपालिका की ओर से प्रमाण पत्रों पर हस्ताक्षर नहीं कर पोर्टल पर अपलोड नहीं कर रहे हैं। ऐसे में आवेदक कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि बीते दिनों ईओ का तबादला होने के बाद डोगल बदल गया था। ऐसे में नवागत ईओ का डोगल तैयार कराकर प्रमाण पत्र अपलोड कराए जा रहे हैं। इसको लेकर शुक्रवार को सभासदों ने मिलकर ईओ को इस समस्या से अवगत कराते हुए प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कहा। ईओ संजीव कुमार ने बताया कि सभासदों के द्वारा इस मामले से अवगत कराया गया है। सभी प्रमाण पत्रों पर लगातार हस्ताक्षर कर जारी कर जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### प्राचीन काल से चली आ रही व्यास पूजन की परंपरा



**पीलीभीत, अमृत विचार :** उपाधि महाविद्यालय सभागार में व्यास पूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार ने कराई। कहा कि व्यास पूजन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। हम सभी अपने गुरु के प्रति श्रद्धा पूर्वक उनके श्री चरणों में नमन करते हुए स्मरण करते हैं। प्रोफेसर सत्येंद्र नारायण ने व्यास पूजन समारोह में गुरु की महिमा का बखान किया। प्रोफेसर प्रणव शास्त्री ने वेदों की ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का बेहतर संचालन किया। इस मौके पर डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. अनुपम पांडे, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ. राखी मिश्रा, डॉ. केपी सिंह, डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ.विशाल सक्सेना, डॉ.शेफाली सक्सेना,डॉ.गोपाल दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### वृद्धजनों को परोसा भोजन, लिया आशीर्वाद

**पीलीभीत, अमृत विचार :** वैश्य समाज द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी के पुनर्प्राप्ति जन्मोत्सव एवं व्यापारी समरसता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को कार्यक्रम किया। वृद्ध आश्रम में पहुंचकर भोजन वितरण किया गया। इस दौरान नंद गोपाल नंदी की दीघार्यु की कामना की गई। वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी अनूप अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, निमित अग्रवाल, पूनम चंदा, विजय अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, सीए नीलम अग्रवाल, रेणु अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### लोहे के जर्जर पोल से हादसे का खतरा



**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र से मात्र पांच सौ मीटर की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय के पास लगा पोल नीचे से गल चुका है। इस जर्जर पाले से हादसे का डर बना हुआ है। इसे बदलवाने के बजाय सीमेंट का एक टूटा पोल लगाकर सपोर्ट दे दिया गया है। जर्जर हालत में खड़ा पोल एक तरफ झुका हुआ है। इसी पर बिजली की लाइन चलाई जा रही है। ग्राम प्रधान अजय सिंह ने विभागीय अधिकारियों को कई बार जर्जर पोल की जगह नया पोल लगाने के लिए शिकायतें दी लेकिन समाधान नहीं हो सका है। राष्ट्रीय मानवाधिकार प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता के अनुसार, इस जर्जर पोल को बदलने को लेकर बिलसंडा उपखंड अधिकारी को भी अवगत कराया गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

### सियार ने हमला किया तो किसान ने मार डाला

**संभल, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में खेत पर जा रहे किसान पर सियार ने हमला कर दिया। किसान खुद तो घायल हो गया, लेकिन उसने सियार को भी मार डाला। घायल किसान का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव अमरपुर निवासी राजवीर सिंह शनिवार को खेत पर जा रहा था। गांव से कुछ दूर सियार आ गया। राजवीर सिंह घबरा गया और बचने का प्रयास किया। इस बीच सियार ने हमला कर दिया। राजवीर सिंह ने भी हिम्मत जुटाकर सियार की गर्दन पकड़ ली और तब तक नहीं छोड़ी, जब तक कि उसकी जान नहीं निकल गई। इस दौरान राजवीर भी बुरी तरह से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान भी वहां पहुंच गए। परिजनों ने घायल राजवीर सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### स्वास्थ्य शिविर में 203 मरीजों ने कराया पंजीकरण



**पीलीभीत, अमृत विचार :** निशक्तजनसेवा संस्थान का मासिक स्वास्थ्य शिविर शनिवार को पूरनपुर रोड पर अंकुर राइस मिल परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें 203 लोगों ने पंजीकरण कराया। इसमें हृदय के 23, दांतों के 47 और आंख के 123 मरीज थे। आंख के मरीजों को नजर के चश्मे व दवा मुहैया कराई गई। मोतियाबिंद के दो मरीज ऑपरेशन के लिए रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बरेली भेजे गए, वहां उनका निशुल्क ऑपरेशन होगा। हृदय के मरीजों की डॉ. महेश चन्द्रा के सहयोग से निशुल्क ईसीजी जांच हुई। मुख्य अतिथि पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार रहे। 60 लोगों को शिविर के दौरान प्रदत्त जड़ी बूटी से बनी दर्द की दवा दी गई। जो लोग दवा लेने से वंचित रह गए उनको 20 जुलाई को दवा बांटी जाएगी। मुख्य अतिथि ने 11000 रुपये का आर्थिक सहयोग देने की बात कही। इस दौरान परिसर में ही एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधरोपण किया गया। संस्था अध्यक्ष अमृत लाल ने बताया कि 13 जुलाई रविवार को मुरारी लाल माहेश्वरी फाउंडेशन एवं बरेली कैंसर चैरिटेबल ट्रस्ट बरेली के सहयोग से फ्री कैंसर जागरूकता एवं चेकअप कैंप का विशाल टाकीज में सुबह 11 बजे से लगेगा। जिसमे कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. आर के चित्त लांगिया अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर आवश्यक जांचे करेंगे। मरीज अपने पुराने पर्चे साथ लाएं। इस मौके पर अनिल कमल, डॉ. प्रेम सागर शर्मा, राजेंद्र सक्सेना, गयासुद्दीन, मोहमद असलम आदि मौजूद रहे।

### जंक्शन पर खुलेगा दवा दोस्त स्टोर

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के बरेली जंक्शन पर दवा दोस्त के नाम से विशेष मेडिकल स्टोर खुलेगा। यह स्टोर जंक्शन और ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों को सस्ती और जरूरी दवाएं उपलब्ध कराएगा। रेल प्रशासन और दवा दोस्त के संयुक्त उपक्रम के तहत बनने वाला यह स्टोर प्लेटफॉर्म स्तर पर स्थापित किया जा रहा है, जहां से ऑनलाइन या फोन के माध्यम से ऑर्डर देने पर यात्रियों को दवाएं उनके कोच तक पहुंचाई जाएंगी। यह सुविधा विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए लाभकारी होगी, जिन्हें सफर के दौरान स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें होती हैं और स्टेशन पर उतरकर दवा लाना संभव नहीं हो पाता। स्टोर पर निर्धारित दरों पर सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और यह सेवा सामान्य यात्रियों के साथ ट्रेनों में भी दी जाएगी। दवा दोस्त स्टोर पर एलोपैथिक दवाओं के साथ-साथ ओवर द काउंटर उत्पाद, मेडिकल उपकरण और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी वस्तुएं भी मिलेंगी। जंक्शन पर प्रतिदिन हजारों यात्री आते-जाते हैं, जिनमें से कई को यात्रा के दौरान दवाओं की आवश्यकता होती है। ऐसे यात्रियों को दवा के लिए स्टेशन से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सीएमआई मोहम्मद इमरान ने बताया कि दवा दोस्त सेवा भविष्य में अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी शुरू की जा सकती है।

### प्रयागराज-लालकुआं स्पेशल की रेक संरचना में बदलाव

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने यात्रियों की सुविधा और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज से लालकुआं के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन 04117/04118 की रेक संरचना में संशोधन किया है। यह संशोधन 17 जुलाई से 1 अगस्त के बीच प्रभावी रहेगा। सीनियर डीसीएम संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि संशोधित योजना के तहत 04117 प्रयागराज-लालकुआं स्पेशल ट्रेन प्रयागराज जंक्शन से 17 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को संचालित की जाएगी।

## एक नजर

### टीटीएफ में यूपी पर्यटन विभाग को एक्सीलेंस अवॉर्ड

अमृत विचार, लखनऊ : कोलकाता में आयोजित तीन दिवसीय ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ-2025) में उप्र. पर्यटन विभाग को एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड, विभाग के स्टॉल पर प्रदेश की समृद्ध विरासत, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहसिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने पर दिया गया है, आगंतुकों ने स्टॉल पर राज्य के गंतव्यों की जानकारी ली। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि, इस वर्ष का संस्करण 10 से 12 जुलाई तक विशेष रूप से बीटूबी (बिजनेस टू बिजनेस) स्वरूप में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा, ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर के पेशेवर, टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट्स से आग्रह किया गया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में उप्र. को शामिल करें।

# यूपी में दुरुस्त नहीं कार्मिकों का ब्यौरा, अफसर तलब

## मिशन कर्मयोगी की समीक्षा में सामने आया चौंकाने वाला तथ्य, ब्यौरा दुरुस्त करने में जुटे अफसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

● लोकभवन में कल से तीन दिन लगातार बैठकें, विभागों को बताना होगा- कहां हो रही गड़बड़ी

**अमृत विचार :** राज्य के सरकारी विभागों, निदेशालयों, निगम, परिषद, संस्थान और संगठनों में कुल कितने कार्मिक तैनात है, इसका ब्यौरा अभी तक दुरुस्त नहीं है। यह तथ्य राज्य में मिशन कर्मयोगी की प्रगति की समीक्षा में सामने आने पर शासन सख्त हो गया है। लोकभवन में सोमवार से तीन दिन लगातार सभी विभागों के नामित अफसरों को तलब करके पोर्टल और विभाग में कार्मिकों की भिन्नता के पीछे की गड़बड़ियों का ब्यौरा मांगा गया है।

दरअसल, भारत सरकार के निर्देश पर वर्ष 2005 में शुरू किए गए एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) पोर्टल यानी मिशन कर्मयोगी पर राज्य के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी, संविदा, आउटसोर्स से लेकर दैनिक वेतनभोगी कार्मिक ब्यौरा दर्ज होना अनिवार्य है। मुख्य उद्देश्य भारतीय सेवा के सभी विंग समेत सभी सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है। हालांकि इस प्रगति में यूपी बिहार से भी पीछे हैं। यहीं नहीं प्रमुख सचिव कार्मिक एम. देवराज की अध्यक्षता में बीती 24 जून को हुई मिशन कर्मयोगी के कार्यान्वयन की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा में यह भी सामने आया कि इस पोर्टल पर पंजीकृत कार्मिकों की संख्या और विभाग में कार्यरत कार्मिकों की संख्या अलग-अलग है।

शासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश दिए हैं कि प्रकरण पर विचार विमर्श के लिए लोकभवन में कार्मिक विभाग में सोमवार से तीन दिन मिशन कर्मयोगी के लिए सभी विभागों में नामित एडमिन अफसर (एमडीओ) के साथ बैठक होगी। शासन ने बैठक में संबंधित विभाग के अधीन समस्त निदेशालय, निगम, परिषद, संस्थान और संगठन में कार्यरत समस्त नियमित, मानदेय, संविदा, आउटसोर्सिंग समेत दैनिक मजदूरी वाले कार्मिकों की संख्या का ब्यौरा लाना अनिवार्य होगा।

### रोज दो शिफ्ट में होंगी तीन दर्जन विभागों की बैठकें

शासन ने कार्मिकों की संख्या दुरुस्त करने के लिए सोमवार, मंगलवार व बुधवार को प्रतिदिन दो शिफ्ट में बैठक की रूपरेखा तय की है। सोमवार को मध्यान्न 12 से 1 बजे तक आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से लेकर लोक निर्माण विभाग तक कुल 15 विभाग और अपरान्ह 4 से 5 बजे तक नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति से लेकर उच्च शिक्षा तक कुल 15 विभागों की बैठक होगी। इसी तरह मंगलवार को पहले शिफ्ट में पर्यावरण से लेकर पर्यटन तक कुल 17 विभाग और दूसरी शिफ्ट में पिछड़ा वर्ग कल्याण से लेकर अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत तक कुल 15 विभागों की बैठक होगी। आखिरी दिन पहले शिफ्ट में औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना से लेकर भाषा तक 15 और दूसरे शिफ्ट में निर्वाचन से लेकर वित्त विभाग तक कुल 15 विभागों की बैठकें होंगी।

# परिवार आईडी के जरिए दिया जाएगा योजनाओं का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● 'बदलाव' संस्था ने जारी की राजधानी में भिक्षावृत्ति में लगे लोगों की स्थिति

**अमृत विचार :** समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि पुनर्वास संसाधनों को पुनर्जीवित कर परिवार आईडी के जरिये भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। राज्यमंत्री शनिवार को सहकारिता भवन में 'बदलाव' संस्था की ओर राजधानी में भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों की स्थिति पर आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट 'उपेक्षा और समावेश 2024-25' के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राज्यमंत्री ने कहा कि सभाएं व चर्चाएं बहुत होती हैं, पर इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज के वंचित तबके के लोगों स्थिति पर आधारित रिपोर्ट आंकड़े नहीं मिल पाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पुनर्वास के लिए संसाधन तो हैं पर उन्हें पुनर्जीवित कर धरातल पर लाने की जरूरत है। परिवार आईडी के जरिये राज्य सरकार यह तय कर रही है कि परिवार में कौन से व्यक्ति को किस योजना का लाभ मिलना चाहिए और अगर नहीं मिल रहा है तो उसे योजना से जोड़ा जाए।

# नस्लों में सुधार न होने से कसाईखाने जाते थे पशु

## मुख्यमंत्री ने कहा- राज्य में गोवंश के नस्ल सुधार की मुहिम और होगी तेज, पशुपालक होंगे समृद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह व अन्य।

● योगी ने केंद्रीय मंत्री के साथ 'भारत में पशु नस्लों का विकास' कार्यशाला की शुरुआत की

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समय के अनुरूप पशुधन की नस्लों में सुधार नहीं होने से 2017 में चुनौती थी। बड़े पैमाने पर पशुधन सड़क, खेतों, कसाईखानों में जाते थे। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से आस्था से खिलवाड़, किसानों के खेत में परेशानी और सड़क पर दुर्घटनाएं भी होती थीं। आश्वस्त किया कि राज्य में गोवंश के नस्ल सुधार की मुहिम और तेज होगी, जिससे पशुपालक होंगे समृद्ध होंगे।

वे शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भारत में पशु नस्लों का विकास कार्यशाला में बोल रहे थे। कहा कि भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उप्र में भी इन दोनों क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए हैं। उप्र दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। पशुधन से अधिक और गुणवत्ता युक्त उत्पादन पाने के लिए नस्ल सुधार पर और जोर देना होगा। योगी ने कहा कि 2017 में निराश्रित गोआश्रय स्थल की कार्ययोजना बनाई और 2018 में उसे लागू किया। आज 14 लाख से अधिक गोवंशों की देखभाल सरकार की गोशालाओं या सरकार द्वारा सहायता प्राप्त पशुपालकों द्वारा की जा रही है। कुपोषित परिवारों को गायें दी जा रही हैं। अब तक 10 हजार से अधिक परिवार इसका लाभ ले चुके हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा कि अंडा उत्पादन और कुक्कुट पालन में भी प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। कार्यक्रम में प्रजनक संघों की स्थापना की रूपरेखा संबंधी पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश के पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, डेयरी विकास मंत्री गेब्रियल डेनवांग वांगसू, प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, केंद्रीय सचिव पशुपालन एवं डेयरी अल्का उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### नस्ल सुधार में केंद्र का पूरा सहयोग : राजीव

कार्यक्रम में केंद्रीय पंचायतीराज और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में उप्र में अच्छा काम हो रहा है। नस्ल सुधार आदि अन्य कार्यों में केंद्र द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा।


# आरटीआई से भ्रष्टाचार करें उजागर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कार्यशाला में दिया गया संघर्ष का मंत्र

**अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आरटीआई के जरिये सरकारी भ्रष्टाचार उजागर करने का कार्य करें। राष्ट्रीय प्रवक्ता शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग के पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार की ओर से दिया आरटीआई कानून सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने का एक बहुत ही सशक्त हथियार है। कांग्रेस कार्यकर्ता आरटीआई के महत्व को समझें और कम से कम 10-10 आरटीआई दाखिल कर सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करें।



लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में मौजूद राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह व अन्य।

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार आरटीआई कानून को कमजोर करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। हमें इसके लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए आरटीआई एक्टिविस्ट देवेश मणि त्रिपाठी ने कार्यशाला में आरटीआई से जुड़ी सभी जानकारियों को विस्तार से साझा किया।

कार्यशाला को विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अमित उठवाल, पूर्व मंत्री राज बहादुर, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, चिकित्सा विभाग के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा, सोशल मीडिया की कोऑर्डिनेटर नीलम सिंह वैश्य आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यशाला में लखनऊ जिला चेयरमैन माया सिंह व शहर चेयरमैन वीरेंद्र कुमार मौर्या भी मौजूद रहे।

# भाजपा के बाजार में अब बिकेगा बिजली विभाग : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के बाजार में अब बिजली विभाग बिकेगा और जनता की जेब पर निजी कंपनियों के भारी भरकम बिल डाका डालेंगे। भाजपा राज में जेनरेशन, ट्रांसमिशन या डिस्ट्रीब्यूशन किसी में कोई तरक्की नहीं हुई है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था बर्बाद कर दिया है।

सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार नौ साल के कार्यकाल में बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया है। केवल बिजली का बिल बढ़ाया है। प्रदेश भर में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। धान की रोपाई का समय चल रहा है। लेकिन किसानों को बिजली नहीं मिल रही है। छोटे शहरों और गांवों में बिजली की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है। सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में बेचने की तैयारी कर रही है।

# बिजली कर्मियों के आवास पर मीटर लगाने का विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● कर्मियों ने कहा- यह समझौते का उल्लंघन, परिवारीजन भी करेंगे सत्याग्रह

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया के बीच उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने कर्मियों के आवासों पर मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच, बिजली कर्मियों ने इसे तत्कालीन राज्य बिजली बोर्ड के विघटन के समय हुए समझौते का उल्लंघन बताया है। बिजली कर्मियों ने कहा कि कॉरपोरेशन प्रबंधन के दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में अब बिजली कर्मियों के साथ उनके परिवारीजन सत्याग्रह करेंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण में आ रही वैधानिक अड़चनों से प्रबंधन बौखला गया है। दमन व भय का वातावरण बनाकर निजीकरण थोपने की कोशिश की जा रही है, पर इसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि नवंबर 2024 में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के एकतरफा ऐलानके बाद संघर्ष समिति ने लोकतांत्रिक ढंग से उसी समय आंदोलन शुरू कर दिया था। इसका परिणाम यह है कि सात महीनों से अधिक समय गुजरने के बावजूद पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन निजीकरण करने में कामयाब नहीं हो पाया है।

### उत्पीड़न के तहत किए गए कर्मियों के स्थानांतरण

संघर्ष समिति ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन ने हजारों बिजली कर्मियों के उत्पीड़न की दृष्टि से उन्हें दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। कई हजार बिजली कर्मियों का 'फेशियल अटेंडेंस' के नाम पर वेतन रोक लिया गया है। साथ ही, संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों पर आय के अधिक मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई। उन्होंने कहा कि यूपी इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट 1999 और यूपी रिफॉर्म ट्रांसफर स्कीम 2000 का खुला उल्लंघन कर स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# नई बिजली दरों को लेकर 21 को सुनवाई

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर 21 जुलाई को राजधानी में जनसुनवाई होगी। इस बीच, उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रमों में दरों में बढ़ोतरी का विरोध लगातार जारी रहेगा।

आयोग के अधिकारियों के अनुसार, 21 जुलाई होने वाली जनसुनवाई में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ ही, उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि 17 जुलाई को मेरठ में जनसुनवाई होगी, जिसमें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ ही, उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बीते दिन वाराणसी में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में जनसुनवाई में उपभोक्ताओं, किसानों, उद्यमियों, बुनकरों आदि ने एक सुर में निजीकरण प्रक्रिया का विरोध किया। राज्य सरकार इसे जनमत संग्रह मानते हुए निजीकरण प्रक्रिया तत्काल समाप्त करे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कि प्रदेश के कुछ नौकरशाह निजीकरण को लेकर बहुत दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

# स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड फोर के 1300 पद रिक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● डॉक्टरों को विभागीय प्रोन्नति कमेटी की बैठक का इंतजार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश देने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों को प्रमोशन नहीं मिल रहा है। जबकि मुख्य सचिव के स्पष्ट निर्देश हैं कि विभागीय प्रोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक के जरिए रिक्त पदों को भरा जाए।

बाजवूद पीएमएस में ग्रेड फोर में करीब 50 प्रतिशत पद रिक्त हैं, जिन्हें ग्रेड तीन के डॉक्टरों की पदोन्नति से भरा जाना है, यहीं क्रम ग्रेड तीन, ग्रेड दो तक जाता है। वर्षों से एक ही ग्रेड में सेवाएं दे रहे डॉक्टरों को बैठक का इंतजार है। चिकित्सकों के 19011 पद वाले स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड फोर के 2825 पदों में करीब 1300 से ज्यादा पद रिक्त हैं, हर माह डॉक्टरों के सेवानिवृत्त होने से रिक्त पदों की संख्या बढ़ती जा रही है।

पद रिक्त होने के पीछे दूसरी वजह विभाग में डॉक्टरों का समयबद्ध पदोन्नति न होना है। इसी प्रकार ग्रेड दो के करीब 2000 डॉक्टरों को ग्रेड तीन में पदोन्नति का इंतजार है। यही हाल ग्रेड वन से ग्रेड दो में प्रमोशन का इंतजार करने वाले डॉक्टरों का है, हालांकि इसी वर्ष विभाग द्वारा डीपीसी के माध्यम से ग्रेड वन के करीब 750 डॉक्टरों को ग्रेड दो में पदोन्नति मिली है, मगर यह संख्या नाकाफी है।

क्योंकि ग्रेड वन में 3620 पद के सापेक्ष अभी भी पांच हजार से ज्यादा डॉक्टर कार्यरत हैं।

> ग्रेड वन के डॉक्टरों की डीपीसी हो चुकी है, अर्ह डॉक्टरों को प्रोन्नति मिल गयी है। जल्द ही ग्रेड दो, ग्रेड तीन व ग्रेड फोर की डीपीसी बैठक प्रस्तावित है। बैठक होते ही रिक्त पद भर जाएंगे। **-डॉ.रतन पाल सिंह सुमन स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र.**

# 15 व 16 को लखनऊ में लगेगा युवाओं के हुनर का मेला

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में 15 व 16 जुलाई को युवाओं के हुनर का मेला लगेगा। विश्व युवा कौशल दिवस पर कौशल ओलंपिक-2025 तकनीक और टैलेंट का भव्य संगम होगा। इसमें प्रदेश भर के प्रशिक्षणार्थी अपने हुनर का दम दिखाएंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत आयोजित होगा। इसका उद्देश्य युवाओं के नवाचारों को मंच देना है। खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किए गए टेक-बेस्ड कौशल नवाचारों को मंच मुहैया कराया जाएगा। बताया कि राज्य के सभी जिलों में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों से चयनित प्रशिक्षणार्थी इस ओलंपिक में भाग लेंगे और अपने-अपने प्रोजेक्ट्स, मॉडल्स, ऐप्स या टेक सॉल्यूशन का प्रदर्शन करेंगे।


## वर्ग पहेली-30

**बाएं से दाएं**

1. 1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5. 1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9. 1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट; धोखा; धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।



### वर्ग पहेली -29 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ना | जी | ■ | 2 हँ | 3 स | न | ■ |
| ■ | ■ | 4 खु | ■ | ह | ■ | 5 गं |
| 6 ऐ | ■ | ट | ■ | यो | ■ | धा |
| 7 लो | को | प | यो | गी | ■ | ना |
| पे | ■ | न | ■ | ■ | 8 नि | ■ |
| थ | ■ | ■ | 9 घा | ■ | ढा | ■ |
| ■ | ■ | 10 अ | न | सु | ल | झी |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-14 जुलाई 01.02 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 06.53 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आपको किसी कारण यात्रा करनी पड़ सकती है। भाई-बहन को लेकर परेशानियां दूर होंगी। अति आत्मविश्वास में आकर काम करने से बचें। मित्रों से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

**वृष** — आज आप कुछ बारीक गलतियां कर सकते हैं इससे आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। आपको सभ्य भाषा का प्रयोग करना चाहिए। पर्यटन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन** — आज आपको कारोबार में नए तरीकों के प्रयोग से बचना चाहिए। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको नए मित्र मिल सकते हैं। आपके विरोधी भी आपका सम्मान करेंगे। अधिक सोच-विचार न करें। परिवार के साथ खरीदारी के लिए जा सकते हैं।

**कर्क** — आज आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे जिससे आपके परिजन अत्यंत प्रसन्न होंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। शाम के समय थकान और सिरदर्द का अनुभव कर सकते हैं।

**सिंह** — आज अधिकारी वर्ग से अधिक बहस न करें। मेडिकल विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर अत्यंत सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं।

**कन्या** — आज आपके सामने अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। एलर्जी और गर्मी को लेकर परेशानी होगी। आय को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। वाहन में कुछ खराबी आ सकती है।

**तुला** — आज माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर काफी ध्यान देना चाहिये। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। कार्यक्षेत्र में मन नहीं लगेगा।

**वृश्चिक** — आज दिन उमंग और उत्साह से भरपूर रहेगा। धन के कारण जो काम लम्बित थे वे आज पुनः प्रारम्भ होने की संभावना है। परिवार के सदस्य आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नव विवाहित जोड़े यात्रा के लिए जा सकते हैं।

**धनु** — आज आपको छोटे भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने की संभावना है। विवादित मामलों का समाधान मिलने की संभावना बन रही है। छोटी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। आपका मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार आरंभ करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज किसी को उधार धन न दें। रुका हुआ धन आपको वापस मिलने में समस्या होगी। अत्यधिक वाचालता और क्रोध के कारण आपके संबंध प्रभावित होंगे। इंश्योरेंस में आप धन का निवेश कर सकते हैं। जोड़ों और घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए शुभ फलप्रदायक होने वाला है। प्रतिद्वन्दी आपके सामने परास्त हो सकते हैं। परिवार की किसी समस्या का समाधान मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुए कोई बड़ा काम कर सकते हैं।

## सुडोकू -37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | 5 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 7 | 3 | 1 | 8 | |
| 6 | | | | 8 | | | 4 | |
| | 5 | | | 2 | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | | | 6 | |
| | 1 | | | 5 | | | | 2 |
| | 6 | 9 | 4 | 3 | | | 7 | |
| | | 3 | | | 8 | 4 | | 1 |

### सुडोकू - 36 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 |

# एलडीएफ-यूडीएफ ने भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा


## केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले- दोनों ने तुष्टीकरण की राजनीति की और केरल को राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बनाया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ), दोनों पर ही निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों मोर्चों की सरकारों ने केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, तुष्टीकरण की राजनीति की और केरल को 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) जैसी 'राष्ट्र-विरोधी ताकतों' के लिए पनाहगाह बना दिया।

शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि केवल भाजपा की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही राज्य में विकास ला सकता है, न कि एलडीएफ या यूडीएफ। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत संभव नहीं है और विकसित भारत का मार्ग केवल विकसित केरलम से होकर जाता है। शाह ने रेखांकित किया, इसलिए, अब से भाजपा का मूल उद्देश्य विकसित केरलम होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के बिना केरल में विकास नहीं हो सकता। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने राज्य को हजारों करोड़ की विड़िण्गम बंदरगाह जैसी परियोजनाएं दी हैं, दो वंदे भारत ट्रेनों के जरिए 11 जिलों को जोड़ा है और केरल के लिए रेलवे बजट को 2004 के 372 करोड़ रुपये से बढ़ाकर वर्तमान में 3,700 करोड़ कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकारों की तुलना में केरल पर कई गुना ज्यादा पैसा खर्च किया है। शाह ने कहा कि वह पार्टी के प्रदेश कार्यालय के जरिए इसके आंकड़े जारी करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने शनिवार को कहा कि भाजपा के लिए केरल में मुख्यमंत्री होने से ज्यादा जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में पार्टी कार्यालय विकसित केरलम का केंद्र बने। शाह ने पार्टी के 'विकसित केरलम' मिशन का लोगो भी जारी किया।


तिरुवनंतपुरम में शनिवार को आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ केरल राज्य के भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर।

### राज्य के पास अधिकार था पर केंद्र सरकार ने लगाया पीएफआई पर प्रतिबंध

उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों की सरकारों ने केरल को पीएफआई जैसी राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बनाया। केंद्र ने 2022 में पीएफआई और उसके सहयोगियों को गैरकानूनी घोषित किया। केरल के पास प्रतिबंध लगाने के अधिकार हैं, लेकिन जब यह संगठन देश भर में फैल गया, तब प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर प्रतिबंध लगाया और यह सुनिश्चित किया कि इसके शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी हो। शाह ने पुथरीकंदम मैदान में आयोजित वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक में कार्यकर्ताओं की सभा में कहा, "माकपा और कांग्रेस, भाजपा को उत्तर भारतीय पार्टी करार देती हैं लेकिन हमने असम और त्रिपुरा जैसे कई राज्यों में सरकारें बनाईं, जो विपक्षी दलों के गढ़ थे और उनकी पार्टी तमिलनाडु में भी सत्ता में आएगी। शाह ने कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग का मत प्रतिशत 2014 से बढ़ा है और गठबंधन राज्य में 2026 का विधानसभा चुनाव सरकार बनाने के इरादे से लड़ेगा।

# मध्यस्थता कैसी होनी चाहिए भारत इसकी पुनर्कल्पना कर रहा : न्यायूमर्ति सूर्यकांत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि सक्रिय रूप से इस बात की 'पुनः कल्पना' कर रहा है कि एक गतिशील और बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि मध्यस्थता का भविष्य न केवल अंतर्राष्ट्रीय है, बल्कि भारतीय भी है। उन्होंने साथ ही प्रवर्तन संबंधी चिंताओं जैसी गंभीर चुनौतियों का भी हवाला दिया, जिनका देश को समाधान करना होगा।

उन्होंने संस्थागत विकास को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी की वकालत की। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश 10 जुलाई को स्वीडन के गोथेनबर्ग में हुए अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की पुनः कल्पनाः वैश्विक मध्यस्थता स्थल के रूप में भारत का उदय विषय पर गोलमेज बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता को अब गौण रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह विवाद समाधान का एक पसंदीदा तरीका बनता जा रहा है।

सूर्यकांत ने कहा कि लक्षित सुधारों, संस्थागत विकास और मध्यस्थता के प्रति गहरी होती सांस्कृतिक प्रतिबद्धता के माध्यम से भारत एक ऐसा मॉडल तैयार कर रहा है, जो न केवल वैश्विक मानकों के प्रति उत्तरदायी है, बल्कि इसके कानूनी और आर्थिक संदर्भ को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं आपके समक्ष जो संदेश छोड़ना चाहता हूं वह स्पष्ट हैः भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने का प्रयास नहीं कर रहा है - वह सक्रिय रूप से इस बात की पुनर्कल्पना कर रहा है कि एक गतिशील, बहुध्रुवीय कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता कैसी हो सकती है और कैसी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल कानून और बुनियादी ढांचे से नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए भारत के मध्यस्थता पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करने, विश्वास पैदा करने और अंतरराष्ट्रीय संवाद को बढ़ावा देने में सरकारों, मध्यस्थता संस्थानों, चिकित्सकों और शिक्षाविदों द्वारा सामूहिक निवेश की आवश्यकता है।


स्वीडन के गोथेनबर्ग में हुई गोलमेज की बैठक को न्यायमूर्ति ने किया संबोधित

## एक नजर

### पटना हवाई अड्डे को मिली धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**पटना।** शहर स्थित जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय (जेपीएनआई) हवाई अड्डे पर अधिकारियों को ईमेल से बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई, हालांकि यह अफवाह निकली। हवाई अड्डे की ओर से जारी बयान में कहा गया, शुक्रवार रात नौ बजे हवाई अड्डे के निदेशक के ईमेल पर बम की धमकी मिली थी। एसपी (पटना सेंट्रल) दीक्षा ने बताया कि घटना के बाद हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### छत्तीसगढ़ः 23 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इन नक्सलियों पर कुल 1.18 करोड़ का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों में नौ महिला नक्सली शामिल थीं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर क्षेत्र में बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के तीन जिलों से सुरक्षाबलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरईपीएके-वीसी-रेड आर्मी) के एक कैडर को शुक्रवार को इंफाल पश्चिम जिले के महाराबी से गिरफ्तार किया गया।

# यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध छात्रा ने खुद को लगाई आग, प्राचार्य निलंबित

बालासोर, एजेंसी

- आरोपी शिक्षक गिरफ्तार, 90 प्रतिशत जल चुकी है छात्रा

ओडिशा के बालासोर के महाविद्यालय की छात्रा ने यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर शनिवार को शैक्षणिक संस्थान परिसर में खुद को आग लगा ली। छात्रा को बचाने में एक छात्र भी झुलस गया है। दोनों को भुवनेश्वर एम्स रेफर कर दिया गया है। इस पर सरकार ने प्राचार्य और शिक्षा विभाग के प्रमुख को निलंबित कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार दोपहर तब हुई जब छात्रा ने बालासोर स्थित फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज के प्राचार्य दिलीप घोष से मुलाकात की और सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष समीर साहू के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कार्रवाई की मांग की थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी शिक्षक समीर साहू को गिरफ्तार कर लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने छात्रा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया।

# दिल्ली में ऑरेंज -येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को बारिश हुई, जिस पर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किए गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुरुआत में दिल्ली के लिए ग्रीन अलर्ट जारी किया था, जिसका अभिप्राय है कि उस दिन कोई चेतावनी नहीं है। हालांकि, जैसे-जैसे स्थिति बदलती गई, चेतावनी के स्तर में बदलाव किया गया।

दिल्ली की मौसम वेधशाला सफदरजंग में शाम 5.30 बजे तक 12.9 मिमी बारिश हुई। अन्य इलाकों में भी बारिश हुई, लोधी रोड में 12 मिमी और प्रगति मैदान में 11 मिमी बारिश दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य तापमान से 0.7 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि सापेक्षिक आर्द्रता सुबह 82 से शाम को 62% के बीच रही।



### हिमाचल में बारिश से 249 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल में भारी बारिश से 249 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं, जिनमें से 207 मंडी जिले में हैं। यह सड़कें भूस्खलन से प्रभावित है। बारिश से मंडी से धर्मपुर (कोटली होकर) के बीच एनएच- 3 (अटारी-लेह) भारी वाहनों के लिए बंद है। पंडोह बांध के पास कैंची मोड़ पर भूस्खलन से मंडी-कुल्लू खंड को 10 घंटे तक बंद रखना पड़ा।

# मप्रः कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता की चोटों के कारण मौत

श्योपुर, एजेंसी

नामीबिया से मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में स्थानांतरित 8 वर्षीय नाभा नामक चीता की शनिवार को चोटों से मौत हो गई। चीता परियोजना के क्षेत्र निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा, नाभा एक सप्ताह पहले, बाड़े के अंदर शिकार के प्रयास के दौरान घायल हो गई थी। उसको फ्रैक्चर के साथ अन्य चोटें भी थीं। उसका एक सप्ताह तक इलाज चला, लेकिन चोटों से उसकी मृत्यु हो गई।

### बीबीपी में बाघ के तीन शावकों की मौत

**बेंगलुरु।** बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान (बीबीपी) में बाघिन द्वारा जन्म देने के बाद छोड़ देने से उसके तीन शावकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बाघिन हिमा दास ने 7 जुलाई को 3 शावकों को जन्म दिया, लेकिन जन्म के बाद उसने उनकी देखभाल नहीं की, जिससे तीनों घायल हो गए। शावकों को चिकित्सा के लिए अस्पताल भेजा गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# चिराग को सोशल मीडिया पर मिली धमकी, शिकायत दर्ज

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता से जान से मारने की धमकी मिली है। यह जानकारी उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शनिवार को दी। लोजपा (रामविलास) ने 'एक्स' हैंडल पर मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट द्वारा पटना के साइबर पुलिस थाने में दर्ज कराई शिकायत का स्क्रीनशॉट भी साझा किया।

भट्ट ने शिकायत में टाइगर मेराज इदरीसी की पोस्ट का हवाला दिया, जिसने हाजीपुर के सांसद को बम से उड़ाने की धमकी दी है। थाना प्रभारी (एसएचओ) ने मामले में जांच का आदेश दिया है। भट्ट ने आरोप लगाया है कि उपयोगकर्ता ने आपराधिक प्रवृत्ति दिखाई है और ऐसा लग रहा है कि वह हमारे नेता की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान है। पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अपराधी को न्याय के कटघरे में लाया जाए और आरोप लगाया कि वह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का समर्थक है।

# स्कूली शिक्षा की स्थिति चिंताजनक मोदी सरकार उदासीन : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्कूली शिक्षा की स्थिति से जुड़े सर्वेक्षण का हवाला देते हुए शनिवार को दावा किया कि इस चिंताजनक स्थिति को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार का रवैया उदासीन है। उन्होंने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का हवाला देते हुए कहा कि कक्षा 3 के बच्चों में 40% अक्षरों की सही से पहचान नहीं कर पा रहे और छठी कक्षा के 44% बच्चे सरल शब्दों के अर्थ से अवगत नहीं हैं। वर्तमान में स्कूली शिक्षा की स्थिति कोविड काल से पहले की तुलना में ज्याद खराब है। खरगे ने एक्स पर कहा, परीक्षा पर चर्चा और एग्जाम वॉरियर्स जैसे चर्चित शब्द और स्व-प्रचार कार्यक्रम भारत में शिक्षा की वास्तविक स्थिति को दर्शाने वाले इन चिंताजनक सूचकांकों को छिपा नहीं सकते। व्यापक उदासीनता से सीखने का स्तर गिर रहा है और सरकार देश के भविष्य के प्रति उदासीन बनी है।


- स्कूली शिक्षा की स्थिति से जुड़े सर्वेक्षण का कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया हवाला

# पिता नहीं चाहता था इन्फ्लुएंसर बने राधिका

गुरुग्राम (हरियाणा), एजेंसी

पूर्व टेनिस खिलाड़ी हत्याकांड


- राधिका की अपनी अकादमी नहीं थी, अलग-अलग टेनिस कोर्ट बुक करके देती थीं प्रशिक्षण

गुरुग्राम पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूर्व राज्यस्तरीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की अपनी अकादमी नहीं थी और वह अलग-अलग जगहों पर टेनिस कोर्ट बुक कर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देती थीं, जो उनके पिता को रास नहीं आ रहा था। वहीं ये दावे थे कि दीपक राधिका की 'इन्फ्लुएंसर' बनने की आकांक्षा से काफी नाराज था। वहीं, दीपक को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि राधिका टेनिस अकादमी चलाती थीं, जो पिता-पुत्री के बीच विवाद का विषय था, क्योंकि दीपक को बेटी की कमाई पर निर्भर रहने के लिए ताना मारा जाता था। पुलिस के अनुसार, दीपक ने अपनी बेटी की गोली मारकर हत्या करने की बात कबूल कर ली है। आरोपी आर्थिक रूप से संपन्न है और संपत्तियों को किराये पर देने से उसकी अच्छी आमदनी होती है, लेकिन तानों से कुछ सप्ताह से अवसाद में था। वहीं, कई लोगों ने दावा किया था कि एक कलाकार के साथ राधिका का संगीत वीडियो उनकी हत्या का कारण बना। सेक्टर 56 थाने के निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा, वीडियो 2023 में अपलोड हुआ था और इसका हत्या से संबंध नहीं है। आरोपी ने बार-बार कहा है कि वह नहीं चाहता था कि उसकी बेटी प्रशिक्षण से कमाई करे।

### मेरे भाई ने बेटी की हत्या की बात कबूली

राधिका यादव के चाचा विजय यादव ने कहा कि आरोपी दीपक ने अपनी बेटी की हत्या की बात उनके समक्ष कबूल की है। उसे फांसी दे दी जानी चाहिए। विजय ने कहा, दीपक का परिवार संपन्न है। दीपक को अपनी गलती का एहसास था और किसी के लिए पश्चाताप से बड़ी कोई सजा नहीं हो सकती। पूरा परिवार सदमे में है।

## कारोबार/कृषि

# डिजिटल माध्यम से वैश्विक पहुंच जरूरी

## सीतारमण ने विकास के साथ पारिस्थितिकी के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता बताई

शिलॉंग, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को विशेष रूप से मेघालय जैसे क्षेत्रों में विकास की आकांक्षाओं के साथ पारिस्थितिकी के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने स्वीकार किया कि जलवायु संकट इस हद तक बढ़ा है कि सर्वोत्तम मौसम विज्ञान उपकरण भी सटीक पूर्वानुमान नहीं कर सकते।

वित्त मंत्री ने कहा, मौसमी घटनाएं आम बात हो गई हैं। अचानक बाढ़ आना और पहले कई महीनों तक होने वाली बारिश अब एक ही दिन में हो रही है, जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलाव पर उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढांचे की जरूरतों पर बल दिया।

सीतारमण ने कहा, हमें कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से वैश्विक पहुंच की जरूरत है ताकि कारीगर और किसान अपने उत्पादों का विपणन कर सकें। इसका अर्थ है उन क्षेत्रों में विस्तार करना जो सहस्राब्दियों से हरे-भरे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में विकास कार्य से जुड़े फैसले स्थानीय स्तर पर लिए जाने चाहिए। यह मेरा काम नहीं है कि मैं कहीं और से कहूं कि किसी क्षेत्र को (विकास से) अछूता रहना चाहिए। लोगों को यह तय करना होगा कि वे किस मात्रा में होने वाले विकास के साथ सहज हैं और उन्हें इसकी किस स्तर पर इसकी सीमा तय करनी है। यह कहना उचित नहीं कि किसी क्षेत्र को अछूता रहना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया कि यदि विकास को पूरी तरह से नकार दिया जाए, तो क्या वे लोग जो पीढ़ियों से अपरिवर्तित रहे हैं और अब बेहतर जीवन की आकांक्षा रखते हैं, संतुष्ट हो सकेंगे? उन्होंने कहा कि यह बात न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में चर्चा के केंद्र में है। इस मुद्दे की तात्कालिकता को रेखांकित करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि अगला वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन ब्राजील में अमेजन वर्षावन के किनारे एक सुदूर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। वहां इसके आयोजन का उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कैसे दुनिया अब जलवायु और विकास की बातचीत को सीधे सबसे नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों तक ला रही है।

सीतारमण ने कहा, मुझे खुशी है कि यह आज सुबह यहां शुरू हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिकों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार व्यापक भागीदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने और वित्तीय प्रणालियों की पहुंच बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।


- केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिकों, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया

# मुरादाबाद में 200 करोड़ निवेश करेगी लोहिया वर्ल्डस्पेस

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी लोहिया वर्ल्डस्पेस उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 10 एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए लगभग 200 करोड़ का निवेश करेगी। यह रियल एस्टेट व्यवसाय में कंपनी की शुरुआत होगी। इस परियोजना में 175 लक्जरी विला शामिल होंगे। लोहिया वर्ल्डस्पेस, दिल्ली स्थित विविधीकृत निजी स्वामित्व वाली कंपनी लोहिया ग्लोबल की रियल एस्टेट इकाई है, जिसका वार्षिक राजस्व लगभग 1,200 करोड़ है। साल 1979 में स्थापित इस समूह के चार व्यवसाय - हस्तशिल्प निर्यात, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), टाइल और सौर ऊर्जा हैं। वर्ल्डस्पेस के निदेशक पीयूष लोहिया ने कहा, हमारा उद्देश्य ऐसे घर बनाना है जो आधुनिक, सार्थक और विचारशील हों। इसकी लागत 200 करोड़ है और 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# सेवा व्यापारः आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण




सेवाओं का व्यापार वह प्रक्रिया है, जिसमें एक देश की कंपनियां या व्यक्ति दूसरे देश को सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे बैंकिंग, टूरिज्म, शिक्षा, स्वास्थ्य, आईटी, परामर्श आदि। यह व्यापार वस्तुओं की तरह दिखाई नहीं देता, लेकिन आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। वैश्वीकरण और डिजिटल तकनीकों के विकास से सेवाओं का व्यापार तेजी से बढ़ा है। यह व्यापार देशों को रोजगार, विदेशी मुद्रा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त देता है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की जीएटीएस ( जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड इन सर्विसेज) प्रणाली इसके नियम निर्धारित करती है।

### व्यापार की चुनौतियां

- **नियमों और मानकों की विविधता :** हर देश की अलग सेवा नीति और नियम होते हैं।
- **गोपनीयता और डेटा सुरक्षा :** डिजिटल सेवाओं में डेटा सुरक्षा अहम चुनौती है।
- **वीसा और आव्रजन नियम :** सेवा प्रदाताओं को विदेश जाने में अड़चनें आती हैं।
- **बौद्धिक संपदा अधिकार :** सॉफ्टवेयर जैसे उत्पादों में चोरी और कॉपी का खतरा।

### सेवाओं के व्यापार के प्रकार

- **सीमा पार सेवा :** भारतीय डॉक्टर विदेश जाकर इलाज करते हैं।
- **उपभोक्ता की विदेश यात्रा :** विदेशी छात्र भारत में पढ़ाई करते हैं।
- **सेवा की सीमा पार आपूर्ति :** भारत से अमेरिका को आईटी सेवाएं देना।
- **विदेशी सेवा प्रदाता का घरेलू निवेश :** विदेशी बैंक भारत में शाखा खोलते हैं।

### इस व्यापार से होने वाले लाभ

- **रोजगार सृजन :** खासकर आईटी, हेल्थ, टूरिज्म और एजुकेशन सेक्टर में।
- **विदेशी मुद्रा अर्जन :** निर्यात से देश को डॉलर/यूरो आदि में भुगतान मिलता है।
- **तकनीकीव ज्ञान :** विकसित देशों से नई तकनीक और विशेषज्ञता प्राप्त होना।
- **वैश्विक प्रतिस्पर्धा :** भारतीय प्रदाता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में आते हैं।
- **कम निवेश में उच्च लाभ :** वस्तु व्यापार की तुलना में सेवाओं का व्यापार कम लागत में अधिक लाभ देता है।

# मोदी देश को विश्वस्तर पर गौरवान्वित करने को दृढ़संकल्पित : पीयूष गोयल

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को लेकर दृष्टिकोण को दर्शाने के लिए टेलीविजन ब्रांड की मशहूर पंक्ति 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का गौरव' का उल्लेख किया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को विश्वस्तर पर गौरवान्वित और प्रशंसित बनाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं, जिससे हर कोई ईर्ष्या करेगा। क्या आपको वह टीवी विज्ञापन याद है जिसकी 'टैगलाइन' थी, 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का अभिमान'? प्रधानमंत्री इसी तरह के भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके शासन ने देश के युवाओं के लिए स्व-रोज़गार और उद्यमिता से लेकर स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक, सभी क्षेत्रों में अवसरों के द्वार खोले हैं।

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया या डिजिटल इंडिया जैसी योजनाएं भारत को दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में मदद कर रही हैं। गोयल ने कहा, हमारे युवा देश की अर्थव्यवस्था से तेज़ी से जुड़ रहे हैं। भारत अब दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अगले ढाई सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।


- बोले-मोदी ने स्व-रोज़गार व स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक के द्वार खोलें

# सऊदी अरब की कंपनियां भारत में तलाशें निवेश के अवसर : नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को सऊदी अरब की कंपनियों से भारत में निवेश के अवसर तलाशने का आग्रह किया। नड्डा सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं और उनके साथ उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी हैं।

मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन अब्दुलअजीज अल कहतानी से भी मुलाकात की। उन्होंने पूर्वी प्रांत दम्मम में व्यापारिक समुदाय के साथ भारत और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच बढ़ते संबंधों पर बातचीत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्री ने उन्हें भारत में निवेश के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।


- केंद्रीय मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन कहतानी से की मुलाकात

# वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप अपनाएं दृष्टिकोण

चेन्नई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) को 2047 के लिए ऐसा दृष्टिकोण अपनाना होगा जो देश की वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने चेन्नई में मुख्यालय वाले बैंक से आग्रह किया कि वह अपने ग्राहकों की उभरती ज़रूरतों को नवाचार और ईमानदारी के साथ पूरा करता रहे।

कुछ प्रमुख बैंकिंग सेवाओं का शुभारंभ करते हुए नागराजू ने कहा कि व्हाट्सएप आधारित बैंकिंग सेवाओं और बैंकिंग संवाददाताओं के माध्यम से पुनः केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) की शुरुआत से ग्राहक सेवा और बैंक के समग्र प्रदर्शन में वृद्धि होगी। उन्होंने शनिवार को एक बयान में कहा कि बैंक के पास 2047 के लिए एक दृष्टिकोण होना चाहिए, जो भारत की वृद्धि आकांक्षाओं के अनुरूप हो, ताकि वह नवाचार और ईमानदारी के साथ अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना जारी रख सके।

नागराजू द्वारा शुरू की गई अन्य प्रमुख पहलों में क्यूआर-आधारित तत्काल ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल है, जिसकी निगरानी बैंक के केंद्रीय कार्यालय के ग्राहक सेवा विभाग में केंद्रीय रूप से की जाती है। यह ग्राहकों के लिए अपने सेवा अनुभव को तुरंत साझा करने का एक सहज और सुलभ मंच है। बैंक ने कहा कि त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को रीयल-टाइम अलर्ट किया जाता है।


- वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने कहा- पुन: केवाईसी से ग्राहक और बैंक के प्रदर्शन में होगी वृद्धि

## एक नजर



लंदन : भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले पांच मिनट की घंटी बजाई। ● एजेंसी

### इटली ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रचा

**नई दिल्ली** : इटली ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह पहली बार होगा जब वे विश्व कप का हिस्सा होंगे। उनके साथ नीदरलैंड्स ने भी इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। दोनों टीमों ने यूरोपियन क्वालिफायर में शीर्ष दो स्थान हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की। पिछले चार टी20 विश्व कप का हिस्सा रह चुके स्कॉटलैंड को जर्सी के खिलाफ आखिरी गेंद पर हार झेलनी पड़ी और वे क्वालिफाई करने से चूक गए। उन्हें चार मैचों में सिर्फ एक मैच में जीत मिली। आख़िरी मैच में एक विकेट से जीत के बावजूद जर्सी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया क्योंकि एक अन्य मैच में नीदरलैंड्स ने इटली को हरा दिया। इटली और जर्सी दोनों के पास पांच-पांच अंक थे, पर बेहतर रन रेट के चलते इटली 2026 टी20 विश्व कप में जगह बनाने में सफल रहा।

### दिल्ली हॉकी की सब जूनियर महिला खिलाड़ियों को राहत

**नई दिल्ली** : हॉकी इंडिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि रांची में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में दिल्ली हॉकी से मान्यता प्राप्त खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए व्यवस्था की जाएगी। हॉकी इंडिया ने अदालत को बताया कि तीन जुलाई से 14 जुलाई तक होने वाली इस चैंपियनशिप का कार्यक्रम दिल्ली हॉकी टीम के लिए संशोधित या अनुकूलित किया जाएगा। यह दलील तब दी गई जब अदालत को बताया गया कि दिल्ली हॉकी टीम की भागीदारी इसलिए रद्द कर दी गई है क्योंकि टीम को हॉकी इंडिया के ऑनलाइन पोर्टल से हटा दिया गया है। बाद में हॉकी इंडिया के वकील ने दलील दी कि चल रही चैंपियनशिप में दिल्ली हॉकी से संबद्ध खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए इस चरण में भी व्यवस्था की जाएगी।

### भारतीय गोल्फर अदिति संयुक्त सातवें स्थान पर

**एवियन ले बेंस** : भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां द अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में दो अंडर 69 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त सातवें स्थान से शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। पिछले 34 मेजर में वह शुरू में कभी भी शीर्ष 10 में नहीं रह पाई थीं। लेकिन उन्होंने यहां 67 और 69 के कार्ड खेले जिससे वह शीर्ष पर चल रही दक्षिण कोरिया की सोमी ली (67, 65) से चार शॉट पीछे हैं। अदिति ने बैक नाइन से शुरूआत की और दोनों तरफ दो बर्डी लगाईं और एक बोगी की।

### लिवरपूल ने डिओगो जोटा के जर्सी नंबर को रिटायर किया

**लिवरपूल** : लिवरपूल ने पिछले सप्ताह कार दुर्घटना में डिओगो जोटा की मौत के बाद उनके जर्सी नंबर 20 को रिटायर कर दिया है और क्लब में किसी भी स्तर पर कोई खिलाड़ी इस नंबर का उपयोग नहीं करेगा। पुर्तगाल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा (जो स्वयं फुटबॉल खिलाड़ी थे) की स्पेन के उत्तर-पश्चिमी शहर जमोरा के निकट हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। शुक्रवार को लिवरपूल ने कहा कि महिला टीम और अकादमी सहित क्लब के सभी स्तरों पर उनके नंबर को हटा दिया जाएगा। प्रीमियर लीग क्लब ने एक बयान में कहा यह वह नंबर था जिसे उन्होंने गर्व के साथ पहना था और हमें कई जीत दिलाई थी।

### भारतीय तीरंदाज दबाव में लड़खड़ाए रजत पदक से संतोष किया

**मैड्रिड** : भारत ने शनिवार को यहां महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में रजत पदक के साथ तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में अपना खाता खोला लेकिन इस नतीजे ने एक बार फिर टीम की दबाव भरी परिस्थितियों से निपटने में अक्षमता को उजागर किया। क्वालीफिकेशन दौर में कुल 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की तिकड़ी स्वर्ण पदक की ओर बढ़ती दिख रही थी और तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त बनाए थी। यह तिकड़ी निर्णायक क्षण में आए दबाव में लड़खड़ा गई और चीनी ताइपे से 225-227 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गई।

### नीरू ढांडा पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचीं

**लोनाटो (इटली)** : राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन नीरू ढांडा शनिवार को चौथे और अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन के अंतिम दिन पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचीं और महिला ट्रैप में चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने 50 शॉट के फाइनल में अपने पहले 35 में से 30 निशाने लगाए। नीरू ने इटली की एलेसिया इज्जी पर शूट-ऑफ 2-1 से जीतकर छठा और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया था। एलिमिनेशन चरण में वह कांस्य पदक विजेता और निकोसिया विश्व कप की विजेता तटस्थ एथलीट लाडा डेनिसोवा और पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता इटली की सिल्वाना मारिया स्टैंको के साथ बराबरी करने के बाद बड़े बिब नंबर के कारण बाहर हो गईं।

# राहुल के आउट होने के बाद जडेजा ने संभाला

## तीसरे टेस्ट मैच का तीसरा दिन : भारतीय टीम ने छह विकेट पर 371 रन बना लिए

**लंदन, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल लॉर्ड्स मैदान पर अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा करने के बाद ढीले शॉट पर आउट हो गए लेकिन नीतीश कुमार रेड्डी और रविंद्र जडेजा ने जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी का डटकर सामना किया। खबर लिखे जाने तक भारत ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन छह विकेट पर 371 रन बना लिए थे। रविंद्र जडेजा 71 और वाशिंगटन सुंदर 17 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

भारत इंग्लैंड की पहली पारी में बनाये गये 387 रन से अब भी 71 रन पीछे है। राहुल ने लंच के तुरंत बाद आर्चर की गेंद पर एक रन लेकर टेस्ट में अपना 10वां शतक पूरा किया। वह दिलीप वेंगसरकर (तीन शतक) के बाद लॉर्ड्स में एक से अधिक शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। राहुल की एकाग्रता हालांकि शतक पूरा करने के अगली ही गेंद पर भंग हो गई। उन्होंने शोएब बशीर की फ्लाइट लेती गेंद पर ड्राइव करने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप पर खड़े हैरी ब्रूक के हाथों में चली गई। राहुल के आउट होने के बाद भारत को तेजी से रन बनाने में परेशानी हुई। जडेजा और रेड्डी ने जोखिम लिये बिना विकेट बचाने पर ध्यान दिया। भारत ने दिन के दूसरे सत्र में सिर्फ 68 रन बनाये। इस दौरान आर्चर की तेजी से उछाल लेती गेंद रेड्डी के हेलमेट पर भी लगी।

बशीर को विकेट लेने के तुरंत बाद अपनी ही गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ की उंगली पर चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। रेड्डी और जडेजा के बीच विकेटों के बीच खराब तालमेल भी इस सत्र में साफ दिखाई दिया। इस सत्र में ऐसे तीन मौके आये तब वे रन आउट होने के करीब थे। इंग्लैंड ने भारतीय पारी के 80 ओवर पूरा होते ही दूसरी नयी गेंद ली लेकिन उन्हें इससे ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ। सत्र की शुरुआत में राहुल का अपना विकेट तोहफे में देना ही इस सत्र में उनकी एकमात्र सफलता थी। राहुल ने 177 गेंद की पारी में 13 चौके की मदद से 100 रन बनाये। इससे पहले ऋषभ पंत ने अपनी बाईं तर्जनी उंगली में दर्द के बावजूद रोमांचक अर्धशतक बनाया, लेकिन लंच के ठीक पहले रन आउट हो गए। पंत (74 रन, 112 गेंद) पहले सत्र के आखिरी ओवर में रन चुराने की कोशिश में रन आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का कवर क्षेत्र से शानदार किया गया शानदार थ्रो विकेटों पर जा लगा और पंत उस समय क्रीज से बाहर थे। राहुल और पंत ने हालांकि चौथे विकेट के लिए 198 गेंदों में 141 रनों की साझेदारी कर मैच पर भारत की पकड़ मजबूत बनाई। मैच के पहले दिन विकेटकीपिंग करते हुए उंगली में लगी चोट के दर्द से जूझ रहे पंत ने जोफ्रा आर्चर की तेज गति के आगे अपने इरादे दिन के पहले ओवर में ही जाहिर कर दिये। उन्होंने दिन की पहली गेंद पर ग्लांस कर चार रन बटोरने के बाद कदमों का इस्तेमाल करते हुए कवर क्षेत्र के ऊपर से आक्रामक शॉट खेला । दूसरे छोर से राहुल ने सधी शुरुआत करते हुए संभल कर बल्लेबाजी की।



तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर शॉट लगाते हुए रवींद्र जडेजा। ● एजेंसी

दिन के शुरुआती ओवरों में जहां भारतीय बल्लेबाज सतर्कता से खेल रहे थे वहीं इंग्लैंड की गेंदबाजी में भी पैनापन की कमी दिखी। इस दौरान इंग्लैंड के गेंदबाजों ने लगातार 31 डॉट गेंद डाली। पंत ने भारतीय पारी के 51वें ओवर में एक रन लेकर डॉट गेंदों पर विराम लगाया तो वहीं राहुल ने अगली गेंद पर चौका जड़ने के बाद कार्स के खिलाफ शानदार ऑन ड्राइव कर गेंद को चार रन के लिए भेजा। उन्होंने इस गेंदबाज के अगले ओवर में हैट्रिक चौके के साथ इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। इंग्लैंड ने पंत के खिलाफ शुभमन गिल की बल्लेबाजी के समय की योजना लागू करते हुए विकेटकीपर को तेज गेंदबाजों के खिलाफ विकेटों के करीब लगाया लेकिन भारतीय विकेटकीपर ने जब आक्रामक रूख अपनाना शुरू किया तो उनका यह दांव कमजोर पड़ गया। पंत को इस दौरान स्टोक्स की गेंद पर उंगली पर चोट लगी लेकिन उन्होंने फिजियो से इलाज के बाद बल्लेबाजी जारी रखी। भारत ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 145 रन से करते हुए पहले घंटे में 52 रन जोड़े। इंग्लैंड ने इसके बाद गेंद बदलने की मांग की जिसे अंपायरों ने मान लिया लेकिन उसके गेंदबाजों को इसका कोई फायदा नहीं हुआ। पंत ने स्टोक्स के खिलाफ फाइन लेग के ऊपर से छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी का दूसरा छक्का शोएब बशीर की गेंद पर जड़ा। उनके रन आउट होने से इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने राहत की सांस ली।



लोकेश राहुल।

# केएल ने परिपक्व पारी खेली : कुंबले

**मुंबई, एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने कहा कि केएल राहुल ने लाड्र्स में तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन दूसरे छोर से विकेट गिरने के बावजूद इंग्लैंड के गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चुनौती का डटकर सामना करते हुए परिपक्व पारी खेली। पहले टेस्ट में शतक बनाने वाले राहुल ने इस दौरे का अपना दूसरा अर्धशतक लगाया। वह दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय 53 रन बनाकर खेल रहे थे।

भारत ने दूसरे दिन यशस्वी जायसवाल (13), करुण नायर (40) और कप्तान शुभमन गिल (16) के विकेट गंवाए। भारत ने अभी तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 145 रन बनाए हैं और वह इंग्लैंड से 242 रन पीछे है।

कुंबले ने जियो हॉटस्टार पर कहा केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की। उनकी पारी विशिष्ट थी क्योंकि इसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। जोफ्रा आर्चर का यह एक आक्रामक स्पैल था। विशेष कर उनका वह पहला स्पैल जिसमें उन्होंने 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से गेंदबाजी की, जिसमें उन्हें उछाल और शुरुआत में थोड़ी स्विंग भी मिल रही थी। उन्होंने कहा राहुल ने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया। उनका रवैया बेहद स्पष्ट था और वह पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे। यह एक बेहद अनुशासित और परिपक्व पारी थी और मुझे यकीन है कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट होंगे।



### वॉन चाहते हैं पांचों दिन अपने ओवर का कोटा पूरा करें टीम

**लंदन** : भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन केवल 75 ओवर फेंके गए जिसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा जिससे कि टीम टेस्ट मैच के पांचों दिन 90 ओवर का कोटा अनिवार्य रूप से पूरा करें। भारत ने टेस्ट के पहले दिन 83 ओवर फेंके, जबकि दूसरे दिन 75 से भी कम ओवर फेंके जा सके, जिससे दोनों दिनों में कुल मिलाकर लगभग 23 ओवर कम हो गए। वॉन ने कहा कि धीमी ओवर गति के लिए टीमों को दंडित करना पर्याप्त नहीं है, क्योंकि खिलाड़ी काफी अमीर हैं और उन पर लगाए गए जुर्माने से वे प्रभावित नहीं होंगे। वॉन ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा मुझे नहीं लगता कि जुर्माना काम करेगा। मुझे लगता है कि ये लड़के (क्रिकेटर) काफी अमीर हैं। मुझे नहीं लगता कि जुर्माना लगाने से उन पर किसी तरह का प्रभाव पड़ेगा। वह यह समझ नहीं पा रहे हैं कि टीमें पहले चार दिनों में ओवरों का कोटा पूरा क्यों नहीं कर पाई।

## मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर पाए साबले

**मोनाको** : भारत के अनुभवी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले गिरने के कारण मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर सके, लेकिन तेजी से उभरते धावक अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रगति जारी रखते हुए अंडर-23 की 200 मीटर स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया।

ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले को अपनी पसंदीदा 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में शीर्ष पांच में जगह बनाने की उम्मीद थी लेकिन शुक्रवार की रात को वह दौड़ के शुरू में ही गिर गए। इसके बाद वह असहज महसूस करने लगे। मौजूदा एशियाई चैंपियन साबले लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए और उनकी चोट की गंभीरता अभी तक ज्ञात नहीं है।


# चोपड़ा और नदीम फिर होंगे आमने-सामने

● सिलेसिया डायमंड लीग में 16 अगस्त को होगा मुकाबला

**सिलेसिया (पोलैंड), एजेंसी**

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग (डीएल) में गत चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम के खिलाफ एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में आमने-सामने होंगे।

पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद दोनों खिलाड़ियों की यह पहली टक्कर होगी। चोपड़ा और नदीम आठ अगस्त, 2024 को पेरिस में हुए पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद एक-दूसरे का सामना करेंगे। नदीम पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ भारतीय खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण जीतने वाले 27 साल के चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। विश्व एथलेटिक्स के एक बयान में कहा गया है कि चोपड़ा और नदीम सिलेसिया डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



नीरज चोपड़ा व अरशद नदीम।



ब्रिटेन के जूलियन कैश (बाएं) और लॉयड ग्लासपूल लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल फाइनल मैच जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

# कैश और ग्लासपूल ने युगल खिताब जीतकर इतिहास रचा

**लंदन, एजेंसी**

जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने 89 वर्षों में विंबलडन में पुरुष युगल खिताब जीतने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी बनकर इतिहास रच दिया। इस जोड़ी ने आज ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा और डचमैन डेविड पेल की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-2, 7-6 (7-3) से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

28 वर्षीय कैश और 31 वर्षीय ग्लासपूल 1960 में माइक डेविस और बॉबी विल्सन के बाद फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी बन चुकी थीं। लेकिन बीबीसी की एक खबर के अनुसार, 1936 में विंबलडन में पैट ह्यूजेस और रेमंड टकी के बाद यह पहली बार है जब दो ब्रिटिश खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम में पुरुष युगल चैंपियन बने हैं। ग्लासपूल ने एक रोमांचक मैच के बाद कहा जब आप ऐसा कहते हैं तो यह अविश्वसनीय लगता है। मैंने इसके बारे में ज़्यादा नहीं सोचा था। हम इस दिन को ज़िंदगी भर नहीं भूलेंगे। कैश ने आगे कहा, "इस साल हमारे दो लक्ष्य थे - एक ट्यूरिन (एटीपी फ़ाइनल) में जगह बनाना और दूसरा एक ग्रैंड स्लैम जीतना। यहां ऐसा करना, इससे ज्यादा मायने नहीं रखता।

शुरुआत में जब कैश ने एक अविश्वसनीय ओवरहेड स्मैश लगाकर जीत सुनिश्चित की, तो दोनों ने अपने कोचिंग बॉक्स की ओर मुड़कर हवा में मुट्ठियाँ उठाईं, लेकिन फिर दोनों ने मुस्कुराते हुए कोर्ट में अपनी ट्रॉफियां लहराईं।

# अल्काराज की निगाह खिताबी हैट्रिक पर

**विंबलडन पुरुष फाइनल आज**

● विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगी टक्कर

**लंदन, एजेंसी**

पिछले दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज रविवार को यहां होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे। वहीं उनके प्रतिद्वंदी और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे। इस मैच में फ्रेंच ओपन के फाइनल की पुनरावृति होगी जिसमें अल्काराज ने पहले दो सेट गंवाने और तीन मैच प्वाइंट बचाकर जीत हासिल की थी। अल्काराज ने विंबलडन के शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी विंबलडन चैंपियनशिप जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इसके बाद सिनर की बारी आई और उन्होंने पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन के फाइनल के ठीक पांच सप्ताह बाद यह दोनों खिलाड़ी फिर से एक दूसरे के आमने सामने होंगे। फर्क सिर्फ इतना है कि फ्रेंच ओपन का फाइनल लाल बजरी पर खेला गया था जबकि विंबलडन का फाइनल ग्रास कोर्ट पर होगा।



यानिक सिनर व कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

अल्काराज़ ने फ्रेंच ओपन का फाइनल पांच घंटे 29 मिनट में जीता था और रविवार को यहां इन दोनों के बीच फिर से कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह उनके करियर का सबसे कड़ा मैच था। उन्होंने कहा यह अब तक का मेरा सबसे अच्छा मैच था। मुझे इस बात से कोई हैरानी नहीं है कि उसने मुझे मेरी आखिरी सीमा तक धकेल दिया। उम्मीद है कि रविवार को मैं अपनी सीमा में रहूंगा। यह एक शानदार फाइनल होगा और मैं इसमें खेलने के लिए उत्साहित हूं। अल्काराज़ ने कहा मैं बस यही उम्मीद करता हूँ कि मुझे फिर से कोर्ट पर साढ़े पांच घंटे न बिताने पड़ें, लेकिन अगर इसकी जरूरत पड़ी तो मैं इसके लिए तैयार हूं। इटली के खिलाड़ी सिनर को भी उम्मीद है कि यह रोमांचक फाइनल होगा। सिनर ने कहा उम्मीद है कि यह मैच भी पिछले मैच की तरह रोमांचक होगा। मुझे नहीं पता कि यह और बेहतर होगा या नहीं, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि यह संभव है। अल्काराज का ग्रैंड स्लैम फ़ाइनल में रिकॉर्ड 5-0 है। सिनर के नाम पर तीन ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। अल्काराज विंबलडन में लगातार 24 मैच जीत चुके हैं और वह इस संख्या में इजाफा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो 12 मैच खेले गए हैं उनमें से अल्काराज़ ने आठ और सिनर ने चार मैच जीते हैं।

### जोकोविक बोले- यह मेरा आखिरी विंबलडन नहीं

**लंदन** : नोवाक जोकोविक ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में यानिक सिनर से हारने के बाद स्पष्ट किया कि यह उनका विंबलडन में आखिरी मैच नहीं था और वह कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का इरादा रखते हैं। मैच के बाद 38 वर्षीय जोकोविक ने कहा मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं। सेंटर कोर्ट पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से 6-3, 6-3, 6-4 से मिली हार ने जोकोविक के विंबलडन में रोजर फेडरर के आठ चैंपियनशिप के पुरुष रिकॉर्ड की बराबरी करने और 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रयास पर पानी फेर दिया। जोकोविच क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान आखिरी सेट में चोटिल हो गए थे और सेमीफाइनल में वह अपने पूरे रंग में नहीं दिखे। जोकोविक ने कहा मैं अपनी चोट के बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहता। मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन को लेकर बात करना चाहता हूं। मुझे इस बात की निराशा ज़रूर है कि मैं उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जितना मैंने सोचा था या उम्मीद की थी।



# गगनयान के लिए विकसित किया गया एसएमपीएस

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने क्वालिफिकेशन टेस्ट प्रोग्राम पूरा करने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) को सफलतापूर्वक विकसित कर लिया है।

एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने को 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि हॉट टेस्ट किया गया। वास्तविक परिस्थिति में किया जाने वाला यह परीक्षण सर्विस मॉड्यूल आधारित मिशन निरस्तीकरण की फ्लाइट ऑफ-नॉमिनल मिशन प्रोफाइल के लिए किया गया। फ्लाइट ऑफ-नॉमिनल मिशन प्रोफाइल का



● इसरो ने क्वालिफिकेशन टेस्ट प्रोग्राम पूरा किया

संबंध किसी विमान के उड़ान पथ और उसकी अन्य गतिविधियों से है।

इसरो ने कहा, परीक्षण में प्रणोदन प्रणाली का प्रदर्शन सामान्य था। गगन यान का एसएम विनियमित द्विप्रणोदक आधारित प्रणोदन प्रणाली है जो आरोहण के दौरान कक्षा वृत्तीकरण, ऑनऑर्बिट कंट्रोल, डीबूस्ट संचालन और सर्विस मॉड्यूल आधारित निरस्तीकरण के लिए कक्षीय मॉड्यूल की जरूरत को पूरा करता है।

# हाईकोर्ट के पूर्व जज को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की कोशिश


**नागपुर।** मुंबई उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश विजय डागा को 'डिजिटल अरेस्ट' कर ठगों ने दो करोड़ रुपये ऐंठने की कोशिश की।

जस्टिस डागा ने बताया कि जालसाजों ने वीडियो कॉल के जरिए उन पर गलत काम करने का आरोप लगाया और पैसे की मांग की। उन्होंने बताया कि उन्होंने उनकी धमकियों पर ध्यान नहीं दिया और पुलिस को सूचित कर दिया। जस्टिस डागा ने बताया कि बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे उन्हें पुलिस की वर्दी पहने अज्ञात व्यक्ति का वीडियो कॉल आया। पुलिस थाने जैसी दिखने वाली जगह पर बैठे फोन करने वाले ने उन पर मुंबई के बोरीवली पुलिस थाने में दर्ज जबरन वसूली के मामले से जुड़े होने का आरोप लगाया।

# अचानक नहीं बंद हो सकते फ्यूल स्विच

अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक प्रारंभिक रिपोर्ट में दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787-8 का फ्यूल स्विच बंद होने को लेकर दो पायलटों के बीच भ्रम की स्थिति का उल्लेख किया गया है। फ्यूल स्विच विमान के इंजनों में ईंधन के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं। स्विच की दो अवस्था होती हैं - रन और कट ऑफ। इनका उपयोग इंजनों को चालू या बंद करने के लिए किया जाता है।

तकनीकी पहलू



## स्विच बंद होने में गलती नहीं हो सकती

एक अनुभवी पायलट के अनुसार, फ्यूल स्विच की अवस्था को गलती से नहीं बदला जा सकता बल्कि इसकी एक प्रक्रिया होती है। आमतौर पर ब्रैकेट लगे होने के कारण फ्यूल स्विच सुरक्षित होते हैं। ये ब्रैकेट इसलिए लगे होते हैं कि स्विच की अवस्था में अचानक कोई बदलाव न हो। स्विच की अवस्था बदलने से पहले उन्हें ऊपर खींचना पड़ता है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर में ईंधन स्विच थ्रस्ट लीवर के नीचे स्थित होते हैं।

## क्या होता है थ्रस्ट लीवर

विशेषज्ञों के मुताबिक थ्रस्ट लीवर कार के एक्सीलेटर पैडल की तरह होता है जिस पर पावर का बढ़ना और घटना निर्भर करता है। इसमें दो चरम अवस्थाएं होती हैं, एक आइडल पावर और एक फुल पावर। इसके अलावा ईंधन नियंत्रण स्विच होता है, जिसमें दो अवस्थाएं होती हैं - कट ऑफ और रन। इसलिए जब आप इंजन बंद करते हैं तो ईंधन नियंत्रण स्विच कट ऑफ मोड में होता है।

## फ्यूल स्विच की विशेषताएं

- अधिकांश विमानों में एक से अधिक फ्यूल टैंक होते हैं जैसे- लेफ्ट टैंक, राइट टैंक और सेंटर टैंक। पायलट फ्यूल स्विच का उपयोग करके यह तय करता है कि किस टैंक से ईंधन इंजन तक भेजा जाएगा।
- छोटे विमानों में सामान्यतः तीन मोड होते हैं। एक ऑन मोड जिसमें इंजन लेफ्ट या राइट किसी एक टैंक से फ्यूल लेता है। दूसरे मोड में सप्लाई बंद हो जाती है, तीसरे में दोनों टैंकों से फ्यूल लिया जाता है।
- बोइंग, एयरबस जैसे बड़े एयरक्राफ्ट में फ्यूल स्विच क्रॉसफीड सिस्टम से जुड़ा होता है। यह सिस्टम तब इस्तेमाल होता है जब एक इंजन को दूसरे टैंक से फ्यूल देना हो, जैसे एक इंजन खराब हो जाए।

## इंजन चालू करने के दो चरण

इंजन चालू करने के लिए दो चरण होते हैं। पहले चरण में 'स्टार्ट सिलेक्टर' को चालू किया जाता है और फिर ईंधन नियंत्रण स्विच को रन मोड में रखा जाता है। इसके बाद अंदर स्वचालित रूप से बहुत सारी चीजें होने लगती हैं। इंजन चलना शुरू हो जाता है, इसका मतलब है कि इंजन में ईंधन जा रहा है।

**फ्यूल मैनेजमेंट :** फ्यूल स्विच का उपयोग वजन संतुलन के लिए भी होता है। अगर एक साइड का टैंक ज्यादा खाली हो जाए तो पायलट दूसरे टैंक से फ्यूल लेना शुरू करता है ताकि वजन संतुलित रहे।

**ऑटोमेटेड कंट्रोल :** आधुनिक विमानों में फ्यूल स्विच मैनेजमेंट कंप्यूटर से नियंत्रित होते हैं। यह सिस्टम खुद तय करता है कि कब किस टैंक से फ्यूल लिया जाए और कब क्रॉसफीड जरूरी है।

**सिक्योरिटी फीचर :** कुछ विमानों में फ्यूल स्विच में सुरक्षा फीचर्स होते हैं, जो सुनिश्चित करते हैं कि स्विच को गलत समय पर ऑफ न किया जा सके। इससे इंजन फेल होने की संभावना कम होती है।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा पर गया व्यक्ति गंदेरबल में लापता

**श्रीनगर।** गंदेरबल जिले में रेलिंग से कूदने के बाद एक अमरनाथ यात्री लापता हो गया। पुलिस ने बताया कि लुधियाना निवासी सुरिंदर पाल अरोड़ा आधी रात के समय सात लोगों के समूह में बरारिमार्ग से रेलपथरी तक ट्रैकिंग कर रहे थे, तभी उन्हें अत्यधिक ऊंचाई पर होने वाली बीमारी (हाई-एल्टीट्यूड सिकनेस) ने जकड़ लिया। अरोड़ा अजीब व्यवहार करने लगे, ऊपर-नीचे दौड़ने लगे, ठंडे पानी से स्नान किया और फिर रेलिंग से कूद गए। पुलिस, पर्वतीय बचाव दल, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जेकेपी को उनकी तलाश में लगाया गया है।

### कैमरून में 12 अक्टूबर को होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**याउंडे।** कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने की घोषणा की गयी है। राष्ट्रपति पॉल बिया द्वारा शुक्रवार को हस्ताक्षरित एक आदेश के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे शुरु होगा और शाम 6:00 बजे समाप्त हो जायेगा। चुनाव प्रबंधन संस्था इलेक्शन्स कैमरून द्वारा पूर्व में घोषित चुनावी कैलेंडर के अनुसार उम्मीदवारों को 21 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र जमा करने होंगे। स्वीकृत उम्मीदवारों की अंतिम सूची 11 अगस्त से पहले जारी कर दी जाएगी। आधिकारिक चुनाव प्रचार 27 सितंबर से 11 अक्टूबर तक चलेगा।

### यूक्रेनः रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में छह की मौत

**कीव।** रूस ने शुक्रवार रात से हमले तेज करते हुए यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल से बमबारी की, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। रूस के इन हमलों के बाद तीन साल से अधिक पुराने युद्ध के समाप्त होने की संभावनाएं और क्षीण हो गई हैं। क्षेत्रीय गवर्नर रुस्लान जापारानियुक ने शनिवार को बताया कि रूसी सेना ने दक्षिण-पश्चिमी यूक्रेन के चेर्नित्सि क्षेत्र के बुकोविना क्षेत्र पर चार ड्रोन और एक मिसाइल से हमला किया, जिसमें दो की मौत हो गई और 14 घायल हो गए।

### एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में जाएंगे जयशंकर

**बीजिंग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर अगले सप्ताह तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने चीन जाएंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक 15 जुलाई को होगी। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर, एससीओ के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्री और संगठन के स्थायी निकायों के प्रमुख बैठक में भाग लेंगे।

# फ्यूल स्विच बंद होने का कारण साफ नहीं

## विशेषज्ञों ने कहा- कई सवाल अनुत्तरित, इलेक्ट्रिकल-मैकेनिकल दिक्कत से भी बंद हो सकते हैं स्विच

मुंबई, एजेंसी

वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के फ्यूल स्विच बंद होने का कारण साफ नहीं है। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि विमान में यांत्रिक या बिजली आपूर्ति संबंधी समस्या भी फ्यूल स्विच बंद होने का कारण हो सकते हैं। स्पष्ट कारणों का आगे की जांच में पता चलेगा।

एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में उल्लेख है कि 12 जून को हुई दुर्घटना से पहले बोइंग 787-8 विमान के इंजन 1 और 2 के ईंधन स्विच एक सेकंड के अंतराल में 'कटऑफ' हुए और बाद में चालू किए गए थे। फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स के अध्यक्ष और एअर इंडिया के पूर्व पायलट कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा कि फ्यूल स्विच की स्थिति को केवल मानवीय हस्तक्षेप से ही बदला जा सकता है। ये स्विच स्प्रिंगयुक्त होते हैं और इनमें लॉक लगा होता है। अगर इन्हें 'रन' स्थिति में रखना है तो पहले इन्हें बाहर खींचकर उस स्थिति में लाना पड़ता है। ये स्विच आमतौर पर उस वक्त इस्तेमाल किए जाते हैं जब विमान के दोनों इंजन 'फ्लेमआउट' हो गए हों या पायलट ने स्विच को रीसेट किया हो।

उन्होंने कहा, रिपोर्ट से स्पष्ट नहीं है कि स्विच की स्थिति क्यों बदली गई थी। बिजली रुकावट भी इसका कारण हो सकती है। फ्यूल स्विच बंद करना होता है तो उड़ान भर रहा पायलट कहेगा, फ्यूल कंट्रोल स्विच लेफ्ट, पुष्टि करें। दूसरे पायलट की पुष्टि के बाद स्विच बंद कर दिया जाता है।



दुर्घटनास्थल पर एक महीने बाद भी तैनात है पुलिस फोर्स। ● एजेंसी

### एअर इंडिया पायलटों के साथ रिपोर्ट की समीक्षा करेगी

**मुंबई।** एअर इंडिया ने शनिवार को कहा कि वह 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की समीक्षा के लिए विशेष सत्र आयोजित करेगी, जिनमें पायलटों को भी शामिल किया जाएगा। एअर इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (उड़ान परिचालन) मनीष उप्पल ने पायलटों को लिखे एक पत्र में कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट एयरलाइन को शुरुआती जानकारी देती है। यह अंतिम निर्णय नहीं है, बल्कि कारकों की पहचान करने और यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि ऐसी त्रासदी को रोकने के लिए सभी संभव उपाय किए जाएं।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना

### जल्दबाजी में जारी की गई प्रारंभिक रिपोर्ट

**नई दिल्ली/मुंबई।** एअर इंडिया विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट आने के बाद विशेषज्ञों ने कहा कि रिपोर्ट में पायलट के कदम पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जबकि जांच आगे बढ़ने के बीच बोइंग 787-8 के संचालकों के लिए कोई सिफारिश नहीं किये जाने से कई सवाल अनुत्तरित रह गए हैं। विशेषज्ञों ने रिपोर्ट पर कई सवाल भी उठाए हैं।

- कॉकपिट की आवाज रिकॉर्डिंग में एक पायलट दूसरे से पूछता सुनाई देता है कि उसने ईंधन क्यों बंद किया। दूसरा पायलट जवाब में कहता है कि उसने ऐसा नहीं किया। हालांकि, इस बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं है कि किस पायलट ने क्या कहा।
- सीवीआर से कुछ खास शब्द उठाए गए हैं। सीवीआर की पूरी ट्रांसक्रिप्ट जारी नहीं की। आप उसमें से एक शब्द भी नहीं चुन सकते और आपको यह भी नहीं पता कि उन्होंने किस संदर्भ में बात की और उस शब्द का वास्तविक अर्थ क्या था।
- विमान का नियंत्रण फर्स्ट आफिसर क्लाइव कुंदर के पास था, सुमित सभरवाल वरिष्ठ कॉकपिट अधिकारी थे। रिपोर्ट में कहा गया है, मुंबई निवासी दोनों पायलट एक दिन पहले अहमदाबाद पहुंचे थे। उड़ान से पहले उन्होंने पर्याप्त आराम किया था।
- एयरलाइंस पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एपीएआई) ने रिपोर्ट से असहमति जताते हुए कहा कि जांच गोपनीयता के आवरण में लिपटी हुई, पायलट के खिलाफ पक्षपातपूर्ण प्रतीत होती है और इसमें जल्दबाजी में निष्कर्ष पर पहुंचा गया है।

### ब्रिटिश जांचकर्ता करेंगे प्रारंभिक रिपोर्ट की समीक्षा

**लंदन।** ब्रिटेन की हवाई दुर्घटना जांच शाखा (एएआईबी) ने शनिवार को कहा कि वह एअर इंडिया की उड़ान एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में भारतीय एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट की समीक्षा कर रही है। दरअसल, ब्रिटेन की एएआईबी भी जांच प्रक्रिया का हिस्सा है क्योंकि इस हादसे में विमान में सवार 52 ब्रिटिश नागरिकों की भी मौत हो गई थी। ब्रिटेन की एएआईबी ने कहा, ब्रिटिश एएआईबी भारत की एएआईबी के साथ संपर्क में है। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार, जांच संबंधी जानकारी जारी करने का अधिकार पूरी तरह भारतीय अधिकारियों के पास है।

### अब एक साल इंतजार

अंतिम रिपोर्ट आने में एक साल लग सकता है। रिपोर्ट से असंतुष्ट विशेषज्ञों का कहना है कि अटकलों का पूरा दायरा एक साल के लिए छोड़ा जा रहा है। अब वास्तविक रिपोर्ट आने में एक साल या उससे ज्यादा समय लग सकता है।

# कांवड़ मार्ग पर क्यूआर कोड दिखाने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रो. अपूर्वानंद झा ने दायर की याचिका, आदेश को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया

सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस वर्ष कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है।

प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है।

उन्होंने याचिका में मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शन अनिवार्य है जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में राज्यों को हलफनामा दायर करके यह बताने का निर्देश देने की भी मांग की गई कि क्यूआर कोड की अनिवार्यताएं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कैसे नहीं करती हैं।

### अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों को पहुंचेगी क्षति

याचिका में कहा, जब तक अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा। याचिकाकर्ता ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों को सभी क्यूआर कोड आधारित पहचान संबंधी अनिवार्यता या किसी भी ऐसी व्यवस्था को तुरंत वापस लेने का निर्देश देने की मांग की।

# हैदराबाद की डॉग पेंटर, अब तक 38 पेंटिंग बना चुकी है डॉली

हैदराबाद, एजेंसी

यदि आप से कहा जाए कि कोई पशु मनुष्य की तरह चित्रकारी कर सकता है तो आपको शायद विश्वास न हो किंतु हैदराबाद में एक ऐसा अनोखा मामला सामने आया है। यहां डॉली नाम की कुतिया है जो अब तक 38 पेंटिंग बना चुकी है।

डॉली लैबराडोर नस्ल की है जिसे हैदराबाद के मणिकोंडा के निवासी स्नेहांगशु देबनाथ और होई चौधरी नामक दंपती ने लावारिस हालत में पाया और बचाया था। होई ने बताया, मेरे पति एक कलाकार हैं और जब वह पेंटिंग करते थे, तो वह आती और ब्रश छीनकर भाग जाती थी। हमारे एक दोस्त ने कहा कि शायद वह भी चित्रकारी करना चाहती है, इसलिए उसे मौका दीजिए। इस तरह हमने उसे ब्रश दिया।

प्रसिद्ध स्पेनिश कलाकार सल्वाडोर डॉली के नाम पर पालतू पशु का नाम डॉली रखा गया था। डॉली ने जब कैनवस को छुआ तो पति-पत्नी बहुत खुश हुए। फिर उन्होंने उसे चित्रकारी करने देने का फैसला किया। उन्होंने डॉली के लिए एक खास ब्रश बनाया ताकि वह उसे मुंह में रख सके। उसे प्रशिक्षण भी दिया। देबनाथ ने कहा, लोगों ने डॉली की पेंटिंग खरीदने में दिलचस्पी दिखाई तो उन्होंने फैसला किया कि उनकी बिक्री से अर्जित राशि को आवारा कुत्तों के कल्याण के लिए दान किया जाएगा।




● अच्छी कीमत में बिक चुकी हैं डॉली की बनाई कई पेंटिंग, आवारा कुत्तों के कल्याण में खर्च किया जा रहा पैसा

# गाजाः इजराइली हमलों में बच्चों समेत 52 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल बलाह।** इजराइल द्वारा गाजा पट्टी पर किये गए हवाई हमले में चार बच्चों सहित कम से कम 28 फलस्तीनी मारे गए जबकि सहायता वितरण स्थलों की ओर जाते समय लोगों पर की गई गोलीबारी में 24 अन्य की जान चली गई।

अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि दीर अल-बलाह में शुक्रवार देर रात शुरू हुए हवाई हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे और दो महिलाएं हैं। नासिर अस्पताल के मुताबिक, एक पेट्रोलपंप के निकट हमलों में चार लोग और दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में 15 लोग मारे गए। चश्मदीदों ने बताया कि रफा के निकट इजराइल समर्थित अमेरिकी संगठन द्वारा संचालित खाद्य वितरण स्थल पर जाते लोगों पर की गई गोलीबारी में कम से कम 24 अन्य लोग मारे गए।

## तीर्थयात्रा



जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल में शनिवार को तीर्थयात्रा के दौरान अमरनाथ की पवित्र गुफा की ओर रवाना होता भक्तों का एक जत्था। शनिवार को 6639 तीर्थयात्रियों का जत्था जम्मू से अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। अब तक 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। एजेंसी

# गांदरबल में कुर्क कीं तीन आतंकवादियों की संपत्तियां

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे तीन आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर के गांदरबल स्थित संपत्तियां शनिवार को जब्त की गईं।

पुलिस ने बताया कि तीनों की पहचान कुराग के फारूक अहमद राठेर, हाटबुरा के नूर मोहम्मद पार्रे और मध्य कश्मीर जिले के खुरहामा इलाके के मोहम्मद मकबूल सोफी के रूप में हुई है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गांदरबल में पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में शामिल पीओके से सक्रिय तीन आतंकवादियों की 3.2 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के बाद नौ कनाल से अधिक भूमि कुर्क कर ली गई है।

# राष्ट्रीय ध्वज के राजनीतिक और धार्मिक इस्तेमाल पर रोक लगे

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के कदम उठाएं।

याचिका में अधिकारियों को राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राष्ट्रीय ध्वज का पूर्ण सम्मान किया जाए। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ इस याचिका पर सुनवाई करेगी।

याचिका में एक अनुरोध यह भी किया गया, भारत सरकार और भारत निर्वाचन आयोग सहित प्रतिवादियों को एक उचित रिट, आदेश या निर्देश जारी करें ताकि किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग रोका जा सके। इसमें पार्टी के लोगो, धार्मिक प्रतीकों या किसी भी प्रकार के लेख को राष्ट्रीय ध्वज पर लगाने जैसे कृत्य शामिल हैं।



● सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में सरकार को निर्देश देने का आग्रह

# अरुणाचलः बच्चियों के यौन शोषण के आरोपी की हत्या, रोइंग में कर्फ्यू

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की लोअर दिबांग घाटी के रोइंग कस्बे में पड़ोसी राज्य असम से आए एक प्रवासी युवक की भीड़ ने कई बच्चियों का यौन शोषण करने के आरोप में पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया।

आरोपी बोंगईगांव के रियाज उल कुरीम (19) को स्कूल में कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोप में हिरासत में लिया गया। अभिभावकों ने युवक को पकड़ा और उसकी पिटाई की। पुलिस ने उसे लोगों की गिरफ्त से बचाकर हिरासत में लिया लेकिन भीड़ ने पुलिस थाने में घुसकर युवक को बाहर निकाला और उसकी जमकर पिटाई की। अस्पताल ले जाते समय भी उसे फिर से पीटा और अंततः उसकी मौत हो गई।

काउंट डाउन | कल शाम 4:35 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वापस रवाना होगी एक्सिओम- 4 मिशन की टीम

# धरती पर लौटने के बाद 7 दिन पुनर्वास में रहेंगे शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को कैलिफोर्निया तट पर उतरने के बाद सात दिनों तक पुनर्वास में रहेंगे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला 18 दिनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं।

शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री, कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड व हंगरी के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और टिबोर कापू, 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। नासा ने एक बयान में बताया कि चारों अंतरिक्ष यात्री सोमवार, 14 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न चार बजकर 35 मिनट पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होंगे।

इसरो के अनुसार, अंतरिक्ष स्टेशन से अलग होने के बाद कई कक्षीय प्रक्रियाओं को पार कर 'क्रू ड्रैगन' अंतरिक्ष यान 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे कैलिफोर्निया तट के पास उतरेगा। इसरो ने 'एक्सिओम-4' मिशन के बारे में बताया, अंतरिक्ष से वापस आने के बाद शुक्ला को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए फ्लाइट सर्जन की देखरेख में एक कार्यक्रम के तहत लगभग सात दिन पुनर्वास में रहना होगा।

इसरो ने शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा के लिए लगभग 550 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह एक ऐसा अनुभव है, जो अंतरिक्ष एजेंसी को अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में मदद करेगा। गगनयान, 2027 में कक्षा में स्थापित होगा। इसरो के फ्लाइट सर्जन निजी चिकित्सा/मनोवैज्ञानिक सत्रों में भागीदारी के माध्यम से अंतरिक्ष यात्री शुक्ला के समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की निरंतर निगरानी कर रहे हैं।

इसरो ने बताया, शुभांशु का स्वास्थ्य अच्छा है और वह उत्साह से लबरेज हैं। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के भारतीय समयानुसार अपराह्न दो बजकर 25 मिनट पर क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होने, अपने अंतरिक्ष सूट पहनने और पृथ्वी की यात्रा शुरू करने से पहले आवश्यक जांच कराने की उम्मीद है।



### 580 पाउंड से अधिक सामान के साथ लौटेगा ड्रैगन

अंतरिक्ष यान स्वचालित रूप से आईएसएस से अलग होने की प्रक्रिया शुरू करेगा, ताकि धीरे-धीरे गति धीमी हो सके और कैलिफोर्निया में पानी में उतरने (स्पलैशडाउन) के लिए पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर सके। नासा ने एक बयान में बताया, ड्रैगन अंतरिक्ष यान 580 पाउंड से अधिक सामान के साथ वापस आएगा, जिसमें नासा हार्डवेयर और पूरे मिशन के दौरान किए गए 60 से अधिक प्रयोगों का डेटा शामिल है। नासा के मुताबिक, एक्सिओम-4 मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम कॉकटेल और अच्छे लोगों के साथ अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने आखिरी कुछ दिनों का आनंद ले रहे हैं।